जबलपुर रविवार 03 मई 2026 > शक संवत 1948 वैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत 2083

वर्ष 31 अंक 306 > मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com



नंदिनी शर्मा और यास्तिका भाटिया को भारत की

10

# स्वतंत्र मत


स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 930135969 पर कॉल करें।

**मौसम**


अधिकतम तापमान 38.8°C

न्यूनतम तापमान 22.8°C

सूर्योदय - 5.35 | सूर्यास्त - 6.39



कुहू जायसवाल ने आईसीएसई 10वीं 2



पेड्डी रिलीज डेट इवेंट में सुकुमार ने बढ़ाई 7



बेटी राशि बजाज ने शहर को किया गौरवान्वित 8

# दीदी को सुप्रीम झटका

## सुप्रीम कोर्ट का केंद्रीय कर्मचारियों की नियुक्ति पर दखल से इनकार

नई दिल्ली

चुनाव आयोग के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दखल देने से इनकार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि तृणमूल कांग्रेस की यह दलील कि केंद्र सरकार का कोई कर्मचारी अनिवार्य रूप से उनके खिलाफ ही जाएगा, गलत है। कोर्ट ने बताया कि यह गलती दरअसल इसी धारणा में है और इसके बजाय तृणमूल को सरकारी कर्मचारियों पर भरोसा करना चाहिए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग द्वारा जारी एक सर्कुलर का हवाला देते हुए कहा, इसमें कहा गया है कि विभिन्न हलकों से विसंगति को लेकर आशंकाएं जताई गई हैं। वे केंद्र सरकार के एक और प्रतिनिधि की मांग कर रहे हैं। क्या यह राज्य पर उंगली नहीं उठा रहा है? इस पर जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने जवाब दिया, इससे शायद ही कोई फर्क पड़ता है कि वह केंद्र सरकार का नॉमिनी है या नहीं। यह चुनाव आयोग के अपने विवेक पर निर्भर करता है। आपके काउंटिंग एजेंट वहां मौजूद होंगे और दूसरे लोग भी होंगे। फिर काउंटिंग असिस्टेंट,



काउंटिंग सुपरवाइजर और माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे जो केंद्र सरकार के अधिकारी होते हैं। जस्टिस बागची ने कहा, हम यह नहीं मान सकते कि यह अधिसूचना नियमों के विपरीत है, क्योंकि इनमें से एक तो केंद्र सरकार का अधिकारी है, लेकिन बाकी नहीं... पूरी तरह से एक ही समूह में से चयन करना गलत नहीं कहा जा सकता।

### चुनाव आयोग के वकील ने क्या कहा

इसके बाद चुनाव आयोग की तरफ से वरिष्ठ वकील डीएस नायडू ने बोलना शुरू किया। नायडू ने कहा कि पूरी याचिका निराधार आशंकाओं के तहत दाखिल की गई है। चुनाव आयोग के सर्कुलर में ऐसा कहीं नहीं कहा गया है कि मतगणना में राज्य सरकार के कर्मचारियों की कोई भूमिका ही नहीं होगी। यहां तक कि मतगणना कर्मचारियों की नियुक्ति जो रिटर्निंग ऑफिसर करेगा, वह भी राज्य सरकार का ही अधिकारी होता है। आयोग के वकील ने कहा कि पूरा काम नियमों के मुताबिक हो रहा है। सर्कुलर में लिखी गई सभी बातों का पालन होगा और उसी आधार पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके बाद कोर्ट ने कहा, इस मामले में किसी आदेश की ज़रूरत नहीं है। चुनाव आयोग ने कहा है कि सर्क्युलर का पूरी तरह पालन होगा।

### क्या है मामला?

यह याचिका कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें कोर्ट ने टीएमसी की उस अपील को खारिज कर दिया था जिसमें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में वोटों की गिनती के दौरान पर्यवेक्षकों के तौर पर केवल केंद्र सरकार और पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) के कर्मचारियों की तैनाती को चुनौती दी गई थी।

### जजों ने नियमों को स्पष्ट किया?

- मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने नियमों को लेकर स्थिति साफ की।
- उन्होंने कहा कि नियमों में यह विकल्प पूरी तरह से खुला है कि काउंटिंग सुपरवाइजर और काउंटिंग असिस्टेंट केंद्र सरकार के भी हो सकते हैं और राज्य सरकार के भी।
- कोर्ट ने कहा कि जब यह विकल्प खुला हुआ है, तो हम यह बिल्कुल नहीं कह सकते कि चुनाव आयोग का यह नोटिफिकेशन नियमों के खिलाफ है।
- जस्टिस बागची ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग के पास यह अधिकार है कि वह कह सकता है कि दोनों अधिकारी केंद्र सरकार के ही होंगे।




# कांकेर में आईईडी विस्फोट डीआरजी के 4 जवान शहीद

रायपुर

छत्तीसगढ़ के कांकेर से बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां आईईडी धमाके में डीआरजी के 4 जवान शहीद हो गए, जबकि एक जवान घायल है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल के जवान थाना छोटेबेठिया अंतर्गत कांकेर-नारायणपुर जिले के सीमा क्षेत्र में डी-माइनिंग, एरिया डॉमिनेशन व सर्च ऑपरेशन के लिए टीम रवाना हुए थे। जहां पहले से बिछा कर रखी गई बारूदी सुरंग हटाने के दौरान दुर्घटनावश आईईडी में विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि जवानों को भागने का मौका नहीं मिला। हादसे में घायल जवानों का तुरंत रेस्क्यू किया गया, लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी सहित कॉन्स्टेबल कृष्णा कोर्राम और संजय गढपाले ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल जवान परमानंद कोर्राम को बेहतर इलाज के लिए रायपुर एयरलिफ्ट गया था, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में आत्मसमर्पित माओवादी कैडरों ने छिपाए गए आईईडी की जानकारी दी है। सुरक्षा बल लगातार उन्हें निष्क्रिय करने में लगे हुए हैं। शनिवार को कांकेर जिला पुलिस दल आईईडी को निष्क्रिय कर रहा था, तभी उसमें विस्फोट हो गया। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि, सर्च के दौरान सुरक्षाबलों को एक नक्सली डंप भी मिला है। सरेंडर कर चुके नक्सलियों से मिले इनपुट के आधार पर पिछले कुछ महीनों से लगातार आईईडी बरामदगी का अभियान चलाया जा रहा है। आज का अभियान भी उसी का हिस्सा था। इस दौरान हादसा हुआ।

## 'आप' छोड़ने वाले सांसद पर दो एफआईआर



**मोहाली।** 'आप' छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए पंजाब से राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब में दो एफआईआर दर्ज हुई हैं। यह केस भ्रष्टाचार और शोषण से जुड़े हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गैर-जमानती धाराओं में केस दर्ज हुआ है। संदीप पाठक केस दर्ज होने की खबर बाहर आने से पहले दिल्ली स्थित अपने घर के पिछले दरवाजे से निकल गए। दावा किया जा रहा है कि जिस गाड़ी में बैठकर संदीप निकले, वह राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल के नाम पर रजिस्टर्ड है। गाड़ी पर नंबर भी जालंधर का है।

## अरुणाचल में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**तिराप।** अरुणाचल प्रदेश के तिराप जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित निकी सूमी संगठन के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, असम राइफल्स और राज्य पुलिस ने खोंसा के वांचो कॉलोनी में सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान तीनों उग्रवादियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान विंगन अगन, जॉनी रिबा और राजापेयू खेचन खेतेय के रूप में हुई है। सुरक्षा बलों ने इनके पास से दो 7.65एमएम पिस्टल मैगजीन के साथ, नौ 7.65एमएम कारतूस बरामद की है। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई है।

## प. बंगाल : मतगणना से पहले फाल्टा में बवाल

**कोलकाता।** दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा में शनिवार को तनाव फैल गया, जब स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने फाल्टा में पुनर्मतदान की मांग की। उन्होंने कहा कि टीएमसी समर्थक उन्हें धमका रहे हैं। उन्होंने पूरे क्षेत्र में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की भी मांग की ताकि सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात किए हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीआरपीएफ का एक बख्तरबंद वाहन भी लगाया गया है।

# करोड़ों मोबाइल पर एकसाथ अलर्ट मैसेज आया

**नई दिल्ली।** देशभर में शनिवार सुबह 11.45 बजे कई मोबाइल फोन पर एकसाथ सायरन की आवाज सुनाई देने लगी। स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी में एक मैसेज था। सायरन बंद हुआ तो मोबाइल पर मैसेज पढ़कर भी सुनाया गया। इससे कई लोग परेशान हुए, तो कई कन्फ्यूज। यह मैसेज राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, यानी एनडीएमए ने भेजा था। एनडीएमए ने इमरजेंसी में लोगों तक सूचना पहुंचाने के लिए 2 मई को सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम का परीक्षण किया। शनिवार को देश के सभी राज्यों की राजधानियों और दिल्ली-एनसीआर में सभी मोबाइल फोन पर एकसाथ टेस्टिंग मैसेज भेजा गया। यह मैसेज हिंदी और अंग्रेजी के साथ सभी क्षेत्रीय भाषाओं में भी भेजा गया। मैसेज में




बताया गया कि यह केवल परीक्षण है और इस पर कोई एक्शन लेने की जरूरत नहीं है। सरकार ने दो दिन पहले ही मैसेज भेजकर लोगों से अपील की थी कि इमरजेंसी मोबाइल अलर्ट ट्रायल के दौरान यानी टेस्टिंग वाला मैसेज मिलने पर घबराएं नहीं।

# अंडमान ने पानी के नीचे सबसे बड़ा राष्ट्रीय झंडा फहराया

**श्री विजय पुरम।** अंडमान निकोबार प्रशासन ने शनिवार को राधानगर बीच पर पानी के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यह विशाल तिरंगा स्वराज द्वीप (हैवलॉक द्वीप) में समुद्र के भीतर एक जटिल और सटीक समन्वित अभियान के तहत फहराया गया, जिसमें कई एजेंसियों और प्रशिक्षित गोताखोरों ने भाग लिया। इस तिरंगे की लंबाई 60 मीटर है जबकि चौड़ाई 40 मीटर है। कार्यक्रम को देखने के लिए उपराज्यपाल डी के जोशी, मुख्य सचिव चंद्र भूषण कुमार और पुलिस महानिदेशक एचएस धालीवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी



गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना

मौजूद थे। अंडमान निकोबार पुलिस, वन विभाग, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के कर्मियों के साथ-साथ विभिन्न गोताखारी केंद्रों के गोताखोरों ने पानी के भीतर ध्वज फहराने के इस जटिल अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। सुबह 10.35 बजे, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के निर्णायक ऋषि नाथ ने औपचारिक रूप से इस उपलब्धि की पुष्टि की और जोशी को प्रमाणपत्र प्रदान किया। सभा को संबोधित करते हुए जोशी ने इस उपलब्धि को द्वीपों की विशिष्ट उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए इसमें शामिल लोगों के समन्वय और समर्पण की सराहना की। प्रशासन रविवार को स्वराज द्वीप के लाइटहाउस डाइव साइट पर सबसे ऊंचा मानव पिरामिड बनाने का एक और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगा, जिसमें उपराज्यपाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद है।

# बैंक के नियम इंसानियत से बड़े हैं?

## नवीन पटनायक ने वित्त मंत्री को लिखी चिट्ठी, जिम्मदारों पर कार्रवाई की मांग



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के केओंझार जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरे देश को झकझोर दिया है। एक आदिवासी व्यक्ति को अपनी बहन की मौत साबित करने के लिए उसकी हड्डियां बैंक के बाहर लानी पड़ीं। इस घटना पर बीजेडी प्रमुख और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने इस पूरे मामले को अमानवीय बताया और जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। 27 अप्रैल को केओंझार के मलिपोसी शाखा में यह घटना हुई। जीतू मुंडा नाम के व्यक्ति ने अपनी मृत बहन की हड्डियां बैंक के बाहर रखीं। वह 20 हजार रुपये निकालना चाहता था, लेकिन बैंक ने फिजिकल प्रेजेंस मांगी। कई बार बैंक जाने के बावजूद उसे मदद नहीं मिली। मजबूरी में उसने यह कदम उठाया, जिससे मामला सुर्खियों में आ गया। पटनायक ने इस घटना को अमानवीय और शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि नियम लोगों को सशक्त बनाने के लिए होते हैं, अपमान करने के लिए नहीं। बैंक द्वारा आरबीआई नियमों का हवाला देने को उन्होंने गलत बताया। उन्होंने कहा कि यह नागरिकों के साथ विश्वासघात है। उन्होंने केंद्र से तुरंत कार्रवाई की मांग की। पटनायक ने दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। उन्होंने ग्रामीण बैंकों में मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने की अपील करते हुये नियमों को सरल और नागरिक हित में बनाने पर जोर दिया।

### बैंक की भूमिका पर उठे सवाल

- बैंक अधिकारियों पर संवेदनहीन व्यवहार का आरोप लगा।
- जरूरतमंद व्यक्ति को सही जानकारी और सहायता नहीं दी गई।
- नियमों के नाम पर इंसानियत को नजरअंदाज किया गया।
- यह घटना ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।
- आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में सेवा पर चिंता बढ़ी है।

# राहुल के वॉयस सैंपल का मिलान कराने की अर्जी खारिज

**सुलतानपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में शनिवार को कोर्ट ने आदेश सुनाया। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र की ओर से राहुल गांधी के वायस सैंपल का विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिलान कराने के लिए दी गई अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने बहस के लिए 11 मई की तिथि तय की है। साथ ही राहुल गांधी को जमानत नामा दाखिल करने का आदेश दिया है। बीते 22 अप्रैल को कोर्ट ने सुनवाई कर आदेश के लिए दो मई की तिथि



तय की थी। राहुल गांधी पर वर्ष 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर बेंगलुरू में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए हत्यारा कहने का आरोप है।

# 12 राज्यों के जंगलों में भड़की आग

## 634 घटनाओं के साथ मध्यप्रदेश सबसे ज्यादा प्रभावित

नई दिल्ली

देशभर में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। इस बीच 12 राज्य जंगल की आग की चपेट में हैं। सैटेलाइट डेटा के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के जंगलों में सैकड़ों लार्ज फॉरेस्ट फायर की घटनाएं दर्ज की गई हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, कम से कम 10 जंगल की आग लगातार तीन दिनों से अधिक समय तक जलती हुई पाई गई। मध्य भारत का मध्य प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित राज्य है। उत्तर में उत्तराखंड, पश्चिम में गुजरात और दक्षिण में आंध्र प्रदेश तक... भारत के 12 से अधिक राज्यों में बड़े पैमाने पर आग लगने से वन क्षेत्र के विशाल भूभाग जल गए हैं। एफएसआई के आंकड़ों के अनुसार, भारत के लगभग आधे वन क्षेत्र आग लगने की आशंका वाले हैं। हालांकि, अप्रैल महीने में जंगल में लगी इस आग के वजह से किसी भी मानव के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन उत्तराखंड से लेकर आंध्र प्रदेश तक फैले इन जंगलों में लगी आग वन्यजीवों के लिए काल बन रही है और पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंचा रही है। पिछले कुछ दिनों




मध्यप्रदेश 634 बड़ी आग की घटनाओं के साथ देश में सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य बनकर उभरा है। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में 465-465 और आंध्र प्रदेश में 400 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं। इसके अलावा पूर्वोत्तर में जहां के जंगलों में आग लगने की सबसे अधिक संभावना होती है, असम में 190 आग की घटनाएं और मणिपुर में 128 घटनाएं दर्ज की गईं। जंगलों में आग लगने की घटनाओं में देश के मध्य और दक्षिणी हिस्से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उत्तराखंड में जंगल की आग से कम से कम 130 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई है। चार धाम तीर्थयात्रा मार्ग के कई हिस्सों में भी आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं।

## सरकारी अस्पताल के मुकाबले 16 गुना ज्यादा खर्च के बाद भी

# निजी अस्पतालों से आ रहे नये मेहमान

नई दिल्ली

नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसओ) की ताजा स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार, प्राइवेट अस्पतालों में बच्चे के जन्म का खर्च सरकारी सुविधाओं की तुलना में लगभग 16 गुना ज्यादा होता है। निजी देखभाल की ओर बढ़ते रुझान के कारण लोगों का अपनी जेब से होने वाला खर्च भी बढ़ रहा है। सर्वे से पता चलता है कि पिछले एक साल में निजी अस्पतालों (सरकारी सुविधाओं सहित) में हर बच्चे के जन्म पर औसत अपनी जेब से किया गया खर्च 37,630 रुपये रहा, जबकि सरकारी अस्पतालों में यह खर्च 2,299 रुपये था। यह खर्च में एक बड़ा अंतर दिखाता है। यह अंतर तब भी काफी ज्यादा रहता है, जब आम खर्च को ध्यान में रखा जाता है। निजी अस्पतालों में हर बच्चे के जन्म पर औसत खर्च 32,000 रुपये है, जबकि सरकारी सुविधाओं में यह 801 रुपये है। यह उन परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को



दिखाता है, जो निजी अस्पतालों में इलाज करवाना चुनते हैं। सर्वेक्षण में निजी देखभाल की ओर धीरे-धीरे बढ़ते रुझान की भी ओर इशारा किया गया है। इसके अनुसार, निजी अस्पतालों में होने वाले प्रसवों का हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में 21.3 प्रतिशत से बढ़कर 28.8 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 47.8 प्रतिशत से बढ़कर 50.8 प्रतिशत हो गया है। मामले पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है, अधिक लागत के बावजूद कई लोग बेहतर पहुंच, चौबीसों घंटे उपलब्ध सेवाओं और गुणवत्ता की बेहतर धारणा के कारण निजी अस्पतालों को प्राथमिकता देते हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की बदलती सीमाओं तथा निजी सेवा प्रदाताओं की बढ़ती मौजूदगी के चलते निजी देखभाल पर निर्भरता बढ़ी है।

### गांवों में सरकारी अस्पतालों में डिलीवरी

कुल मिलाकर, ज्यादातर डिलीवरी अभी भी सरकारी सुविधाओं में ही होती हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों में। जबकि शहरी भारत में प्राइवेट अस्पतालों की भूमिका ज्यादा बड़ी है। इस बीच, संस्थागत डिलीवरी अब आम बात हो गई है और कुल जन्मों में इनकी हिस्सेदारी 96.2 प्रतिशत है। 2017-18 से 2025 के बीच ग्रामीण इलाकों में यह 90.5 प्रतिशत से बढ़कर 95.6 प्रतिशत हो गई और शहरी इलाकों में 96.1 प्रतिशत से बढ़कर 97.8 प्रतिशत हो गई, जो सुविधाओं तक पहुंच में लगातार हो रहे सुधार को दिखाता है।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में योग की गूंज, विधायक एवं अतिथियों ने बेटियों को किया सम्मानित

शहडोल (स्वतंत्रमत)

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र विधायक मनीषा सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बेटियों का शारीरिक और मानसिक सशक्तिकरण रहा, जिसके लिए विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया।




### योग से व्यक्तित्व विकास का मंत्र

कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग विशेषज्ञ योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला ने उपस्थित लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को योग का अभ्यास कराया। उन्होंने बच्चों को एकाग्रता बढ़ाने, तनाव मुक्त रहने और आत्मविश्वास जागृत करने के लिए विभिन्न आसन और ध्यान की क्रियाएं सिखाईं। योगाचार्य ने बेटियों से संवाद करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। यदि बेटियां बचपन से ही योग को अपनाती हैं, तो वे भविष्य में हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए मानसिक रूप से तैयार होंगी। बेटियां कैसे अपने आप को संस्कारित एवं चरित्रवान बनाए रखते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकती यह योग हमे सिखाता है। विधायक मनीषा सिंह ने सभी लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना को प्रदेश की बेटियों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली योजना बताया। उन्होंने कहा की बेटियां सशक्त हैं और प्रदेश सरकार उनके जन्म से लेकर शिक्षा और करियर तक हर कदम पर साथ खड़ी है। विधायक महोदया ने बेटियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ऐसी बेटियों को जो राष्ट्रीय स्तर पर खेल एवं विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया उन्हें प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

### वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, आनंद अग्रवाल, संजीता सिंह आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विभाग द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के लाभों पर प्रकाश डाला गया और बेटियों को समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया गया। अन्त में अतिथियों ने कलेक्ट्रेट परिसर के लाड़ली लक्ष्मी पार्क में पौधा रोपण किया।



# कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित शिविर

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जनजातीय कार्य विभाग के कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव की उपस्थिति में शासकीय बालक हाईस्कूल सोहागपुर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 59 कर्मचारियों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। संभागीय उपायुक्त श्री यादव ने आवेदनों की प्रत्यक्ष सुनवाई करते हुए शिविर में उपस्थित सहायक आयुक्त एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को प्रत्येक समस्या के निराकरण हेतु समय-सीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से पूर्व में जारी क्रमोन्नति एवं समयमान की एरियर राशि के भुगतान, समयमान एवं क्रमोन्नति से वंचित प्रकरण, अर्जित अवकाश भुगतान तथा अन्य स्वत्वों के निराकरण संबंधी आवेदन शामिल रहे। संभागीय उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का निराकरण कर संबंधित कर्मचारियों को वांछित लाभ प्रदान किया जाए तथा उन्हें निराकरण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कोष एवं लेखा कार्यालय रीवा में वेतन निर्धारण संबंधी लंबित प्रकरणों की नामवार सूची प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए, ताकि समन्वय स्थापित कर शीघ्र निराकरण कराया जा सके। शिविर में सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा, सहायक संचालक जगदीश प्रसाद नापित, सहायक संचालक संजय पाण्डेय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र तिवारी, ललित पाण्डेय, दिलीप निगम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कुहू जायसवाल ने आईसीएसई 10वीं में 91 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

**बुढार (स्वतंत्रमत)।** जिले के बुढार निवासी कुहू जायसवाल ने एमजीएम स्कूल से आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है और क्षेत्र में भी खुशी की लहर है। कुहू की इस सफलता पर उनके पिता पत्रकार एवं मध्यप्रदेश मीडिया संघ के अध्यक्ष सी.पी. जायसवाल एवं सभी परिजनों, शुभचिंतकों और पत्रकार साथियों ने उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिवारजनों के अनुसार कुहू शुरू से ही पढ़ाई मे मेहनती, अनुशासित और लगनशील रही हैं। अपनी सफलता का श्रेय कुहू ने अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। कुहू की इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।



# डायल 112 ने रास्ता भटके 10 वर्षीय बालक को सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले के थाना बुढ़ार क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशील एवं तत्पर कार्रवाई से घर का रास्ता भटक गए 10 वर्षीय बालक को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया। समय पर की गई इस मानवीय पहल से बालक को सुरक्षा एवं परिवार का सान्निध्य पुनः प्राप्त हो सका। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल में सूचना प्राप्त हुई कि थाना बुढ़ार क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज तिराहा के पास एक 10 वर्षीय बालक अकेला मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है। पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही बुढ़ार थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफ आरक्षक प्रिंस अग्रवाल एवं पायलट पंकज लोधी ने बालक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। बालक से स्नेहपूर्वक बातचीत करने पर बालक ने बताया कि वह बरतरा गाँव का निवासी है। डायल-112 टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालक के बताए स्थान के आधार पर उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया एवं उन्हें मौके पर बुलाया। बालक द्वारा पहचान एवं आवश्यक सत्यापन उपरांत उसे सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालक के सुरक्षित मिलने पर परिजनों द्वारा डायल-112 सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया। डायल-112 जवानों की संवेदनशील एवं समर्पित कार्यवाही से एक मासूम बालक को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुँचाया जा सका। डायल-112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस की डायल-112 सेवा आमजन, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता हेतु सदैव सजग, संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है।

# निगवानी खरीदी केंद्र पर कलेक्टर की सख्ती! तौल-भंडारण की जांच, खराब चावल लौटाने के आदेश

डिंडौरी(स्वतंत्र मत)

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले के निगवानी स्थित गेहूं उपार्जन खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर मौजूद किसानों से सीधा संवाद कर खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं, तौल, भंडारण एवं किसानों को दी जा रही सुविधाओं की गहन समीक्षा करते हुए केंद्र प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जाए, ताकि किसानों को समय पर और बिना परेशानी के लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निगवानी वेयरहाउस में रखे चावल के लॉट की गुणवत्ता भी जांची, जिसमें गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाई गई। इस पर वेयरहाउस प्रभारी ने बताया कि चावल खनुजा राइस मिल एवं मां नर्मदा राइस मिल से प्राप्त हुआ है। कलेक्टर ने तत्काल गुणवत्ताहीन चावल को वापस करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक, एसडीएम रामबाबू देवागन, तहसीलदार शांशक शिंदे, खाद्य अधिकारी कृष्ण कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपलब्ध कराए जाएंगे स्वास्थ्य किट

शहडोल (स्वतंत्रमत)। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी सरोधन सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु आवश्यक स्वास्थ्य किट उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मांग अनुसार ओ.आर.एस. का घोल एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि जनगणना कार्य के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

# एनटीपीसी विंध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2026 का भव्य आयोजन

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)

एनटीपीसी विंध्याचल ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2026 को पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर परियोजना एवं टाउनशिप के अंतर्गत 20 विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। विभागाध्यक्षों एवं इंजीनियर्स-इन-चार्ज द्वारा श्रमिकों को सम्मानित किया गया और उनके समर्पण, कड़ी मेहनत तथा संगठन की प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के कल्याण और सुरक्षा को विशेष महत्व दिया गया। विभिन्न स्थलों पर सेफ्टी पेप टॉक, श्रम अधिकारों से संबंधित जागरूकता सत्र तथा स्वास्थ्य एवं वेलनेस कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से एनटीपीसी ने सुरक्षित कार्य वातावरण, कर्मचारी हितों और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया। स्टेज-ढ्ढढ्ढ ईएमडी वर्कशॉप में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात ईएमडी विभाग के 20 संविदा श्रमिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ एवं परियोजना) तथा डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा) सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे।



# क्या अब डिंडौरी जुड़ेगा रेल नेटवर्क से..? भाजपा जिला अध्यक्ष ने पी.एम. को लिखा पत्र

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चमक सिंह नेताम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर महाकौशल एवं नर्मदा उद्गम क्षेत्र के आदिवासी अंचलों के समग्र विकास के लिए नई रेल परियोजनाओं को स्वीकृति देने की मांग की है। दरअसल भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा प्रेषित पत्र में बताया गया है कि मध्यप्रदेश के डिंडौरी, मंडला एवं छत्तीसगढ़ के पेंड्रारोड, बिलासपुर और अमरकंटक क्षेत्र आज भी पर्याप्त रेल संपर्क से वंचित हैं। यह पूरा क्षेत्र जनजातीय बहुल होने के साथ प्राकृतिक संसाधनों, धार्मिक आस्था और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन रेल अधोसंरचना के अभाव में विकास की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पाया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि अमरकंटक मां नर्मदा का उद्गम स्थल होने के कारण राष्ट्रीय स्तर का प्रमुख तीर्थ है, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके बावजूद सीधी रेल सुविधा न होने से यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं डिंडौरी और मंडला जिले भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम होने के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में पिछड़े हुए हैं। जिला अध्यक्ष नेताम ने दो प्रमुख रेल परियोजनाओं पेंड्रारोड-अमरकंटक-डिंडौरीङ्कजबलपुर रेल लाइन और मंडला-डिंडौरी-अमरकंटक-बिलासपुर रेल लाइन की स्वीकृति की मांग की है। उनका कहना है कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच संपर्क सुदृढ़ होगा तथा पर्यटन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। पत्र के अंत में केंद्र सरकार से इन परियोजनाओं के सर्वे, डीपीआर निर्माण एवं शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया गया है। नेताम ने इसे क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताया है।




# ब्लॉक-बी परियोजना द्वारा ग्राम मुहेर में पोषण आहार वितरण शिविर आयोजित

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)

शनिवार को ग्रामङ्कमुहेर में ब्लॉकङ्कबी परियोजना द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के उद्देश्य से पोषण आहार वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंपनी की सामुदायिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें आवश्यक पोषण सहायता प्रदान करना रहा। इस अवसर पर ब्लॉकङ्कबी क्षेत्र के महाप्रबंधक पी. के. त्रिपाठी, स्टाफ अधिकारी (एचआर) मो. फहेद, डॉ. रवि शंकर ठाकुर एवं प्रबंधक (एचआर) राजू चौरासे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। पी. के. त्रिपाठी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए स्वच्छता, संतुलित एवं पोषक आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं साफ-सफाई के प्रति विशेष सजगता बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने उपस्थित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। शिविर में 202 लाभार्थियों को पोषण आहार का वितरण किया गया।



### दिवाकर कौशिक, सीईओ (एनएसपीसीएल) एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) द्वारा विंध्य मसाला की वेबसाइट व ऐप का किया गया शुभारंभ

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)

एनटीपीसी विंध्याचल ने डिजिटलाइजेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए विंध्य मसाला की वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री दिवाकर कौशिक, सीईओ (एनएसपीसीएल) एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक(उत्तर) ने इन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उद्घाटन किया। ईडीआईआई (श्वष्ठढ्ढढ्ढ) के सहयोग से सीएसआर पहल के अंतर्गत विकसित विंध्य मसाला उत्पादन इकाई को इसकी विशिष्टता, समुदाय-केंद्रित दृष्टिकोण, आजीविका सृजन की क्षमता और दीर्घकालिक स्थिरता के लिए व्यापक सराहना मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान ऑर्डरिंग प्रक्रिया पर आधारित एक लघु प्रदर्शन वीडियो भी दिखाया गया। यह पहल स्टेशन की समावेशी विकास और सतत सामाजिक-आर्थिक उन्नति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वेबसाइट और मोबाइल ऐप का सफलतापूर्वक डिजाइन एवं विकास श्री धीर सिंह चौहान, उप महाप्रबंधक (सी एंड आई) द्वारा किया गया।



# खनिक अभिनंदन दिवस-2026 के अवसर पर उत्कृष्ट कोयला क्षेत्र, इकाई एवं कर्मी सम्मानित हुए

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)

एनसीएल में शुक्रवार को खनिक अभिनंदन दिवस- 2026 के अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कोयला क्षेत्रों, इकाइयों व कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी एनसीएल परियोजनाओं को विभिन्न मानकों पर दो श्रेणियों (ए और बी) में बांटा गया था। पहली श्रेणी में सालाना 15 मिलियन टन से अधिक तथा दूसरी श्रेणी में 15 मिलियन टन से कम कोयला उत्पादन करने वाले क्षेत्रों को रखा गया। सर्वाधिक कोयला उत्पादन के लिए ग्रुप ए में जयंत तथा ग्रुप बी में बीना और सर्वाधिक विभागीय अधिभार हटाव के लिए दूधीचुआ (ग्रुप ए) एवं बीना क्षेत्र (ग्रुप बी) को सर्वश्रेष्ठ परियोजना के रूप में चुना गया। विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2025-26 में कोयला उत्पादन में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए श्रेणी ए में जयंत तथा श्रेणी बी में ब्लॉक-बी, तथा विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2025-26 में कोयला प्रेषण में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए श्रेणी ए में दूधीचुआ एवं श्रेणी बी में ब्लॉक-बी परियोजना को सम्मानित किया गया। विगत वर्ष की तुलना में विभागीय अधिभार हटाव में अधिकतम प्रतिशत वृद्धि के लिए अमलोरी व बीना को पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक क्षमता उपयोगिता के लिए जयंत व झिंगुरदा, विगत वर्ष की तुलना में कोयला स्टॉक में सर्वाधिक प्रतिशत कमी के लिए अमलोरी व झिंगुरदा, कोयले के प्रतिशत ग्रेड की स्वीकृति के लिए खड़िया व ब्लॉक-बी, सर्वाधिक विभागीय ओएमएस के लिए जयंत व बीना, प्रति टन न्यूनतम उत्पादन लागत की श्रेणी में जयंत व कृष्णशिला, सर्वाधिक अनुमानित लाभप्रदता के लिए जयंत व कृष्णशिला चयनित हुए। पूर्व वर्ष की तुलना में डीजल खपत में सर्वाधिक प्रतिशत कमी के लिए दूधीचुआ व झिंगुरदा, न्यूनतम बिजली खपत में अमलोरी व बीना पुरस्कृत हुए। पाउडर फैक्टर की श्रेणी में कोयले के लिए खड़िया व झिंगुरदा, अधिभार हटाव (शॉवेल-डंपर) के लिए जयंत व ककरी, अधिभार हटाव (ड्रैगलाइन) के लिए दूधीचुआ व बीना पुरस्कृत हुए। भारी मशीनों की सर्वाधिक उपलब्धता की श्रेणी में ड्रैगलाइन के लिए अमलोरी एवं बीना, शॉवेल के लिए दूधीचुआ व ब्लॉक-बी तथा डंपर के लिए दूधीचुआ व झिंगुरदा विजेता बनी। भारी मशीनों की सर्वाधिक उपयोगिता की श्रेणी में ड्रैगलाइन के लिए खड़िया एवं बीना, शॉवेल के लिए जयंत व ब्लॉक-बी तथा डंपर के लिए जयंत व झिंगुरदा ने बाजी मारी। पूर्व वर्ष की तुलना में शॉवेल-डंपर प्रणाली की क्षमता के उपयोग में सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि के लिए अमलोरी व ब्लॉक-बी विजेता बने। निगमित सामाजिक दायित्व के बजट के सर्वाधिक प्रतिशत उपयोग के लिए खड़िया को पुरस्कार से नवाजा गया 7 बजट के सापेक्ष सर्वाधिक प्रतिशत पूंजीगत व्यय के लिए (ग्रुप बी) कृष्णशिला, सर्वाधिक अवधि के लिए शून्य दुर्घटना की श्रेणी में खड़िया व बीना को चुना गया। पिछले पांच वर्ष में न्यूनतम/शून्य दुर्घटना के लिए खड़िया व झिंगुरदा को विशिष्ट पुरस्कार दिया गया। पर्यावरण मानकों के बेहतरीन अनुपालन के लिए अपनी-अपनी श्रेणियों में खड़िया व ब्लॉक-बी, सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक सम्बन्ध के लिए (ग्रुप बी से) बीना पुरस्कृत हुए। इसके साथ ही अमलोरी व ककरी को विगत वर्ष की तुलना में इन्वेंटरी में सर्वाधिक प्रतिशत कमी के लिए विशिष्ट पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर एनसीएल की विभिन्न इकाइयों को अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में एनएससी को सीएसआर बजट के शत-प्रतिशत से अधिक उपयोग के लिए वहीं, सीडब्ल्यूएस, जयंत को जेम पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं एवं सेवाओं की सर्वाधिक खरीद के लिए सम्मानित किया गया 7 इसके अतिरिक्त, एनसीएल मुख्यालय को औद्योगिक संबंधों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य लिए 'आईआर एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु 60 से अधिक कर्मियों एवं संविदा कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विगत वर्ष 2025-26 में आयोजित विभिन्न कोल इंडिया अंतर कंपनी स्तरीय स्पोर्ट्स स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक या प्रथम स्थान तथा ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर स्पर्धा में विजेता स्थान अर्जित करने वाले विभिन्न खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।



# गर्मी के तीखे तेवरों पर बादलों का पहरा

## मौसम के यू-टर्न के बाद बारिश और बूंदाबांदी से मिली राहत, आंधी ने बढ़ाई आफत



जबलपुर।

शहर में पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और उमस के बीच बीते 3-4 दिनों में मौसम ने अचानक करवट ली है। तेज धूप के बाद हुई हल्की बूंदाबांदी ने जहां शहरवासियों को चिलचिलाती गर्मी से राहत दी, वहीं 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने शहर की व्यवस्थाएं बिगाड़ दीं। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को जबलपुर का अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री रहा। शाम को आए अचानक बदलाव से तापमान में गिरावट तो आई, लेकिन तेज अंधड़ के कारण शहर के कई इलाकों में पेड़ गिर गए, जिससे यातायात बाधित हुआ। मौसम बदलते ही कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई, जिससे नागरिकों को घंटों अंधेरे में रहना पड़ा। हालांकि, बिजली विभाग की टीमों ने त्वरित कार्रवाई कर आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया।

### 5 मई तक राहत के आसार

मौसम विभाग ने जबलपुर सहित प्रदेश के 21 जिलों (ग्वालियर, शिवपुरी, रीवा, सतना आदि) में आंधी, बारिश और वज्रपात (बिजली गिरने) की चेतावनी जारी की है। विशेषज्ञों के अनुसार, वर्तमान में हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव आया है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 5 मई तक प्रदेश में इसी तरह का मौसम बने रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों तक शाम के समय हल्की बारिश और ठंडी हवाएं चल सकती हैं, जिससे तापमान में बहुत अधिक वृद्धि नहीं होगी और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलती रहेगी।

### बारिश-आंधी का अलर्ट

मौसम वैज्ञानिकों ने जबलपुर समेत ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, सिवनी, मंडला, और बालाघाट में बारिश/आंधी का अलर्ट जारी किया है। इसके विपरीत भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, रतलाम, सागर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, कटनी, उमरिया, शहडोल, रीवा, मऊगंज, सीधी, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा और सिंगरौली में गर्मी का असर बना रहेगा।



# चलती ट्रेन में घायल हुआ बालक रेलवे ने तुरंत पहुंचाई मदद

### सिर पर लगी थी गहरी चोट, नरसिंहपुर स्टेशन के पास हुई घटना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पवन एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक बालक के घायल होने की सूचना प्राप्त होते ही जबलपुर रेल मंडल द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। रेल मदद 139 से प्राप्त जानकारी के अनुसार, समस्तीपुर से मुंबई की यात्रा कर रहे यात्री रोहित कुमार के लगभग 4-5 वर्षीय पुत्र के सिर में चोट लगने से खून बह रहा था। यह सूचना कमर्शियल विभाग के माध्यम से नरसिंहपुर स्टेशन पर प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही ट्रेन के नरसिंहपुर स्टेशन पहुंचने पर रेलवे चिकित्सक डॉ. आरआर कुर्रे अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल बालक का प्राथमिक उपचार किया।

### तुरंत किया गया उपचार

बालक के सिर पर लगी चोट की सफाई कर बेटाडिन से ड्रेसिंग की गई तथा आवश्यक दवाएं दी गईं। साथ ही, बच्चे के हाथ में लगी चोट का भी समुचित उपचार किया गया। समय पर उपलब्ध कराए गए उपचार से बालक की स्थिति सामान्य हो गई। यात्री रोहित कुमार ने रेलवे प्रशासन एवं चिकित्सक टीम का आभार व्यक्त करते हुए त्वरित सहायता के लिए धन्यवाद दिया। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा के दौरान बच्चों का विशेष ध्यान रखें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके और यात्रा सुरक्षित एवं सुखद बनी रहे।

# उत्तर विधानसभा में लगाए जा रहे उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर : विधायक पाण्डेय



**जबलपुर।** उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने शनिवार को सेवा सदन में उत्तर मध्य विधानसभा में चल रहे पुराने तारों को बदलने एवं उनमें केबलीकरण, नए खंभों को लगाने, नए उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाने एवं आगमी मानसून को देखते हुए पूर्व में ही मेंटनेंस कार्य को सम्पन्न करने के लिए मध्यप्रदेश विद्युत विभाग के अधिकारियों और विधानसभा अंतर्गत आने वाले व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की एवं इससे जुड़े प्रमुख विषय एवं समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि उत्तर मध्य विधानसभा के अंतर्गत हम बिजली की समस्याओं को लेकर लगातार सक्रियता से काम कर रहे हैं। ऋष्ठस्स योजना के माध्यम से पूरे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण और केंद्रीकरण किया जा रहा है, जिसमें नए ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य भी शामिल है। प्रमुख अधिकारियों एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक डॉ पाण्डेय ने बताया कि आज हमने (मप्र विद्युत मंडल) के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें डी.ई. अरोरा जी और अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे, के साथ बैठक की। इस बैठक में हमारे पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी जनता की समस्याओं को मजबूती से रखा।

# राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लिए गए कई निर्णय



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नीति आयोग, लागत मूल्य आयोग एवं कृषि से जुड़ी शासकीय संस्थाओ मे देश के वास्तविक किसान प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित हो, किसानों के बजट में बढ़ोतरी व कृषि नीति में परिवर्तन किया जाए, कृषक समाज की मांग। किसानों के गैर राजनैतिक, वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन भारत कृषक समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक गुजरात के अहमदाबाद में राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। देश के सभी प्रांतों से राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यो ने बैठक में भाग लिया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. केके अग्रवाल ने बताया की बैठक में अध्यक्ष द्वारा विगत वर्ष की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं इस वर्ष के लक्ष्यों की जानकारी दी गई, उन्होंने बताया की कृषि नीति व देश के किसानों की महती समस्याओं को लेकर नीति आयोग, कृषि लागत मूल्य आयोग, केंद्रीय वित्त एवं कृषि मंत्री तथा सचिव स्तर के उच्च अधिकारियों के साथ बैठके आयोजित कर समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव एवं सरकार पर दवाब बनाने के निरन्तर प्रयास किये जा रहें हैं। बैठक में गांव, खेत, किसान के बजट को अपर्याप्त बताते हुए, बढ़ाने की मांग के साथ आबंटित बजट की लगभग आधी राशि के खर्च न होने व लेप्स होने पर चिंता व्यक्त की गई।

बैठक मे कृषि नीति के निर्धारण एवं किसानों के लिए सरकार के निर्णय में किसानों के सुझावों को प्रमुखता दिये जाने तथा कृषि से जुड़ी संस्थाओ मे देश के विभिन्न हिस्सों से किसानों के वास्तविक प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने की मांग के साथ समर्थन मूल्य, मंडी, आयात- निर्यात, विश्व व्यापार संगठन के बढ़ते दबाव, कृषि आदानो की कमी, एवं बढ़ते दामों से खेती की लागत मे बढ़ोतरी आदि समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य दिल्ली से लोकेन्द्र सिंह, महाराष्ट्र से मुरलीधर पाटिल, डॉ वसंत लुंगे, तमिलनाडु से के आर अंडूगौडर,पंजाब से मेजर मनमोहन सिंह, सुखपाल भुल्लर, हरयाणा से चांदबीर सिंह, कर्नाटक से मनोज सिंह हजारी, ओड़िसा से प्रदीप मोहन्ती, देबा स्मिता, चौधरी भारत सिंह, वेस्ट बंगाल से हसानू जमाल, बिहार से मनोज झा, राजस्थान से डॉ आर एस जाखड़, उत्तरप्रदेश से विजय दीक्षित सहित झारखंड, कश्मीर, तेलंगाना, गुजरात आदि प्रदेशो के कृषक प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किये जिन्हे केंद्र सरकार को सौपे जाने वाली शिफारिशो के ड्राफ्ट में शामिल किया गया।



## बरगी में हुई ह्दय विदारक घटना पर कायस्थ महासभा ने दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की मासिक बैठक प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमे गत दिवस बरगी मे हुई ह्दय विदारक घटना पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, सुधीर खरे, विवेक खरे, डा संदीप माथुर, डॉ सोनल खरे, निर्मला श्रीवास्तव, शालिनी निगम, नवनीत श्रीवास्तव, वीना श्रीवास्तव आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सूखी पड़ी हिरन नदी बन गयी खेल का मैदान



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** भीषण गर्मी के बीच जीवनदायनी हिरन नदी पूरी तरह सूख चुकी है। खितौला प्लांट के पास नदी का तल अब खेल के मैदान जैसा नजर आ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि मवेशियों तक को पीने के लिए पानी उपलब्ध नहीं है, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार गिरते भूजल स्तर ने संकट को और गंभीर बना दिया है। कुएं और हैंडपंप सूखने की कगार पर हैं, जबकि सिहोरा नगर भी जल संकट की चपेट में आ गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जनप्रतिनिधि लगातार यह दावा कर रहे हैं कि बरगी दाएं तट मुख्य नहर से हिरन नदी में पानी छोड़ा गया है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। नदी पूरी तरह सूखी पड़ी है, जिससे ये दावे महज झूठी वाह वाही बटोरने तक सीमित नजर आ रहे हैं। नर्मदा विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार बरगी डैम से ही नहर में पानी नहीं छोड़ा गया है, ऐसे में नदी तक पानी पहुंचना संभव नहीं है। सवाल यह है कि आखिर कब तक जनता को भ्रम में रखकर जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से बचते रहेंगे।

इनका कहना

'बरगी दाएं तट की मुख्य नहर में पानी ही नहीं है, ऐसे में हिरन नदी में पानी कैसे छोड़ा जा सकता है। नहर में जैसे ही पानी आएगा, तत्काल उसे हिरन नदी में छोड़ दिया जाएगा।'

**अनिल तिवारी, ईई, नर्मदा विकास विभाग, सिहोरा**

# सीएसएमटी-गोरखपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेलवे द्वारा समर के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से यात्रा मांग पर चल रही गाड़ी संख्या 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस स्पेशल ट्रेन को विस्तारित करते हुए समर स्पेशल के अंतर्गत चलाने का निर्णय रेल प्रशासन द्वारा लिया गया है। यह समर स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, भोपाल एवं बीना स्टेशनों से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 01079 सीएमएमटी से गोरखपुर समर स्पेशल ट्रेन दिनाँक 15 मई से 15 जुलाई 2026 तक (62 ट्रिप) प्रतिदिन सीएमएमटी स्टेशन से रात 22.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी दोपहर 13.05 बजे, भोपाल 15.55 बजे, बीना 18.15 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए तीसरे सुबह 10ः00 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01080 गोरखपुर से सीएमएमटी समर स्पेशल ट्रेन दिनाँक 17 मई से 17 जुलाई 2026 तक (62 ट्रिप) प्रतिदिन गोरखपुर स्टेशन से दोपहर 14.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन बीन सुबह 06.10 बजे, भोपाल 08.30 बजे, इटारसी 10.30 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन मध्यरात्रि 00.40 बजे सीएमएमटी स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपूर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशनों पर रुकेगी।



## श्रीमती ऊषा भार्गव जी का निधन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शारदा कॉलोनी शक्तिनगर निवासी 81 वर्षीय श्रीमती ऊषा भार्गव का शनिवार शाम आकस्मिक निधन हो गया हैं। वे धर्मेंद्र भार्गव, मृगेंद्र भार्गव की मां और जबलपुर की पूर्व मेयर इंद्रा शर्मा, सेवानिवृत आईजी स्व. प्यारेलाल शर्मा जी की सुपुत्री थी। उनका काफी समय से इलाज चल रहा था। अंतिम यात्रा 3 मई को प्रातः 10:30 बजे निज निवास 189 पावन भूमि, शारदा कॉलोनी साईं मंदिर के पीछे शक्तिनगर से ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



# जेएनकेवीवी के चार वैज्ञानिक हुए सेवानिवृत्त

### कुलपति डॉ. मिश्रा ने दी भावभीनी विदाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के चार प्रमुख स्तंभों ने अपनी लंबी और गौरवमयी सेवाओं के पश्चात सेवानिवृत्ति प्राप्त की। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने इन सभी वैज्ञानिकों को माला, मोमेंटो, शाल-श्रीफल प्रदान कर और रोली का टीका लगाकर सम्मानित विदाई दी। इन वैज्ञानिकों में डॉ. जी.के. कौतू संचालक अनुसंधान सेवाएं (41 वर्ष की सेवा), डॉ. मोनी थॉमस डायरेक्टर, आईबीएम (41 वर्ष से अधिक की सेवा), डॉ. प्रतिभा सिंह परिहार विभागाध्यक्ष, खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (41 वर्ष की सेवा) एवं डॉ. अर्चना पांडे प्रोफेसर, खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शामिल हैं। विदाई समारोह में अधिष्ठाता डॉ. धीरेन्द्र खरे, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. स्वाति बाचे, डॉ. विजय यादव, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन सहित विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सेवानिवृत्त हो रहे साथियों के कार्यों को याद करते हुए उनके सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तीन सड़क हादसों में तीन की मौत, दो घायल

### पनागर व मंझौली थाना क्षेत्र में हुई घटनाएं

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



पनागर में लगुन कार्यक्रम में जा रहे स्कूटी सवार तीन युवक हादसे का शिकार हो गये, जिसमें एक युवक की मौत हो गई तो वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दो दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल हुए रामकरण यादव की भी उपचार दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार मंझौली क्षेत्र बुदरई में शादी समारोह में शामिल होने गये एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। उक्त तीनों की मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें विवेचना में लिया है। पनागर पुलिस ने बताया कि गोसलपुर के ग्राम मोहतरा निवासी 35 वर्षीय अमरदीप चौधरी अपने रिश्ते के जीजा मंगली चौधरी व रामचरण चौधरी के साथ एक्टिवा गाड़ी क्रमांक एमपी 20 जेडआर-8770 से लगुन कार्यक्रम में शामिल होने पनागर जा रहे थे। रात्रि करीब नौ बजे एनएच-30 बंजारी माता मोड़ पर उनका किसी अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया। जिसके बाद तीनों घायलों को एम्बूलेंस से उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने 42 वर्षीय मंगली चौधरी को जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। वहीं अमरदीप और रामचरण को उपचार के लिये भर्ती कर लिया।

### उपचार दौरान मौत

पनागर पुलिस ने बताया कि विगत 29 अप्रैल की रात करीब दस बजे बघेली मोड़ के पास रामकरण यादव को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीती देररात उनका दामाद अंकित यादव उन्हें रेफर कराकर मेडिकल अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत रामकरण यादव को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### शादी समारोह में गए युवक की मौत

ऐसे ही मंझौली पुलिस ने बताया कि ग्राम सरौदा निवासी अनिल सिंह राजपूत ग्राम बुदरई एक शादी समारोह में गया था। जहां रात्रि करीब बारह बजे ग्राउंड के पास मेन रोड पर उसका एक्सीडेंट हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने 40 वर्षीय अनिल सिंह राजपूत को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# गर्रा में अवैध प्लाटिंग और शासकीय भूमि में अतिक्रमण के सरपंच पर आरोप!

## कलेक्टर से शिकायत के बाद जांच टिम ने कि जांच, कार्यवाही की अब उम्मीद..?







बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

जिले के ग्राम पंचायत गर्रा में अवैध प्लाटिंग, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और नियमों की अनदेखी के गंभीर आरोप सामने आए हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं गर्रा सरपंच वैभव बिसेन पर अवैध प्लाटिंग और शासकीय भूमि में पर अतिक्रमण के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम के रहवासियों ने सामूहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विस्तृत शिकायत पत्र सौंपते हुए तत्काल जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं में श्याम कहार (वार्ड क्रमांक 12), नारायण समरपुरे (वार्ड क्रमांक 15), किशोर नगपुरे (वार्ड क्रमांक 12) सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हैं। जांच में पाया गया है कि उक्त भूमि पर अवैध प्लाटिंग काटी गई है।

ग्रामीणों ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत गर्रा में सरपंच वैभवसिंह बिसेन एवं उनके करीबी लोगों द्वारा बिना वैधानिक अनुमति के बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। विशेष रूप से सालईटोला क्षेत्र के खसरा नंबर 302/1, 302/2, 309/2, 303/10 और 303/8 में वन एवं राजस्व भूमि के बीच स्थित शासकीय जमीन पर अवैध तरीके से प्लॉट काटकर बेचे जाने की बात कही गई है। इतना ही नहीं, वन भूमि पर बिना अनुमति सड़क निर्माण किए जाने का भी गंभीर आरोप लगाया गया है, जिससे शासन के नियमों की खुली अनदेखी सामने आ रही है। जिसको लेकर एसडीएम, तहसीलदार और कलेक्टर को शिकायत कर जांच की मांग की थीं।

### शासकीय भूमि के पास अवैध प्लाटिंग

इसी प्रकार खसरा नंबर 349 के अंतर्गत स्थित छुई खदान (ख.क्र. 320/2, रकबा 0.2830 हेक्टेयर) जो घास मद की शासकीय भूमि है, उसके आसपास भी अवैध प्लॉट विक्रय किए जाने की शिकायत की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में बिना टीएनसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) की अनुमति के प्लाटिंग की जा रही है, जिससे शासकीय भूमि की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है।

### सार्वजनिक यात्री प्रतीक्षालय में एक निजी कार्यालय

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि गर्रा स्टेसन रोड और वारासिवनी राज्य मार्ग पर स्थित सार्वजनिक यात्री प्रतीक्षालय, जो पूर्व सरपंच पालकराम बाहेश्वर के कार्यकाल में जनसुविधा हेतु निर्मित किया गया था, वर्तमान में निजी उपयोग में लिया जा रहा है। इसे कथित रूप से एक निजी कार्यालय के रूप में संचालित किया जा रहा है, जिससे आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### आम रास्ते को किया गए अवरुद्ध

इसके अलावा खसरा नंबर 191/1 एवं 192/2 में अतिक्रमण कर आम रास्ते को अवरुद्ध किए जाने का आरोप भी लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता वर्षों से आमजन के उपयोग में रहा है और नक्शे में भी दर्ज है, इसके बावजूद प्रभावशाली लोगों द्वारा इसे कब्जे में लिया जा रहा है। नरसिंहपाट क्षेत्र के खसरा नंबर 516/3 और 517 में भी अवैध रूप से डुप्लेक्स कॉलोनियों का निर्माण किए जाने की बात सामने आई है। यहां चारागाह भूमि, नदी पहुंच मार्ग और अन्य शासकीय मद की जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किए जाने से पर्यावरण और सार्वजनिक संसाधनों को नुकसान पहुंच रहा है।

### अवैध प्लाटिंग के काटे जा रहे नक्शे

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ पटवारियों की मिलीभगत से खसरों का अवैध बंटांकन कर नक्शे जारी किए जा रहे हैं और रजिस्ट्रियां भी कराई जा रही हैं, जबकि प्रदेश सरकार द्वारा अवैध प्लाटिंग पर प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही नेमा गोदाम स्थित खसरा नंबर 435/7 पर भी अवैध प्लाटिंग और जलाशयों से अवैध उत्खनन कर मुरूम, पत्थर और डोलोमाइट निकाले जाने की शिकायत की गई है। यह कार्य रात के समय जेसीबी और ट्रकों के माध्यम से किए जाने का आरोप है, जिससे शासन को लाखों रुपये की राजस्व हानि हो रही है।

### जांच टिम ने कि मौके स्थल पहुंचकर जांच

ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत के पश्चात तहसील स्तर पर जांच टिम बनाई गई। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर जांच रिपोर्ट बनाई हैं, जिसमें लेख किया गया है कि सालईटोला गर्रा में संयुक्त रूप भूमि स्वामी द्वारा अवैध प्लाटिंग की गई है, जिसमें कुछ शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध प्लाटिंग करना पाई गई। वही शासकीय जमीन पर बजरी डालकर सड़क बनाया गया और उसमें एक छोटा पुलिया भी बनाया गया है जो अवैध है। इसी प्रकार से पंचनामा तैयार किया गया है अब देखना होगा कि क्या एसडीएम, तहसीलदार व कलेक्टर के द्वारा कार्रवाई की जाती है। इधर, शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, अवैध प्लाटिंग पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि शासकीय भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।



## स्वदेशी विचारधारा पर हुआ मंथन, महिला स्वावलंबन पर डॉ. सोनल राय का जोर

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** स्वदेशी जागरण मंच के तहत 30 अप्रैल 2026 को प्रांत महिला कार्य प्रमुख डॉ. सोनल राय का बालाघाट प्रवास हुआ। इस दौरान संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में उन्होंने स्वदेशी विचारधारा पर विस्तार से अपने विचार रखते हुए महिलाओं को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि छोटे-छोटे प्रयासों से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। बैठक में स्वदेशी गतिविधियों के विस्तार पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही 17 मई को जिला विचार वर्ग आयोजित करने की तिथि घोषित की गई। कार्यक्रम में जिला संयोजक ललित ऐड़े, जिला समन्वयक प्रणव पटेल, नगर कार्यकारिणी से शोभित राणा, कुमार भानु लिल्हारे, कुमार सानू लिल्हारे, मनीष पटले, विभव बिसेन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठनात्मक दायित्व भी सौंपे गए, जिसमें अल्का चौधरी को जिला सह संयोजिका (महिला कार्य प्रमुख) तथा अमर सिंह ठाकुर को वृद्ध आयाम प्रमुख बनाया गया। कार्यक्रम में स्वदेशी के प्रचार-प्रसार को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई।

## आयुष आरोग्य केंद्र कायदी में विश्व योग दिवस की तैयारी प्रारंभ

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

रोज करे योग नहीं होगा कभी रोग की थीम पर भारत के साथ पूरे विश्व में हर वर्ष 21 जून को योग दिवस एक साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है । जिसकी तैयारी जिले के आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित सभी आयुष आरोग्य केंद्र में की जा रही है । इसी योग दिवस को बहुत ही शानदार तरीके से मनाने हेतु आयुष आरोग्य केंद्र कायदी तहसील वारासिवनी में भी योगा की तैयारी रोज ग्रामीणों के साथ कई दिनों से की जा रही है । जिसके तहत जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मिलिंद चौधरी के के मार्गदर्शन में , आयुष आरोग्य केंद्र कायदी के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आशीष घोड़ेश्वर कुशल नेतृत्व में 2 मई को योगा का विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योग शिक्षकों द्वारा कई प्रकार योग अभ्यास करवाए ओर उससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। इस शिविर में योग को सिखाने में विशेष रूप से योग प्रशिक्षक पूजा दुबे, योग सहायक भूमेश्वरी मानेश्वर के साथ श्रीमती पुष्पा ठाकरे , श्रीमती करुणा घोड़ेश्वर का विशेष योगदान रहा । वही योग के प्रति ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया जहां उनकी भारी भीड़ उपस्थित रही ओर योग के इस विशेष शिविर को सफल बनाने में सोना योगदान दिया ।

# लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के तहत आंगनबाड़ी में कार्यक्रम संपन्न

उमरिया (स्वतंत्र मत)।



परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक 20 के आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभान्वित बालिकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उत्सव के दौरान बालिकाओं के सम्मान में कन्या पूजन किया गया तथा नन्हीं बालिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों को बताया गया कि बालिकाओं के सम्मान में प्रतिवर्ष 2 मई को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जाएगा।

साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए कहा गया कि सभी बालिकाएं अपनी शिक्षा पूरी करें और कोई भी बालिका स्कूल छोड़ने वाली न हो, क्योंकि शिक्षा अधूरी रहने से उनके सामाजिक, मानसिक और आर्थिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया।

# नांदी में धूमधाम से मनाई गई डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जयंती, प्रतिमा अनावरण व मेधावी छात्राओं का सम्मान

कटंगी (स्वतंत्र मत)।



तहसील मुख्यालय तिरोड़ी के ग्राम नांदी में डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर की 6 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया, जिसे उपासिका अंजीरा मेश्राम ने अपनी स्वर्गीय माता मनीबाई फकीरा की स्मृति में स्थापित कर समाज को समर्पित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दामोदर यादव मंडल (राष्ट्रीय अध्यक्ष, दलित पिछड़ा आदिवासी संगठन) उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता अधिवक्ता डॉ. संजय खोबरागड़े (जिला अध्यक्ष, बौद्ध संघ बालाघाट) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजीनियर सतेंद्र विद्रोही, एडवोकेट सुरेंद्र बारमाटे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। अतिथियों के हस्ते प्रतिमा का अनावरण किया गया, जिसके पश्चात रविंद्र नागदेवे द्वारा बुद्ध वंदना कराई गई।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और बौद्ध संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। मंचीय उद्बोधन के दौरान वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों, संविधान की महत्ता और सामाजिक समानता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि दामोदर यादव मंडल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है और इसे सुरक्षित रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

इस दौरान मेधावी छात्राओं का भी सम्मान किया गया। कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली आकांक्षा घोड़ेशवार तथा 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली स्वाति मेश्राम को 21-21 हजार रुपये, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में 10 वर्षीय सौम्य मेश्राम ने बुद्ध-अंबेडकर मिशन पर प्रभावशाली उद्बोधन दिया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। वहीं रितेश बोरकर, निलेश बौद्ध और विकास खांडेकर सहित अन्य वक्ताओं ने युवाओं से मिशन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेश शैल ने किया, जबकि आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष वासनिक ने आभार व्यक्त किया। रात्रि में राष्ट्रीय प्रबोधनकार फैजान ताज की कव्वाली प्रस्तुति ने कार्यक्रम में रंग भर दिया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश, बिजली आपूर्ति बाधित



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

बीते 2..3 दिन से भीषण गर्मी से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे थे. पारा 42--43 डिग्री तक पहुंच गया था ऐसे में अचानक मौसम ने करवट ली तो लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई जगहों पर बारिश ने परेशानी भी बढ़ा दी है। तेज हवाओं और बारिश के कारण कई जगह अव्यवस्था की स्थिति बन गई. शादी-विवाह के कार्यक्रमों पर भी असर पडा। आंधी और बारिश से आम के बाग और गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

जिले में चल रही गेहूं खरीदी केंद्रों पर खुले में पड़े गेहूं भीग गया। बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया. फसल भीगने से आहत किसानों ने बताया गेहूं का समय पर परिवहन नहीं हुआ, जिस कारण आज यह दशा हुई. मेरी मेहनत पर पानी फिर गया. इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा.?

शनिवार 2 मई की सुबह तेज धूप के बाद दोपहर होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली और देखते ही देखते तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। अचानक हुई बारिश के कारण राहगीर जहां थे वहीं रुकने को मजबूर हो गए और बारिश थमने के बाद ही अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। मौसम में आए इस बदलाव से वातावरण में ठंडक घुल गई। वहीं, आंधी-तूफान और बारिश के चलते शहर में बिजली आपूर्ति भी पूरी तरह ठप हो गई, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। विदित हो कि विगत दो दिनों से मौसम परिवर्तन होने के बाद बारिश होने का सिलसिला जारी है। बे मौसम बरसात बंदी तूफान के चलते आम में की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है जिससे आम उत्पादक व किसान की चिंता बढ गई है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा ने बताया कि 9 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।नेशनल लोक अदालत में न्यायिक प्रकरण आपरधिक, सिविल, श्रम, मोटरयान दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय के लंबित,प्रिलिटिगेशन के समझौता योग्य प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंको के प्रकरण,नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण भी किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओं एवं जनमानस से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा आपसी सुलह समझौता के माध्यम से 9 मई 2026 को निपटारा कराएं एवं नेशनल लोक अदालत का फायदा उठाएं।

# मानपुर नगर अध्यक्ष एवं अधिकारियों ने नव निर्मित सड़कों का किया निरीक्षण

मानपुर (स्वतंत्रमत)।



विधानसभा क्षेत्र मानपुर की लोकप्रिय विधायक के सघन मेहनत से मानपुर नगर परिषद में बडे तेजी से सडकों का जाल बिछ रहा है, जिस कार्य में मानपुर नगर के अध्यक्ष, पार्षद एवं प्रशासनिक टीम का भी सराहनीय पहल सुर्खियों पर है। हाल हीं में मानपुर नगर परिषद के वार्ड नम्बर 09 में तकरीबन 35 लाख के लागत से निर्मित करवाया गया है, जो मानपुर बाई पास सडक को मानपुर से शहडोल मुख्य रोड से जोडता है, इस सडक के निर्माण होने से क्षेत्रीय निवासी एस सी वर्ग के सांथ स्थानीय व्यापारियों का भी रोजगार बढने के नये अवसर प्राप्त हो सकेंगे। नगर में सभी कार्यों का निर्माण स्टीमेट के अनुसार गुणवत्ता पूर्वक होना जरूरी है, इसीलिये मानपुर अध्यक्ष श्रीमती भारती सतीश सोनी, सीएमओ राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, उपयंत्री प्रभुनाथ पटेल एवं स्थानीय पार्षदों द्वारा निरीक्षण कार्य जारी रहने की चर्चा है। जिसके दरम्यान मानपुर के वार्ड व नम्बर 09 में नव निर्मित सडक का निरीक्षण नगर अध्यक्ष, सीएमओ एवं उपयंत्री द्वारा किया गया, वहीं उपयंत्री पटेल जी का मानना है कि इस सीसी सडक का निर्माण स्टीमेट के आधार पर करवाया गया है, जिसमें जल्द ही पटरी भरवाने का कार्य भी करवाया जायेगा।

### डेढ़ महीने पहले हुए मन्नू सिंह हत्याकांड का हुआ खुलासा

# झाड फूंक के शक पर की गई थी बुजुर्ग की हत्या

उमरिया (स्वतंत्रमत)।



कोतवाली थाना अंतर्गत करीब डेढ़ महीने पहले हुए मन्नू सिंह हत्याकांड का खुलासा हो गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या ने शनिवार 2 मई को इस पूरे मामले का सच प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया जनों से बताया। इस मौके पर एसडीओपी पीएस परस्ते एवम थाना प्रभावी एमएल मरावी भी मौजुद रहे। विदित हो कि कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पठारी कला के मरदर निवासी 60 वर्षीय मन्नू सिंह का शव 20 मार्च को उनके ही खेत के पास बंधवा नाला किनारे कंबल से ढका हुआ क्षत विक्षत अवस्था में मिला था। आसपास खून के निशान,रक्तरंजित पत्थर और मड़ई के पास पड़ी खून से सनी मिट्टी इस बात की गवाही दे रही थी कि यह कोई सामान्य मौत नहीं,बल्कि सोची-समझी हत्या है।चंद दिनों के बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने भी साफ कर दिया कि गला घोंटकर और भोंथरी वस्तु से वार कर उनकी जान ली गई।पुलिस ने इस अंधे कत्ल को सुलझाने के लिए हर पहलू पर बारीकी से काम किया।मुखबिर की सूचना,तकनीकी साक्ष्य और लगातार पूछताछ के बाद जो सच्चाई सामने आई,वह चौंकाने वाली थी।इस मर्डर मिस्ट्री में गांव के ही तीन लोग शामिल रहे है,जिसमे मुख्य रूप से विनोद सिंह,दीनदयाल सिंह और मनोज सिंह थे।18 मार्च की शाम इन तीनों ने मिलकर झाड़-फूंक के बहाने मन्नू सिंह को खेत में बुलाया था।पहले से बनाई गई योजना के तहत मौका मिलते ही उन पर डंडों से हमला किया गया और फिर गला दबाकर उनकी हत्या कर दी गई।इसके बाद सबूत छिपाने के इरादे से शव को नाले के किनारे कंबल से ढककर छोड़ दिया गया,ताकि मामला प्राकृतिक या संदिग्ध मौत लगे।जांच में यह भी सामने आया कि इस हत्या की जड़ में गहरे अंधविश्वास और व्यक्तिगत रंजिशें थीं।किसी को लगता था कि मृतक ने जादू-टोना कर उसके परिवार को नुकसान पहुंचाया,तो कोई अपने परिजन की मौत के पीछे मन्नू सिंह का हाथ मान बैठा था।वहीं एक आरोपी पेशेगत प्रतिस्पर्धा और निजी द्वेष के चलते इस साजिश में शामिल हुआ है।

पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी के निर्देशन और एसडीओपी पी.एस. परस्ते के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी मदन लाल मरावी की टीम ने लगातार मेहनत कर इस ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा किया।सख्त पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के दबाव में आखिरकार आरोपी टूट गए और अपना जुर्म कबूल कर लिया।तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। यह घटना एक बार फिर यह दिखाती है कि अंधविश्वास और बेबुनियाद शक किस तरह इंसान को दरिंदगी की हद तक ले जा सकता है।

# पूर्व विधायक के वाहन ने ली युवक की जान: सवार लोग युवक को मौके पर तड़पता छोड़कर भागे, गांव में फैला आक्रोश





मण्डला (स्वतंत्र मत)।

बिछिया विधानसभा से भाजपा विधायक रहे पंडित सिंह धुर्वे एक बार फिर चर्चाओं में आए हैं। इस बार उन पर घायल युवक की मदद न करना और मौंत हो जाने के बाद परिजनों से न मिलने जैसे आरोप लगे हैं। विगत रात्रि सिझौरा में भयानक सडक हादसा हुआ है जिसमे ग्राम चौरंगा निवासी 28 वर्षीय श्रीराम साहू जो कि विद्युत मंडल में मीटर रीडर के पद पर पदस्थ थे जिनकी सामायिक मृत्यु हो गई जिस गाड़ी से एक्सीडेंट हुआ है वह भाजपा के पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे की बताई जा रही है। तेज रफ्तार गाड़ी जो कि मोतीनाला के तरफ से आ रही थी ना केवल एक व्यक्ति की जान ली बल्कि पूरा एक परिवार को तहस नहस कर दिया मां-बाप और इसकी पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है दो छोटे छोटे बच्चे है जिन्हें यह तक पता नहीं होगा कि उनके पिता दिखते कैसे थे। परिवार के साथ साथ पूरा गांव शोकाकुल है।

संवेदनहीनता इतनी कि पूर्व विधायक के परिजन जो कि गाड़ी में थे एक्सीडेंट करने के बाद युवक को तड़पते हुए छोड़कर फरार हो गए। पूर्व विधायक जिनको कि पूरा गांव सम्मान करता था प्यार करता था आपने भी परिजनों से ना संपर्क किया ना हि किसी प्रकार कि सांत्वना दी ये अपने आप को मशीहा बताते हैं पर असल में नकाब के पीछे का चेहरा कुछ और है इनके लापरवाही पूर्ण रवैये से पूरे ग्राम में रोष व्याप्त है तथा कठोर कार्यवाही कि मांग कर रहे हैं। जबकि उनकी ही सरकार राहगीर जैसी योजना लाकर घायलो की मदद करना और संबंधित व्यक्ति को पुरूस्कृत करने जैसी योजना को लागू करती है शायद विधायक को इस योजना के बारे में मालूम ही नही है। या फिर सत्ता का नशा सर चढ़कर बोल रहा है। बता दें कि सिझोरा क्षेत्र में बीती रात घटित एक भीषण सड़क दुर्घटना ने न केवल एक परिवार को उजाड़ दिया बल्कि पूरे इलाके में आक्रोश शोक और सवालों का माहौल खड़ा कर दिया है।

ग्राम चौरंगा निवासी 28 वर्षीय श्रीराम साहू जो मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में मीटर रीडर के पद पर कार्यरत थे इस हादसे का शिकार हो गए। उनके असमय निधन से गांव में मातम पसरा हुआ है और ग्रामीणों के बीच गहरी नाराजगी भी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह दुर्घटना देर रात उस समय हुई जब श्रीराम साहू अपने काम से लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार वाहन जो मोतीनाला की दिशा से आ रहा था ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही उनकी हालत गंभीर हो गई और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों का दावा है कि जिस वाहन से यह हादसा हुआ वह कथित तौर पर पंडित सिंह धुर्वे जो भाजपा के पूर्व विधायक बताए जा रहे हैं से जुड़ा हुआ है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि या पुलिस की ओर से स्पष्ट बयान अभी तक सामने नहीं आया है। घटना के बाद सबसे गंभीर आरोप यह सामने आया है कि वाहन में सवार लोग घायल युवक को मौके पर तड़पता छोड़कर चले गए। यदि यह आरोप सही साबित होता है तो यह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि मानवीय संवेदनाओं पर भी गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के बाद न तो वाहन में मौजूद लोगों ने मदद की और न ही पीड़ित परिवार से तत्काल कोई संपर्क किया गया। यह कथित व्यवहार लोगों के गुस्से को और भड़का रहा है। हालांकि यह ध्यान देना जरूरी है कि इन आरोपों की अभी आधिकारिक जांच चल रही है और पुलिस जांच के बाद ही सच्चाई स्पष्ट हो पाएगी। श्रीराम साहू अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके पीछे वृद्ध माता-पिता पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। परिवार की स्थिति बेहद दयनीय बताई जा रही है। गांव के लोग बताते हैं कि बच्चों को अभी यह भी समझ नहीं है कि उनके पिता अब इस दुनिया में नहीं रहे। पत्नी और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर घर में शोक का माहौल है और लोग इस घटना को केवल एक हादसा नहीं बल्कि लापरवाही का परिणाम मान रहे हैं। इस घटना के बाद चौरंगा और आसपास के गांवों में आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। कई लोगों का कहना है कि यदि किसी प्रभावशाली व्यक्ति या उनके परिजनों की संलिप्तता है तो भी कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि न्याय नहीं मिला तो वे आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है चाहे वह वाहन की पहचान हो चालक की भूमिका हो या घटना के बाद की परिस्थितियां। प्रशासन के लिए यह एक बड़ी परीक्षा है कि वह इस मामले में कितनी पारदर्शिता और निष्पक्षता दिखाता है। यह हादसा केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं है बल्कि यह क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन पर भी गंभीर सवाल उठाता है। तेज रफ्तार लापरवाही और जिम्मेदारी की कमी अक्सर ऐसी घटनाओं का कारण बनती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। सिझोरा की यह घटना कई स्तरों पर झकझोरने वाली है एक युवा की मौत एक परिवार का टूटना और कथित तौर पर जिम्मेदार लोगों की संवेदनहीनता के आरोप। लेकिन अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले यह जरूरी है कि जांच पूरी हो और तथ्यों के आधार पर सच्चाई सामने आए। फिलहाल एक गांव अपने बेटे को खोने के गम में डूबा है और न्याय की उम्मीद लगाए बैठा है। बता दें मध्यप्रदेश सरकार की राहगीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर घटना के बाद का पहला घंटा में अस्पताल पहुंचाने वाले नेक नागरिक को 25,000 का नकद पुरस्कार और सम्मान पत्र दिया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को बिना किसी कानूनी डर के जान बचाने के लिए प्रेरित करना है।

## पुलिस ड्रोन से कर रही गश्त

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में मंडला पुलिस द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण एवं अपराधों की रोकथाम हेतु आधुनिक तकनीक आधारित निगरानी एवं सघन जांच अभियान निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। पुलिस का उद्देश्य सख्ती एवं तकनीक के समन्वय से असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। इसी क्रम में मंडला शहर के अपराध संभावित स्थलों, सुनसान क्षेत्रों एवं संदिग्ध गतिविधियों वाले स्थानों पर उच्च गुणवत्ता कैमरों से युक्त ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। ड्रोन के माध्यम से अंधेरे एवं संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है जिससे असामाजिक तत्वों में पुलिस की प्रभावी उपस्थिति का संदेश जा रहा है।

## किसानों को दें राहत, निर्देश

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार बी-पैक्स मंडला के उपार्जन केंद्र आमानाला में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। तेज गर्मी और धूप से बचाव के लिए केंद्र पर किसानों के लिए टेंट की व्यवस्था की गई है ताकि वे छाया में बैठ सकें और अपना उपार्जन कार्य कर सकें। केंद्र में ठंडे पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ ग्रीन नेट के माध्यम से टेंट तैयार किया गया है, ताकि किसानों को धूप से राहत मिल सके। इन व्यवस्थाओं से किसान संतुष्ट और प्रसन्न नजर आए।

## गांजा तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में चौकी हिरदेनगर थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा गांजा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है चौकी हिरदेनगर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बिक्री हेतु घूम रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महाराजपुर क्रांति कुमार ब्रम्हे द्वारा टीम गठित कर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हरछट ठाकुर के नेतृत्व में तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई कार्यवाही के दौरान आरोपी के कब्जे से एक थैले में रखे 1 किलो 70 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50,000 है।

## जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** सेक्टर मानिकसरा क्रमांक 4 विकासखंड बीजाडांडी के अंतर्गत ग्राम जमुनिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रतिभा विकास सेवा समिति चरगांव माल एवं प्रस्फुटन समिति जमुनिया के अध्यक्ष पतिराम मरावी, सचिव महेंद्र वरकडे एवं समिति के सदस्यों के सहयोग से गांव के हैंडपंप के आसपास साफ-सफाई की गई।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर



मण्डला (स्वतंत्रमत)।

जिले में खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1 मई से आरोह-2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हो गई है। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस विशेष पहल को मस्ती की पाठशाला नाम दिया गया है जिसमें पूरे जिले के बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। यह शिविर 31 मई तक जिले के सभी विकासखंडों एवं जिला मुख्यालय पर प्रतिदिन सायं 4:30 बजे से 6:30 बजे तक संचालित किया जा रहा है।

लगभग 40 स्थानों पर आयोजित इस शिविर में 20 विभिन्न खेलों में 2000 से अधिक खिलाड़ियों को 50 प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा शिविर के अंतर्गत बैडमिंटन, खो-खो, फुटबॉल, तैराकी, एथलेटिक्स कुश्ती क्रिकेट हॉकी कबड्डी सहित कुल 20 खेलों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिला मुख्यालय में 17 खेलों तथा प्रत्येक विकासखंड में 2-2 खेलों का संचालन किया जा रहा है जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में खेलों के प्रति रुचि विकसित करना शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाना प्रतिभाओं की पहचान करना तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करना है।



## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में पहुंची मंत्री

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने झंकार भवन में आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव 2026 के अवसर पर अपने विस्तृत और प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि आज की बालिकाएं कल के सशक्त समाज की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना केवल आर्थिक सहायता देने वाली योजना नहीं है बल्कि यह बेटियों को आत्मनिर्भर शिक्षित और आत्मविश्वासी बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 में शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंगानुपात में सुधार लाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी, रोहित बड़कुल, अनूप नामदेव सहित अन्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला, छात्राएं और उनके अभिभावक मौजूद थे।

## मजदूर दिवस पर श्रमिकों से संवाद

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान पर चर्चा करने का अभियान चलाया। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले के नेतृत्व में कांग्रेस की अलग-अलग टीमों ने मनेरी माइन्स एरिया, कान्हा क्षेत्र और शहर में मजदूरों से संवाद किया मनेरी क्षेत्र में शिव कुमार मरकाम और गोलू पटेल ने श्रमिकों से चर्चा की जबकि अन्य साथियों ने माइन्स और कान्हा क्षेत्र में मजदूरों की स्थिति का जायजा लिया। शहर में डॉ. अशोक मर्सकोले के साथ सतीश झरिया, जिला महामंत्री मुकेश कछवाहा और रतन वरकड़े असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने मजदूरों से मुलाकात कर उनके मुद्दे सुने चर्चा के दौरान मनरेगा मजदूर, दिहाड़ी श्रमिक, गिग वर्कर्स, पलायन करने वाले मजदूर और खदानों में कार्यरत श्रमिकों ने कई गंभीर समस्याएं रखीं मनरेगा के तहत मजदूरी का भुगतान महीनों से लंबित है, जिससे मजदूरों में निराशा है औद्योगिक क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, जिससे पलायन बढ़ रहा है खदानों में काम करने वाले श्रमिकों को



सुरक्षा, बीमा और ईपीएफ जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं रेत गिट्टी खदानों और निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं लेकिन स्थायित्व और सुरक्षा का अभाव है आउटसोर्स वर्कर्स की स्थिति भी अत्यंत असुरक्षित बताई गई मजदूरों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सरकार और संबंधित विभागों के सामने कई मांगें रखीं सुरक्षा और बीमा अनिवार्य हो हर कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन हो, सभी मजदूरों का पंजीयन और बीमा सुनिश्चित किया जाए।

## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन

**मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)।** ग्राम पंचायत भीमडोंगरी में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का सम्मान किया गया तथा उन्हें आश्वासन प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर बेटियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया साथ ही एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया कार्यक्रम को अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य ने संबोधित किया श्रीमती कमला परस्ते सुपरवाइजर द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुश्री गुलशन मरकाम द्वारा किया गया इस अवसर पर हनुमान जाट उप सरपंच, जयसिंह धुर्वे सचिव, घेलसिंह धुर्वे सचिव, अशोक अग्रवाल, राकेशपुरी गोस्वामी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, लाड़ली लक्ष्मी बेटियां एवं लाड़ली बहना बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## सामाजिक कार्यकर्ता रश्मि ने ली सदस्यता

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष पंकज सोनी के नेतृत्व में किए जा रहे जनहितैषी कार्य जैसे जिले के समस्त शासकीय अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टर्स की नियुक्ति पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच ग्रामीण क्षेत्रों में रोड एवं पानी की समस्या बिजली की समस्या बस चालकों द्वारा वसूला जा रहा अधिक किराया जैसे अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्य किया जा रहा है। जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इनसे प्रेरित जिले के अनेक प्रतिष्ठित नागरिकगण आम आदमी पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं इसी कड़ी में जिले की सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रश्मि मिश्रा ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली। विदित होवे कि रश्मि मिश्रा जी लगभग 15 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं दे चुकी है। साथ ही वे जिले की प्रसिद्ध लेखिका भी है जिन्होंने स्वयं के लेख से किताब प्रकाशित की है। पूर्व में वे शौर्य दल से जुड़कर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से सम्मान प्राप्त कर चुकी है।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश तिवारी, जिला संगठन मंत्री शिशु सिंधु भलावी, जिलाध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ दीपक मिश्रा, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमति रमादेवी धुर्वे, जिला संगठन मंत्री एससी विंग नितिन झारिया, राकेश उसराठे ,राजेश महोबिया, सतीश यादव,अर्पित नंदा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिलाध्यक्ष ने किया शोक व्यक्त



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जबलपुर में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी पर स्थित बरगी डैम में गुरुवार शाम हुआ यह हादसा बेहद दुखद और पीड़ादायक है। तेज आंधी-तूफान के बीच पर्यटकों से भरा क्रूज अचानक अनियंत्रित होकर डूब गया जिससे कई परिवारों की खुशियां पल भर में उजड़ गईं। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाड़ली उत्सव कार्यक्रम मनाया गया





नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश शासन के आदेशानुसार प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी 2 मई 2026 को मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाड़ली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन बालिका सशक्तिकरण और मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु किया गया । महिला बाल विकास परियोजना नैनपुर के सेक्टर नैनपुर एक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बालिका यशिका नाग द्वारा स्वागत गीत, अमृता साहू, मीना ह्ब्द्घ्द्द4 , पूर्वी नाग द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए ़्ज्एक पेड़ लाडली लक्ष्मी के नामज्ज से नपा अध्यक्ष एवं लाडली बालिकाओं द्वारा पौधारोपित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिका कुमारी मितिका दीक्षित ,(कक्षा पांचवी) अनामिका झरिया (कक्षा दसवीं) को गौरव चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सेल्फी पॉइंट का आकर्षण का केंद्र रहा । मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष द्वारा बालिकाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी ,सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमति मालती ठाकुर , लाडली बालिकाएं, और उनके अभिभावकगण, वार्ड वासियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं की उपस्थित रही। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाभान्वित बालिका कुमारी यांची झरिया द्वारा मंच संचालन किया गया।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नैनपुर जिला मण्डला (म.प्र.)**

**सार्वजनिक नोटिस / इश्तहार**

जावक क्रमांक- मामला क्रमाक 0019/अ-20(3)/2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम उमरिया प.ह.34 रा.नि.मण्डल नैनपुर तहसील नैनपुर जिला मण्डला की भूमि खसरा नंबर 198 रकबा 5.533 है. भूमि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए आवटन हेतु आवेदक/शासकीय विभाग मुख्य नगरपालिका परिषद नैनपुर के द्वारा भूमि आवंटन की मांग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला मण्डला के न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय मे प्राप्त हुआ है।

अतः एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध मे जिस किसी को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 14/05/2026 को समय 11.00 बजे न्यायालय मे उपस्थित होकर अपदा दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

जारी दिनांक 28/04/2026

**तहसीलदार**
**तहसील नैनपुर**



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नैनपुर जिला मण्डला (म.प्र.)**

**सार्वजनिक नोटिस / इश्तहार**

मामला क्रमांक 0030/अ-20 (3) /2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम इटका प.ह.34 रा.नि.मण्डल नैनपुर तहसील नैनपुर जिला मण्डला की भूमि खसरा नंबर 203 रकबा 2.634 है. भूमि गीता भवन का निर्माण के लिए आवटन हेतु आवेदक/शासकीय विभाग मुख्य नगरपालिका परिषद नैनपुर के द्वारा भूमि आवंटन की मांग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला मण्डला के न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय मे प्राप्त हुआ है।

अतः एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध मे जिस किसी को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 14/05/2026 को समय 11.00 बजे न्यायालय मे उपस्थित होकर अपदा दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

जारी दिनांक 28/04/2026

**तहसीलदार**
**तहसील नैनपुर**

# लोगों से मिलने में कांपते हैं हाथ-पैर, कहीं आप मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर के शिकार तो नहीं

अनन्या मिश्रा



शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए फिजिकल और मेंटल दोनों तरह की सेहत पर ध्यान देना जरूरी होता है। हम सभी अक्सर फिजिकल सेहत पर ध्यान देते हैं। लेकिन मेंटल हेल्थ को अनदेखा कर देते हैं। मेडिकल रिपोर्ट्स की मानें, तो सोशल मीडिया पर लोगों से अपनी तुलना, काम के बढ़ते दबाव, असुरक्षा की भावना और अकेलेपन के कारण स्ट्रेस और एंग्जाइटी की समस्या सभी उम्र के लोगों में बढ़ती हुई देखी जा रही है।

अकेलापन गंभीर बीमारियों को बढ़ाने वाला हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनियाभर में करोड़ों लोग एंग्जाइटी डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं। वहीं कई मामलों में चिंता और डर इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि रोजमर्रा की जिंदगी जैसे पढ़ाई, रिश्तों और नौकरी आदि पर इसका असर होने लगता है। ऐसी ही एक समस्या सैड यानी सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर है, जिसका खतरा युवाओं में तेजी से देखने को मिल रहा है।

**अकेलापन गंभीर बीमारियों को बढ़ाने वाला हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनियाभर में करोड़ों लोग एंग्जाइटी डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं। ऐसी ही एक समस्या सैड यानी सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर है, जिसका खतरा युवाओं में तेजी से देखने को मिल रहा है।**

## जानिए सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर के बारे में

यह एक ऐसी समस्या है, जिसकी अक्सर लोगों में पहचान नहीं हो पाती है। इस समस्या से पीड़ित लोगों को नई जगह जाने, लोगों से मिलने में डर लगना या फिर अंजाने लोगों से बात करने में डर लगता है। हालांकि इसको लोग अक्सर शर्मिलापन समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन कुछ लोगों में यह समस्या इतनी बढ़ जाती है कि इसका असर दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगता है।

- विशेषज्ञ सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर को मानसिक स्वास्थ्य स्थिति मानते हैं, जिसकी पहचान और इलाज करना जरूरी है।
- इस डिसऑर्डर की वजह रोगी को लगने लगता है कि लोग उनको जज करेंगे या फिर उनका मजाक उड़ाएंगे।
- अगर 6 महीने तक यह डर बना रहे और दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगे, तो इसको डिसऑर्डर माना जाता है।

## डिसऑर्डर की पहचान

- आपको ऐसी स्थितियों से डर लगना, जहां आपका निगेटिव रूप से मूल्यांकन हो सकता है।
- अजनबियों से बात करने में डर महसूस होना।
- शर्मिंदा या अपमानित महसूस करने की चिंता होना।
- यह डर महसूस होना कि दूसरे लोग यह महसूस कर लेंगे कि आप घबराए हुए दिख रहे हैं।
- दूसरों से बातचीत करने में पसीना आना, चेहरा लाल होना, कांपना या फिर आवाज का लड़खड़ाना।
- उन स्थितियों से बचना, जहां आप पर सबकी नजरें हो सकती हैं।

## क्यों होती है ये दिक्कत

अगर आपके घर में माता-पिता या भाई-बहन को यह समस्या है। तो आपको भी सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर होने का रिस्क बढ़ जाता है।

जिन बच्चों को तंग किया जाता है, चिढ़ाया जाता है और सामाजिक रूप से नकारा जाता है, उनमें भी इसका रिस्क ज्यादा होता है।

## ये डिसऑर्डर होने पर क्या करें

बता दें कि सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर किसी को भी हो सकता है। डॉक्टर जिन लोगों में इस समस्या की पहचान करते हैं, उनको मनोवैज्ञानिक परामर्श या फिर टॉक थेरेपी की सलाह दी जाती है। वहीं कुछ दवाओं के इस्तेमाल से दिमाग के कैमिकल इंबैलेंस और लक्षणों को ठीक करने में भी सहायता मिल सकती है।

# वेडिंग प्लानर

## नए जमाने का ऑन डिमांड कॅरियर

**वेडिंग प्लानिंग आपके लिए भी एक बेहतरीन कॅरियर विकल्प साबित हो सकता है। इस कॅरियर में न सिर्फ आपको अपनी रचनात्मकता दिखाने का मौका मिलता है, बल्कि अगर आप में डिजाइन की समझ है, आप क्रिएटिव हैं और साथ ही आप में संस्थागत कौशल है तो वेडिंग प्लानिंग में आप अपना भविष्य देख सकते हैं।**



किसी भी शादी का कॉन्ट्रेक्ट लेने से पहले अपने संपर्कों को खंगाल लेना चाहिए। किसी भी शादी को आयोजित करने के लिए आपको हलवाई से लेकर बैंक्वेट हॉल और होटल की जानकारी होनी जरूरी है। आमतौर पर शादी का काम निमंत्रण पत्रों के छपने से शुरू हो जाता है, इसलिए जरूरी है कि आपकी जानकारी में इन पत्रों के विक्रेता और प्रिंटर्स दोनों हों। इसके साथ ही टेंट वाले, कैटरिंग वाले, लाइटिंग, डीजे या अन्य संगीत कार्यक्रम पेश करने वाले कलाकार, उपहार विक्रेता, फूल वाले या अन्य थीम के अनुसार डेकोरेशन वालों से भी जान-पहचान होना आपके लिए फायदे का सौदा है।

### योग्यता

- किसी मौके को आयोजित करने की समझ होनी चाहिए, साथ ही रंगों और फैशन की समझ भी जरूरी है।
- बातचीत की कला, मोल-भाव का गुण और रीति-रिवाजों की जानकारी होनी चाहिए।
- समय प्रबंध के साथ ही जगह प्रबंध में निपुण होना आवश्यक है।
- एक समय में कई काम करने की क्षमता होनी चाहिए।
- टीम में काम करने की योग्यता होनी चाहिए।
- जल्दी निर्णय लेने की योग्यता होनी चाहिए।

### प्रशिक्षण

अगर एक दशक पहले की बात करें तो उस समय इस दिशा में किसी प्रकार का प्रशिक्षण मुहैया कराना किसी भी संस्थान के लिए मुश्किल था, वहीं अब ईवेंट मैनेजमेंट में डिप्लोमा व डिग्री लेने के बाद कई छात्र इस दिशा में अपने कदम बढ़ा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ छात्र 12वीं व स्नातक के बाद चाहें तो खासतौर पर वेडिंग प्लानिंग, वेडिंग मैनेजमेंट जैसे 2 माह से 1 वर्ष तक के पाठ्यक्रमों के तहत वेडिंग प्लानिंग से जुड़ी व्यावहारिक बारीकियों को सीख सकते हैं।

### वेतन

शुरुआत में आप 15 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह कमा सकते हैं, वहीं अनुभव और रचनात्मकता के साथ यहां कमाई की कोई सीमा नहीं है। कुछ लोग इस क्षेत्र में 5 लाख रुपए प्रतिमाह तक का वेतन भी पा रहे हैं। अगर आप बतौर कंसल्टेंट या वेडिंग प्लानर का काम शुरू करते हैं, तो कंसल्टेंसी के लिए आप 20 हजार रुपए और एक ईवेंट आयोजित करने के लिए अपनी फीस के रूप में कुल लागत का 15 प्रतिशत तक प्राप्त कर सकते हैं।

### मेहमानों को लाने-ले जाने की व्यवस्था

इसके बाद बात आती है, रिश्तेदारों को रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट से लेने और ले जाने के साथ ही उन्हें वेन्यू तक लाने-ले जाने की व्यवस्था भी आप ही को करनी पड़ सकती है, जिसके लिए टैक्सी सर्विसेस देने वाली कंपनियों में भी आपकी जान-पहचान होनी चाहिए। अब बात आती है कपड़ों की। कौन, कब और कैसे कपड़े पहनेगा, इसके लिए जरूरी है कि आप स्थानीय व नामी फैशन डिजाइनर्स से भी मेलजोल बढ़ाएं। इसके अलावा ज्वेलर्स, मेहंदी आर्टिस्ट, साफा आर्टिस्ट, मेक-अप प्रोफेशनल्स से भी आपके अच्छे संबंध होने चाहिए।

### संभावना

भारत में शादी समारोह किसी मिनी फैशन शो से कम नहीं होता है। शादी समारोह पर खूब पैसे भी खर्च किए जाते हैं। फिलहाल भारत में इस इंडस्ट्री को शुरुआती अवस्था में ही माना जा सकता है, लेकिन इसका आकार तेजी से बढ़ रहा है।




### ये सब्जेक्ट हैं शामिल

- वेडिंग प्लानिंग मैनेजमेंट
- प्रिंट मटेरियल
- वेडिंग थीम एंड कॉन्सेप्ट
- डेकोर एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर
- फ्लावर डेकोरेशन
- साउंड एंड लाइट
- फोटोग्राफी एंड वीडियोग्राफी
- वेडिंग वेंडर्स एंड कॉन्ट्रेक्ट
- मनोरंजन
- डेस्टिनेशन वेडिंग्स
- वेडिंग बजट एंड एस्टिमेशन
- अपने लिए बाजार तैयार करना
- अपना कारोबार शुरू करना

### नफा-नुकसान

- अपनी रचनात्मकता को दिखाने का अवसर मिलता है।
- अपनी मेहनत का परिणाम देखने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता। शादी में ही आपको आपके काम के लिए प्रतिक्रियाएं मिलने लगती हैं।
- क्लाइंट्स को अपने विचारों के प्रति सजग करने व उन्हें मनाने में काफी वक्त लगता है।
- किसी थीम या डेस्टिनेशन वेडिंग को प्लान करने में 3 से 4 माह का समय भी लग जाता है।
- यहां काम के निश्चित घंटे तय नहीं हैं। यहां आपको रात में 12 से 1 बजे तक व दिन में सुबह 7 बजे से तैयार रहना पड़ सकता है।

# नए मटके में पानी भरने में करते हैं ये भूल, तभी नहीं मिलता ठंडा पानी



दिव्यांशी भदौरिया

गर्मी का मौसम आते ही ठंडा पानी पीने की इच्छा बढ़ जाती है। ऐसे में लोग फ्रिज में पानी की बोतलें भरकर रखने लगते हैं। कई लोगों को बेहद ठंडा पानी पीने की आदत होती है, इसलिए वे सिर्फ फ्रिज का पानी ही नहीं बल्कि उसमें बर्फ भी मिलाकर पीते हैं। हालांकि यह पानी पीने में भले ही ताजगी देता हो, लेकिन बहुत अधिक ठंडा पानी सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है।

ऐसी स्थिति में मिट्टी का मटका एक बेहतरीन विकल्प साबित होता है। मटके का पानी पीने का अनुभव ही अलग होता है, इसकी सोंधी खुशबू मन को ताजगी और सुकून देती है और प्यास भी अच्छी तरह शांत होती है। लेकिन कई लोग यह शिकायत करते हैं कि नया मटका लेने के बाद भी पानी पर्याप्त ठंडा नहीं होता या उसमें से हल्की बदबू आने लगती है। इसलिए जरूरी है कि मटके का सही तरीके से उपयोग किया जाए। हम आपको कुछ आसान उपाय बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर ही नए मटके में पानी भरना बेहतर रहेगा।

## सबसे पहले मटके को भिगोना जरूरी

कुछ लोग नया मटका लेकर आते हैं और उसे धुलकर तुरंत पानी भर देते हैं। यह सही तरीका ये है कि उसे लाने के बाद तुरंत इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मटके को पानी से पूरा भरा रहने दें या किसी बड़े बर्तन में डुबोकर 24 घंटे के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इससे मटके की मिट्टी पानी को अच्छे से सोख लेती है और अंदर की धूल भी आसानी से निकाल जाती है। यदि आप ऐसा बिल्कुल नहीं करेंगी, तो पानी का स्वाद आपको कच्चा लग सकता है।

## साबुन या डिटर्जेंट से न धोएं

कई लोग अक्सर मटका साफ करने के लिए बर्तन धोने वाले साबुन का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करने से आपके पूरे मटके का स्वाद ही बिगड़ जाता है। बता दें कि, मटका मिट्टी का होता है, जो केमिकल को एब्जॉर्ब कर लेता है। इससे पानी में बदबू और खराब स्वाद आ सकता है।

## इस तरह से करें सफाई

मटके को साफ करना का सही तरीका है कि, थोड़ा नमक, बेकिंग सोडा और नींबू का रस मिलाकर घोल बना लें। अब इसे मटके के अंदर डालकर इसको हल्का सा हिलाएं, ताकि ये घोल पूरे मटके में अच्छे से लग जाए। अब 3-4 मिनट के बाद साफ पानी से मटके धो दें। इससे मटका अंदर से साफ हो जाएगा और कोई भी गंध नहीं आएगी।

## मटके में न डालें बर्फ

कुछ लोग जल्दी ठंडा पानी पाने के लिए पानी भरते समय उसमें बर्फ डाल देते हैं। इससे आपका मटका सही तरीके से पानी को ठंडा नहीं करेगा। मटके का पानी नेचुरल तरीके से ठंडा होता है, जिसमें थोड़ा समय लगता है।


## मटका रखने का सही तरीका

अगर आप मटका को सही ढंग से रखते हैं, तो इससे पानी की ठंडक पर ज्यादा असर नहीं पड़ता है। कई लोग मटके को सीधे जमीन पर रख देते हैं, जो कि एक गलत तरीका है। मटके को हमेशा किसी स्टैंड पर ही रखना चाहिए। आप इसके ऊपर गीला सूती कपड़ा लपेट सकते हैं। आप चाहे तो नीचे थोड़ी गीली रेत रखकर उस पर मटका रख सकते हैं। इससे मटका जल्दी ठंडा हो जाएगा और पानी भी ज्याद ठंडा रहेगा।

## इन बातों का रखें ध्यान

- मटके को हर हफ्ते में एक बार जरुर साफ करना चाहिए।
- ढक्कन हमेशा लगाकर रखें।
- मटके को ऐसी जगह पर रखें, जहां हवा आती हो।

# सायोनी घोष : पश्चिम बंग की सितारा नेत्री



डॉ. सुधीर सक्सेना

लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

सायोनी घोष इन दिनों सुर्खियों में हैं। वह ख्याति के हिंडोले में सवार है। उनकी वाग्प्रगल्भता की बदौलत उनकी प्रसिद्धि का चपल अश्व संसद की प्राचीर कभी का लांघ चुका था, लेकिन पश्चिम बंगाल में प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव की कश्मकश के दरम्यां वह सूबे की सरहदों को पार कर देश में चतुर्दिक प्रसिद्ध हो गयी हैं। पश्चिम बंगाल के चुनाव में वह सर्वाधिक चहेती और लोकप्रिय सितारा नेत्री बनकर उभरी हैं।

वह युवा है। सुदर्शना हैं। चपल और वाकपटु है। अपनी प्रांजल भाषा और शैली से उनमें लाखों की भीड़ को मंत्रमुग्ध करने की सामर्थ्य है। वह लोगों से वाणी के माध्यम से कनेक्ट करने की कला में लासानी है। सियासत में आये हुये उन्हें ज्यादा अर्सा नहीं हुआ है लेकिन संसद से सड़क तक उनकी सक्रियता शी इज मेड फॉर पॉलीटिक्स की तस्दीक करती है। यूं तो खांटी बंगला-भाषी परिवार में जनमी हैं, अलबत्ता उन्हें हिन्दी और बंगला पर समान और यकसां अधिकार है। उनका लहजा बाज वक्त किंचित चुगली जरूर करता है, किंतु उनका शब्द-विन्यास और रवानी लोगों को इंप्रेस करता है। पश्चिम बंगाल में चुनावी बेला में उनके गाये गीत आमार हृदय माझे काबा, नयने मदीना (मेरे दिल में काबा है, आँखों में मदीना) गली-कूचो में गूंज रहा है। चुनावी सभाओं की उनकी आकर्षक प्रस्तुति ने इसे बंगाल में ओरछोर गुंजित कर दिया है। वह चंचला है, लिहाजा मंच पर वह एक ठौर थिर नहीं रहती, बल्कि अपनी भंगिमाओं और गति से पूरा मंच छेंक लेती है। वह ला इलाह से शुरू कर कुरान की आयतें सुना सकती हैं और आद्योपांत हनुमान चालिसा का पाठ भी कर सकती हैं। उनकी वाणी में व्यंग्य विनोद है और दंश भी। वह मौके पर तंज करने से नहीं चूकती। वह अमित शाह की बातों को जुमला करार देती हैं और संसद में सहास्य कहती हैं कि यहाँ तो कैमरे भी कंप्रोमाइज्ड हैं। आशय यह कि बोल विपक्षी नेता रहा होता है, मगर कैमरा दिखाता है सत्ता पक्ष के नेता को। लगे हाथों वह कहने से नहीं चूकतीं कि हम आह भी नहीं भरते हैं तो हो जाते हैं बदनाम। वो कत्ल भी करते हैं तो चर्चा नहीं होता।

सायोनी को संसद में प्रवेश किये फकत दो साल हुए हैं, लेकिन इस कम अर्से में अपनी तहरीरों से उन्होंने सबका ध्यान खींचा है। शब्दों की तीखी फुलझड़ियां छोड़ने में वह महुवा मोइत्रा की नवोदिता जोड़ीदार हैं। वह संसद में बोलती हैं, तो बरबस दशकों पहले की तारकेश्वरी सिन्हा याद हो आती हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बैनर्जी उनकी आदर्श या आइकॉन हैं। सभाओं में दीदी का नारा दोहराती हैं - कोरबो, लोड़बो, जीतबो। वह सेक्यूलर मूल्यों की ध्वजवाहक है; हिन्दू-मुस्लिम ऐक्य की हिमायती। सभाओं में वह गुनगुनाती हैं तू हिन्दू बनेगा न मुसलमान बनेगा इंसान की औलाद है, इंसान बनेगा।

सायोनी घोष ग्लैमर की दुनिया से राजनीति में आई हैं। वह बंगला टीवी और फिल्मों की सफल, प्रशंसित और पुरस्कृत कलाकार हैं। लेकिन उनकी सादगी उन्हें सर्वथा अलग पायदान पर खड़ा कर देती है। सफेद या हल्के रंग की चौड़े पाट की साड़ी, माथे पर बड़ी लाल गोल बिंदी और पांवों में हवाई चप्पल। पहरावे में ही नहीं, प्रवृत्ति में भी वह ममता दी की अनुगामिनी हैं- मुखर और संघर्ष चेता। उन्हें देखकर, उनके लुक, उनके हावभाव, उनकी तुर्शी और त्वरा देखकर ममता दीदी के प्रतिरूप का आभास होता है। लगता है कि कहीं यह बांग्लार मेये दीदी की छोटी बहन तो नहीं है। उनमें दीदी के नक्शे-पा चलने की ख्वाहिश भी नजर आती है। वह प्राय: कहती हैं = बंगाल की नारी। हवाई चप्पल, सफेद साड़ी। ममता दी हमारी। भाजपा पर भारी। वह बीजेपी को बांग्ला-विरोधी और बांग्ला-भाषा विरोधी बताती हैं और भाजपा को समस्या तथा दीदी को समाधान निरूपित करती हैं। शेरो-शाइरी की शौकीन सायोनी चुटकी लेती हैं - मोहब्बत चांद से होती है, सितारों से नहीं। मोहब्बत दीदी से होती है, मोदी-शाह से नहीं। बंगाल की मिट्टी को पवित्र बताकर वह कहती हैं - बंगाल मध्यप्रदेश नहीं है। बंगाल गुजरात नहीं है। बंगाल राजस्थान या हरियाणा भी नहीं है। वह फख्र से कहती हैं कि बंगाल में धर्म के आधार पर बंटवारा नहीं होता और भाईचारा यहां की पहचान और ताकत है। किस्सा-कोताह यह कि इस फायर ब्राण्ड नेत्री ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी की जीत के लिये सारी ताकत झोंक दी है।

ऐसा नहीं है कि सायोनी की राजनीतिक यात्रा की शुरुआत सफलता से हुई हो। उनका जन्म कोलकाता में 27 जनवरी, सन 1993 को हुआ। परिवार गैर राजनीतिक था। मां सुदीपा और पिता समीर घोष को अनुमान न था कि उनकी बिटिया सितारा नेत्री बनकर उभरेगी। हां उसके अभिनय और गायन प्रतिभा के लक्षण कैशोर्य में ही दिखने लगे थे। सन 2010 से शुरू उनका फिल्मोग्राफी का करियर दिनोंदिन परवान चढ़ता गया। उन्होंने कितनी ही फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी सीरियलों में काम किया और अवार्ड बटोरे। नोटोबर नाटआउट से शुरू उनका फिल्मी करियर पुनश्च, अंतराल, अरण्यदेव, बिटनून, शोत्रु, आगुन, अपराजितो, रहस्यमय, सांझ बाती, मायेर बिये, चौखट, कानामाछी, राजकाहिनी, नेटवर्क, द्विखंडितो, किछू ना बोला कोथा, प्रतिद्वंद्वी और आरो एक बार आदि में सफलतापूर्वक आगे बढ़ा। वह वेबसीरीज पाकेटमार (2017) चरित्रहीन (2018) बोइ केनो साइको (2019) में भी नजर आईं। टीवी चैनेलस्टार जलसा में भी उन्होंने चमक बिखेरी और पार्श्व गायन (कोठीन) भी किया। राजकाहिनी (2015) और अंजनदत्त निर्देशित व्योमकेश ओ चिरिया खाना (2016) में उनका अभिनय सराहा गया। सौरभदास, रुद्रनील घोष और इंद्राशीष राय के साथ उनकी जोड़ी सफल रही। श्रीजीत मुखर्जी और विश्वजीत चक्रवती जैसे निदेशकों ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। छोटे पर्दे पर वह सन 2022 में सिटी आफ जैकाल्स और बिट्नून में ऋत्विक चक्रवर्ती के साथ दिखाई दीं। डेली सीरियल प्रोलोय आपूछे ने उन्हें घर-घर में पहुंचा दिया। सन 2010 में उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस, सन 2013 में पीपुल्स च्वायस और सन 2016 में बेस्ट एंकर अवार्ड मिले।

सायोनी ने सन 2021 में तृणमूल कांग्रेस ज्वाइन की और उसी साल आसनसोल दक्षिण से असेंबली के लिये चुनाव लड़ा। लेकिन वह बीजेपी के अग्निमित्र पाल से हार गयीं। उनकी प्रतिभा को चीन्ह कर ममता दी ने उन्हें जून 21 में पार्टी की यूथ विंग का अध्य?क्ष बना दिया। अभिषेक बैनर्जी की जगह लेना बड़ी बात थी। उन्होंने अथक मेहनत की और दीदी के भरोसे को बटटा नहीं लगने दिया। सन 2024 के चुनाव में वह जादवपुर से ढाई लाख से अधिक मतों से लोकसभा के लिये चुनी गयीं। यह वही जादवपुर है, जहां से दशकों पहले युवा ममता बैनर्जी ने माकपा के दिग्गज सोमनाथ चटर्जी को हराकर राजनीति में धमाका किया था।

संसद की यह युवा सुदस्या फिलवक्त सड़क पर है। मकसद है असेंबली चुनाव में टीएमसी की जीत। वह आरोपों से बिंधी रही है और 21 नवंबर, सन 22 को उन्हें उपद्रव, हिंसा और कदाचार के आरोप में त्रिपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वर्धमान में कर्जन द्वार संबंधी बयान भी विवाद का विषय रहा। उन पर भर्ती घोटाले में संलिप्तता का आरोप लगा और जून 24 ईडी ने उनसे लगातार दस घंटे पूछताछ की। यही सायोनी अब पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार में लिप्त है। वह बस्ती-बस्ती, द्वारे-द्वारे जा रही है। उन्हें सुनने के लिये सर्वत्र भीड़ जुटती है। टॉलीवुड की सायोनी नैन, बैन, और सैन की महत्ता जानती हैं। उनका यकीन इस कथन में झलकता है कि जोतोई कोरो हमला, आबार जितबे बांग्ला। देखना दिलचस्प होगा कि सायोनी की पार्टी मोदी-शाह की पार्टी पर सयानी पड़ती है या नहीं और और जनादेश निजेर मेये केई चाई (बंगाल अपनी बेटी को चाहता है) की पुष्टि करता है या नहीं?

# गर्मियों में पाएं सबसे हटके ऑफिस लुक

क्या आप भी गर्मियों के मौसम में ऑफिस के लिए स्टाइलिश लुक चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। ऐसे में कुछ लड़कियां आउटफिट्स ट्राई करती हैं, लेकिन हर कोई अपने लुक को परफेक्ट नहीं बना पता है। समर में हमेशा लुक ऐसा होना चाहिए जिसमें कंफर्ट और स्टाइल दोनों हो। अपने वॉर्डरोब में स्लीवलेस कुर्तियों को एड करें। ये कुर्ती गर्मियों के मौसम में आपको हल्का और कूल महसूस कराएगी, बल्कि ऑफिस में एक क्लासी और एलिगेंट लुक देगी। मार्केट में स्लीवलेस कुर्तियों के कई ट्रेंडी डिजाइंस देखने को मिल रहा हैं जिन्हें आप ट्राउजर, प्लाजो या जींस के साथ पियर अप कर सकते हैं। यदि आप भी ऑफिस के लिए कुछ स्टाइलिश और आरामदायक आउटफिट की तलाश में हैं, तो आपको इस लेख में ट्रेंडी कुर्ती के डिजाइंस बताएंगे।

**प्रिंटेड वी नेक कुर्ती**- अगर आप ऑफिस के लिए सादा लेकिन आकर्षक लुक चाहती हैं, तो प्रिंटेड वी-नेक कुर्ती एक बेहतरीन विकल्प बन सकती है। हल्के रंग जैसे सफेद या क्रीम शेड में स्ट्रेट फिट कुर्ती पर बना प्रिंट ऑफिस के माहौल में बेहद सौम्य और प्रोफेशनल लुक देता है। इसका वी-नेक पैटर्न चेहरे की शेप को और निखारता है, जिससे आपका ओवरऑल लुक स्मार्ट नजर आता है। बिना स्लीव्स की डिजाइन गर्मियों के लिए काफी आरामदायक होती है और आपको ठंडक का एहसास भी देती है। अगर यह कुर्ती कॉटन फैब्रिक में हो, तो स्टाइल के साथ-साथ कंफर्ट भी भरपूर मिलता है, जो इसे ऑफिस वियर के लिए एक परफेक्ट चॉइस बनाता है।

**रेगुलर कुर्ती विथ ट्राउजर**- आजकल ऑफिस के लिए को-ऑर्ड स्टाइल में कई तरह के कुर्ती सेट मिल रहे हैं। यदि आप रोजाना बॉटम्स मैच करने की परेशानी होती है, तो आप इस तरह की कुर्ती सेट को खरीद सकते हैं। इसको आप ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकते हैं। इस तरह की स्ट्रेट शेप कुर्ती वी-नेक और स्लीवलेस पैटर्न के साथ आपको एकदम मॉर्डन टच देगा।

**स्लीवलेस कॉटन कुर्ती राउंड नेक**-यदि आप गर्मियों में ज्यादा आराम चाहते हैं, तो एकदम प्योर कॉटन की स्लीवलेस कुर्ती आपके लिए सबसे जरुरी ऑप्शन हैं। पिंक कलर की यह स्ट्रेट कुर्ती आपको फ्रेश और सॉफ्ट लुक दे। इस कुर्ती का राउंड नेक डिजाइन इसे सिंपल और एलिगेंट बना देता है।

**फ्लोरल प्रिंटेड स्लीवलेस कुर्ती**- समर में सबसे ज्यादा फ्लोरल प्रिंट्स पसंद किए जाते हैं। फ्लोरल प्रिंटेड स्लीवलेस कुर्ती आपके ऑफिस लुक को परफेक्ट बना सकती है। इस तरह की कुर्ती को आप ऑनलाइन या फिर बाजार से भी खरीद सकते हैं। इसको आप स्ट्रेट पैंट्स के साथ पहन सकते हैं।

# एक प्रेमी की सनक ने जला डाला पूरा जंगल... लॉस एंजिलिस में कैसे लगी थी आग? सामने आया सच

**नई दिल्ली।** अमेरिका में एक बॉयफ्रेंड की सनक ने एक पूरे इलाके को जलाकर खाक कर दिया, जिसमें 12 लोगों की जान चली गई।

लॉस एंजिलिस के जंगलों में लगी भयानक आग के पीछे की जब सच्चाई सामने आई तो लोगों को भरोसा नहीं हुआ। जांच में सामने आया कि इस आग के पीछे एक व्यक्ति की निजी जिंदगी की परेशानी वजह थी।

30 वर्षीय जोनाथन रिंडरनेक्ट पर आरोप है कि न्यू ईयर की शाम डेट न मिलने और ब्रेकअप की झुंझलाहट में उसने लॉस एंजिलिस के पहाड़ी पर आग लगा दी, जिसने बाद में विकराल रूप ले लिया।

### ब्रेकअप से मायूस था जोनाथन

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस और अभियोजन पक्ष के अनुसार, 2025 के न्यू ईयर ईव पर जोनाथन (जो उबर ड्राइवर है) काफी निराश था। उसका हाल ही में ब्रेकअप हो गया था और न्यू ईयर पार्टी के लिए साथी नहीं मिल रहा था।

दो लोगों से प्लान बनाने की कोशिश नाकाम रहने के बाद वह पैलिसेड्स इलाके में एक यात्री को ड्रॉप करने के बाद पहाड़ी पर गया। वहां उसने बारबेक्यू लाइटर से छोटी आग लगा दी। शुरू में आग बुझ गई, लेकिन



छह दिन बाद 7 जनवरी को वह भयंकर रूप से भड़क उठी।

इस पैलिसेड्स फायर ने लॉस एंजिलिस के पॉश एक इलाके को तबाह कर दिया। हजारों लग्जरी घर जलकर राख हो गए और कम से कम 12 लोगों की जान चली गई। यह अमेरिका के इतिहास में सबसे महंगे आगजनी वाले वाइल्डफायर मामलों में से एक माना जा रहा है।

### 45 साल की होगी सजा

जोनाथन पर आग लगाने का आरोप है। अगर वह दोषी साबित हुआ तो उसे 45 साल तक की सजा हो सकती है। शुरूआती रिपोर्ट्स में उसने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह निर्दोष है। उसके वकील स्टीवन हनी का कहना है, उसके वकील स्टीवन हनी का कहना है, सरकार की थ्योरी गलत है। हमारे मुवक्किल के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। ट्रायल में हम साबित करेंगे।

अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में बताया कि आरोपी बहुत गुस्सा, निराशा और मायूस था। न्यू ईयर अकेले बिताने की झुंझलाहट ने उसे ऐसा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया, जिसका अंजाम इतना भयानक निकला। ट्रायल 8 जून को शुरू होने वाला है।

# ईरानी अधिकारी का दावा, सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई जीवित पूरी तरह स्वस्थ हैं

तेहरान, (वार्ता)

ईरान की असेंबली ऑफ़ एक्सपर्ट्स लीडरशिप संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कार्यालय के प्रमुख मोहसिन कोमी ने पुष्टि की है कि गत 28 फरवरी के हमले में घायल हुए ईरानी सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं।

चूंकि मोजतबा खामेनेई को उनके पिता का उत्तराधिकारी घोषित किए जाने के बाद से न तो सीधे तौर पर देखा गया है और न ही उनकी आवाज सुनी गई है, इसलिए अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया है कि वे हमले में बुरी तरह घायल हो गए हैं और संभवतः उनका चेहरा भी बिगड़ गया है तथा अपनी चोटों के कारण निर्णय लेने में उनकी भूमिका नगण्य रह गयी है।

ईरान की फ़ार्स समाचार एजेंसी द्वारा जारी एक वीडियो में कोमी ने कहा, उस समय वे उसी इमारत में मौजूद थे, जिस पर बमबारी हुई थी और जिसके अंदर मौजूद लोग शहीद हो गए थे। कुछ मिनट पहले ही, संयोग से या ईश्वर की इच्छा से वह इमारत के अहाते में चले गए थे और ईश्वर ने चाहा कि वह बच जाएं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि उन्हें लगी चोटों के बावजूद सर्वशक्तिमान ईश्वर ने उनकी रक्षा की।



मोजतबा की हालत के बारे में अमेरिकी दावों को ईरान के भीतर अनिश्चितता पैदा करने और गलत जानकारी और मनगढ़ंत दावों के जरिए शासन पर दबाव बनाने की जानबूझकर की गई कोशिशें बताते हुए उन्होंने इसे एक सोची-समझी चाल का हिस्सा करार दिया। उन्होंने कहा, यह दुश्मन की एक चाल है, जिसके जरिए वे यह जताने की कोशिश कर रहे हैं। वह सामने क्यों नहीं आ रहे? वह कोई ऑडियो संदेश क्यों नहीं भेज रहे? वह कोई वीडियो संदेश क्यों नहीं भेज रहे? जिन लोगों ने उनसे मुलाकात की है, वे सामने आकर इस बारे में जानकारी क्यों नहीं दे रहे? वे इन क्यों के जरिए हमें प्रतिक्रिया देने पर मजबूर करना चाहते हैं, ताकि वे अपनी योजनाओं को आगे बढ़ाते रहें। कोमी ने आगे कहा, वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और कामकाज संभाल रहे हैं। वह अपनी देखरेख में बातचीत और जमीनी मामलों - दोनों की निगरानी कर रहे हैं, और हाल ही में उन्होंने बातचीत करने वाली टीम को कुछ निर्देश भी दिए हैं कि कुछ खास परिस्थितियों में उन्हें क्या करना चाहिए। इन सभी मुद्दों पर उनकी पूरी निगरानी है। उनके दावे में हालांकि ऐसा कोई नया सबूत पेश नहीं किया गया जिससे उनके इस दावे की पुष्टि हो सके कि देश का नेतृत्व असल में खामेनेई ही कर रहे हैं, न कि कोई अन्य अधिकारी या आईआरजीसी , कि पहले संकेत दिया गया था।

यह पुष्टि हालांकि हो चुकी है कि मोजतबा खामेनेई जीवित हैं, लेकिन जब से उन्हें सर्वोच नेता घोषित किया गया है, तब से उनके नाम से जारी सभी बयान केवल लिखित रूप में ही आए हैं; उन्होंने अभी तक स्वयं कोई भी आधिकारिक बयान टेलीविजन पर नहीं दिया है।

# बंगाल के एग्जिट पोल में भाजपा की बढ़त देख बढ़ी बांग्लादेश की टेंशन, सांसद बोले- साजिश रची जा रही

नई दिल्ली

बांग्लादेश के सत्तारूढ़ विरोधी सांसद और जमात-ए-इस्लामी समर्थित अख्तर होसैन ने भारत से मुस्लिमों की बड़ी संख्या में घुसपैठ की आशंका जताई है। उन्होंने क्षेत्र में एक बड़ी साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि पड़ोसी देश भारत से शरणार्थी संकट पैदा कर बांग्लादेश पर बोझ डाला जा सकता है।



होसेन ने जिस क्षेत्र का जिक्र किया, उसका नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी टिप्पणियों को असम और पश्चिम बंगाल के हालिया चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। एग्जिट पोल में असम में भाजपा की जीत की भविष्यवाणी की गई है, जबकि पश्चिम बंगाल में भाजपा और सत्तारूढ़ टीएमसी के बीच कड़ी टक्कर बताई जा रही है। कुछ एग्जिट पोल भाजपा को बढ़त दे रहे हैं। विपक्षी सांसद ने टीएमसी पर अवैध बांग्लादेशियों को शरण देने और मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। अख्तर होसैन ने कहा कि म्यांमार के राखाइन राज्य से आए रोहिंग्या मुसलमान पहले ही बांग्लादेश में घुस चुके हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पड़ोसी देश से मुस्लिमों को निकालकर शरणार्थी लहर पैदा करने की कोई गारंटी नहीं है यह बयान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजने वाले बयानों के संदर्भ में देखा जा रहा है।

नेशनल सिटिजन पार्टी के सदस्य अख्तर होसैन ने कहा कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए राष्ट्र को एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि लोगों को एक रहना चाहिए, जैसा कि 1971 के स्वाधीनता संग्राम और शेख हसीना के खिलाफ 2024 के जुलाई आंदोलन में राष्ट्र हमेशा खड़ा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बांग्लादेश को अपनी संप्रभुता, स्वतंत्रता या लोगों पर थोपी जाने वाली किसी भी बाहरी निर्णय के खिलाफ एकजुट होकर जवाब देना चाहिए। हम एक जटिल क्षेत्र में स्थित हैं और कई भू-राजनीतिक वास्तविकताओं से गहराई से जुड़े हुए हैं। संसद में विपक्षी मुख्य सचेतक और एनसीपी संयोजक नाहिद इस्लाम नाहिद ने सीमा पर लगातार हो रही हत्याओं पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने सीमा पर पुश-इन की घटनाओं की आशंका व्यक्त की और आरोप लगाया कि करीब 4,000 लोगों को बांग्लादेश में धकेला जा चुका है। नाहिद ने संसद में कहा कि आने वाले दिनों में एक खतरनाक संकट बढ़ सकता है।

## प्रयागराज में पानी की टंकी में चढ़ी युवती

**प्रयागराज, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के गंगानगर क्षेत्र स्थित फाफामऊ नाला के पास पानी की टंकी पर शनिवार दोपहर एक युवती के चढ़ जाने से हड़कंप मच गया। युवती एक घंटे से अधिक समय तक टंकी पर चढ़ी रही और नीचे उतरने से इंकार करती रही, जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लाइव आकर लगातार अपनी बात रख रही थी। उसका आरोप है कि उसे एक मामले में झूठा फंसाया गया है और जब तक उसके खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस नहीं लिया जाएगा, वह नीचे नहीं उतरेगी। बताया जा रहा है कि मामला एक महंगे मोबाइल फोन की खरीद में कथित धोखाधड़ी से जुड़ा है। कैंट थाना क्षेत्र निवासी अधिवक्ता मोहम्मद आलम ने न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने फाफामऊ स्थित एक टेलीकॉम दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपये का आईफोन खरीदा था। आरोप है कि भुगतान के बावजूद मोबाइल का बिल दुकान संचालकों ने अपने कर्मचारी पल्लवी के नाम पर बना दिया। सूत्रों के अनुसार बाद में इसी कर्मचारी के माध्यम से मोबाइल चोरी की शिकायत भी अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज कराई गई। मामले में न्यायालय के आदेश पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि टंकी पर चढ़ी युवती वही पल्लवी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और युवती को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुट गए। समाचार लिखे जाने तक उसे समझाने-बुझाने का प्रयास जारी था।

## ईरान के साथ समझौता न हो तो बेहतर : ट्रंप

वेस्ट पाम बीच, (वार्ता)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान के साथ समझौता न हो तो वही अमेरिका के लिये बेहतर होगा।

श्री ट्रंप ने शुक्रवार शाम यहां एक कार्यक्रम में भाषण देते हुए संकेत दिया कि यदि वार्ता अमेरिका की शर्तों के अनुरूप नहीं होती, तो समझौता न होना भी बेहतर हो सकता है।

उन्होंने कहा, साफ कहूं तो शायद बिना किसी समझौते के हम बेहतर स्थिति में हों। सच जानना चाहते हैं? क्योंकि हम इसे ऐसे ही जारी नहीं रहने दे सकते। यह बहुत लंबे समय से चल रहा है।



इससे पूर्व, श्री ट्रंप ने फ्लोरिडा रवाना होने से पहले मीडिया से कहा था कि संघर्ष समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के नवीनतम प्रस्ताव से वह संतुष्ट नहीं हैं।

कार्यक्रम में उन्होंने दोहराया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कोई समझौता होगा या नहीं, लेकिन यदि बातचीत विफल रही तो अमेरिका कठोर सैन्य कदम उठा सकता है।

श्री ट्रंप ने कहा, वे समझौता करना चाहते हैं, लेकिन मैं उससे संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए देखते हैं क्या होता है।

उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि वार्ता असफल रही, तो वह ईरान को उड़ा देंगे।

ईरानी कार्गो जहाज की हालिया जब्ती का उल्लेख करते हुए श्री ट्रंप ने अमेरिकी कार्रवाई का वर्णन असामान्य अंदाज में किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने जहाज को रोका, फिर टगबोट्स की मदद से नियंत्रण में लिया और उस पर कब्जा कर लिया।

उन्होंने कहा, जहाज रुक गया। उन्होंने टगबोट्स का इस्तेमाल किया, फिर हम उसके ऊपर उतरे। हमने कार्गो ले लिया, तेल ले लिया।

इसके बाद ट्रंप ने टिप्पणी की, हम कुछ हद तक समुद्री लुटेरों जैसे थे।

## मान के मुद्दे पर स्पष्टीकरण दें केजरीवालः भाजपा

नयी दिल्ली (वार्ता)


भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के घर पंजाब पुलिस की ओर से छापा मारे जाने की निंदा की है और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के शराब के नशे में धुत होकर विधानसभा सभा में जाने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी और श्री केजरीवाल पर निशाना साधा। आज, पंजाब पुलिस ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के घर पर छापा मारने की कोशिश की। हम पंजाब सरकार से यह सवाल पूछना चाहते हैं कि एक ऐसा राज्य जहाँ कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी इतनी लचर है कि आपकी पुलिस न ड्रग वालों को पकड़ पा रही है। पवित्र हरमंदिर साहिब के गेट पर गोली चल जाती है। जहां पर पुलिस अधिकारियों के कार्यालय पर हमला हो जाता है, लेकिन वहां पर स्थिति पर नियंत्रण न करके श्री पाठक के घर छापा मारा जाता है। ऐसा क्यों किया जाता है। उन्होंने कहा, मेरा सवाल श्री केजरीवाल से है, जो खुद को इस नई राजनीति का अलंबरदार बताते हैं, पंजाब विधानसभा में विपक्ष ने कल ही मुख्यमंत्री भगवंत मान पर एक गंभीर आरोप लगाया था, जिसमें उन पर शराब के नशे में होने का आरोप लगाया गया था। इसके बारे में भी श्री केजरीवाल को स्पष्टीकरण देनी चाहिए। उन्होंने आप और पंजाब सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, कागज का है लिबास, चिरागों का शहर है,चलना संभल-संभल के, क्योंकि तुम नशे में हो। हाल ही में आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए श्री पाठक के खिलाफ पंजाब पुलिस ने गैर जमानती धाराओं को तहत दो प्राथमिकी दर्ज की है। सूत्रों के मुताबिक इस सिलसिले में पंजाब पुलिस शनिवार को दिल्ली में श्री पाठक के सरकारी आवास पर पहुंची थी, लेकिन वह अपने आवास के पिछले दरवाजे से निकल गये।

## प्रेमी से शादी की जिद को लेकर मोबाइल टॉवर चढ़ी युवती

**मऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में प्रेमी से शादी की जिद को लेकर एक युवती के मोबाइल टावर पर चढ़ने से शनिवार सुबह हड़कंप मच गया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद युवती को सकुशल नीचे उतार लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घोसी कोतवाली क्षेत्र के लखनी मुबारकपुर गांव में शनिवार सुबह पड़ोसी गांव मानिकपुर की एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। बताया जा रहा है कि युवती का लखनी मुबारकपुर निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन दोनों के परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। वहीं युवक भी खुलकर सामने नहीं आ रहा था, जिससे आहत होकर युवती ने यह कदम उठाया।

सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने जब युवती को टावर पर देखा तो तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्राधिकारी घोसी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में युवती को समझाने का प्रयास शुरू किया गया। इस दौरान युवती अपने प्रेमी और परिजनों को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ी रही। पुलिस ने युवती की मांग पर संबंधित लोगों को मौके पर बुलाया और काफी समझाने-बुझाने के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। घटना के दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। पुलिस के अनुसार फिलहाल दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**




## पेड्डी रिलीज डेट इवेंट में सुकुमार ने बढ़ाई एक्साइटमेंट

ग्लोबल स्टार राम चरण की आने वाली फिल्म पेड्डी के रिलीज डेट इवेंट में निर्देशक सुकुमार ने पहुंचकर दर्शकों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी।

फिल्म पेड्डी चार जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म का संगीत ए. आर. रहमान ने दिया है। बढ़ती एक्साइटमेंट के बीच मेकर्स ने एक ग्रैंड इवेंट में रिलीज डेट का ऐलान कर हलचल मचा दी। फिल्म 4 जून 2026 को रिलीज होगी और इसे साल की सबसे बड़ी फिल्म बताया जा रहा है, जो आईपीएल सीजन खत्म होते ही एंटरटेनमेंट का बड़ा धमाका करने वाली है। पेड्डी की रिलीज डेट अनाउंसमेंट इवेंट सच में एक मेगा इवेंट था, जहां जबरदस्त दीवानगी देखने को मिली। इवेंट में डायरेक्टर बुची बाबू सना ने कहा, पेड्डी को अपने दिल से निकालना इतना आसान नहीं है। वहीं पुष्पा के डायरेक्टर सुकुमार भी इवेंट में पहुंचे और उन्होंने कहा, राम चरण की ऐसी परफॉर्मेंस आपने पहले कभी नहीं देखी होगी।प्रोड्यूसर वेंकट सतीश किलारू ने कहा,पेड्डी एक इमोशनल राइड है! और डीओपी आर. रत्नावेलु ने कहा, हमने कमर्शियल तरीके से कुछ अलग करने की कोशिश की है और ये बहुत बड़ा काम करेगा।बुची बाबू सना द्वारा लिखी और निर्देशित पेड्डी में राम चरण टाइटल रोल में नजर आएंगे। उनके साथ फिल्म में शिवा राजकुमार, जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## घर में बरकत आई, मुनव्वर फारूकी और महज़बीन कोटवाला के घर गूंजी किलकारी

कॉमेडी किंग और बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर फारूकी के जीवन में खुशियों ने एक नई दस्तक दी है। मुनव्वर और उनकी पत्नी, मशहूर मेकअप आर्टिस्ट महज़बीन कोटवाला, आधिकारिक रूप से माता-पिता बन गए हैं। उनके घर एक नन्ही परी (बेटी) का जन्म हुआ है, जिसकी जानकारी मुनव्वर ने सोशल मीडिया के ज़रिए अपने चाहने वालों के साथ साझा की। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पोस्ट के ज़रिए अपने फैंस के साथ यह खुशी की खबर शेयर की। शुक्रवार को, मुनव्वर ने अस्पताल से कई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें उनकी पत्नी और नवजात बच्ची नज़र आ रही थीं, लेकिन उन्होंने किसी का भी चेहरा नहीं दिखाया। कैप्शन में मुनव्वर फारूकी ने लिखा, घर में बरकत आई। अल्हम्दुलिल्लाह, दुआओं में खास याद रखना! सेलेब्स और फैंस, दोनों ने ही मुनव्वर और महज़बीन फारूकी को शुभकामनाएं दीं। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन ने लिखा, बधाई हो भाई, वहीं जन्नत जुबैर ने कमेंट किया, बहुत-बहुत मुबारक हो। इस बीच, ओरहान अवात्रामणि (उर्फ ऑरी), मेधा शंकर और दीया मिर्ज़ा जैसी हस्तियों ने इस पोस्ट को लाइक करके अपनी प्रतिक्रिया दी। अब तक, मुनव्वर की इंस्टाग्राम पोस्ट पर 656य से ज़्यादा लाइक्स और 11,000 से ज़्यादा कमेंट्स आ चुके हैं। मुनव्वर फारूकी ने मई 2024 में मेकअप आर्टिस्ट महज़बीन कोटवाला के साथ एक निजी समारोह में शादी की थी। उस समय इस जोड़े ने अपनी शादी की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। फराह खान के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान, मुनव्वर ने महज़बीन से शादी करने के अपने फैसले के बारे में बात की और कहा, जब मैं बिग बॉस से बाहर आया, तो मैं काम में बहुत व्यस्त था। उस समय मिकाइल (उनका बेटा) मेरी बहन के साथ रह रहा था। वह एक हफ़्ते तक मेरे साथ रहा और हमने साथ में काफ़ी समय बिताया।



## रीतेश की फिल्म में सलमान का दमदार कैमियो

सुपरस्टार सलमान खान ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी में सलमान खान की अचानक एंट्री देखकर फैंस हैरान रह गए। फिल्म में सलमान जीवा महाला के एक छोटे लेकिन बेहद प्रभावशाली किरदार में नजर आ रहे हैं। जैसे ही फिल्म से उनके स्क्रीनशॉट और वीडियो क्लिप सामने आए, इंटरनेट पर तारीफों की बाढ़ आ गई। फैंस उनके इस सरप्राइज रोल को फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण बता रहे हैं। फिल्म में सलमान खान का लुक बेहद दमदार है। वह नारंगी रंग की पगड़ी, कुर्ता और हाथ में मराठा तलवार लिए रितेश देशमुख (जो शिवाजी महाराज की भूमिका में हैं) के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। हालांकि उनके इस रोल को महीनों तक गुप्त रखा गया था, लेकिन उनकी एंट्री ने सिनेमाघरों में सीटियां बजवा दीं। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, पूरी फिल्म एक तरफ और भाई की एंट्री एक तरफ। वहीं कई फैंस को सलमान का यह अंदाज उनकी पुरानी फिल्म वीर की याद दिला रहा है। रितेश देशमुख ने हाल ही में खुलासा किया कि सलमान खान इस फिल्म से कैसे जुड़े। रितेश ने बताया कि एक पार्टी के दौरान सलमान ने खुद फिल्म में काम करने की इच्छा जताई थी। जब रितेश ने कहा कि अभी उनके लिए कोई रोल तय नहीं है, तो सलमान ने मजाकिया लहजे में जिद करते हुए कहा, तुम मेरे बिना यह फिल्म नहीं बना सकते, मुझे इसमें रहना ही है। सलमान के इसी प्यार और लगाव की वजह से फिल्म में उनके लिए जीवा महाला का खास किरदार तैयार किया गया।






## राजा शिवाजी ने रचा इतिहासः मराठी सिनेमा का सबसे बड़ा ओपनिंग डे कलेक्शन

जियो स्टूडियोज़ और मुंबई फिल्म कंपनी की फिल्म राजा शिवाजी ने शानदार शुरुआत करते हुए इतिहास रच दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 12.40 करोड़ (नेट) की कमाई के साथ मराठी सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की है। साथ ही यह 2026 की सभी फिल्मों में तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग भी बन गई है।फिल्म ने पहले ही दिन 12.40 करोड़ (नेट) की कमाई के साथ मराठी सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की है। साथ ही यह 2026 की सभी फिल्मों में तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग भी बन गई है।

एक मई 2026 को मराठी और हिंदी में जियो स्टूडियोज़ द्वारा भव्य रूप से रिलीज़ की गई यह फिल्म महान योद्धा राजा शिवाजी को समर्पित है। महाराष्ट्र सहित कई जगहों पर दर्शकों की भारी भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ी। इस फिल्म का निर्देशन रितेश देशमुख ने किया है।हिंदी और मराठी मीडिया के समीक्षकों से फिल्म को सर्वसम्मति से शानदार प्रतिक्रियाएं मिली हैं। सकारात्मक वर्ड ऑफ माउथ के चलते फिल्म आगे भी मजबूत प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

# जिले में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत घर-घर पहुंच रहे प्रगणक व पर्यवेक्षक

## जिलेवासी प्रगणक को जानकारी देकर मकान गणना के कार्य में सहयोग करें

सागर

जिलेवासी प्रगणक को जानकारी देकर मकान गणना के कार्य में सहयोग करें। उक्त अपील कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने की। उन्होंने ने बताया कि जनगणना महाअभियान के अंतर्गत 2 मई को जिले की 628 प्रगणक मकान गणना करने के लिए घर-घर पहुंचे। उन्होंने सभी प्रगणको से अपील की है कि अपना कार्य समय सीमा में संपन्न करें। कलेक्टर में प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा, जिसमें



प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक मई से 30 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस चरण में आधुनिक डिजिटल तकनीक और स्व-गणना की सुविधा का उपयोग किया जा रहा है। स्व-गणना करने वाले नागरिक प्रगणकों के घर-घर भ्रमण के दौरान अपना एसईआईडी नंबर साझा कर सत्यापन प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं, जिससे मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है। निर्धारित अवधि के दौरान प्रगणक घर-घर जाकर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 प्रश्नों के माध्यम से आवश्यक जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। साथ ही नक्शे पर मकानों का सूचीकरण करते हुए समस्त जानकारी का संकलन ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप से किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, ताकि जनगणना प्रक्रिया को सफलतापूर्वक और समय पर पूर्ण किया जा सके।

# राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के द्वारा मजदूर दिवस का किया गया आयोजन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह , राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी , सह प्रभारी प्रो.प्रीति कौरव के मार्गदर्शन में एवं दलनायिका मनीषा राजपूत के नेतृत्व में मजदूर दिवस के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी , सह प्रभारी प्रो.प्रीति कौरव एवं श्रीमती कल्पना साहू उपस्थिति रहीं । व्याख्यान माला में प्रो.प्रीती कौरव ने स्वयंसेवकों को मजदूरों के महत्व को बताते हुए कहा की



मजदूर ही विकसित समाज की रीढ़ है चाहे वे किसी उद्योग में काम करने वाले मजदूर हों या खेतों में काम करने वाले किसान या निर्माण में लगे हुए श्रमिक आज हम जो भी सुविधाओं का उपभोग कर रहे हैं उसके पीछे किसी न किसी मजदूर का ही हाथ है और ऐसे मजदूरों के सम्मान में ही हर वर्ष 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है । कार्यक्रम में स्वयंसेवकों में दलनायिका मनीषा राजपूत, मीडिया प्रभारी श्रुति गुप्ता, दीक्षा वर्मा , अंजली चौधरी, पिंकी मेहरा , दीक्षा सेन, मुस्कान पांडे, तरन्नुम आदि उपस्थित रहीं ।

# बेटी राशि बजाज ने शहर को किया गौरवान्वित, IIM काशीपुर से MBA कर रचा इतिहास



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) !** नगर की होनहार बेटी कु. राशि बजाज ने अपनी मेहनत लगन और प्रतिभा के दम पर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है राशि, रामकिशोर बजाज एवं श्रीमती प्रतिभा बजाज की सुपुत्री है उनके पिता रामकिशोर बजाज विश्व हिंदू परिषद के नगर उपाध्यक्ष के रूप में सक्रिय है राशि ने देश की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षाओं में से एक, कॉमन एडमिशन टेस्ट टेस्ट में प्रथम प्रयास में ही उल्लेखनीय सफलता हासिल की है मात्र 3 माह की तैयारी में उन्होंने 94प्रतिशत अंक प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया है और देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश का सपना साकार किया है अपनी इस उपलब्धि को आगे बढ़ाते हुए राशि ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट काशीपुर से डिग्री प्राप्त की यह संस्थान देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों में गिना जाता है जहां से शिक्षा प्राप्त करना स्वयं में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है राशि की इस सफलता पर परिवार, समाज और नगर वासियो में हर्ष का माहौल है सभी ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ।

# महाकवि पदमाकर सभागार में जनगणना महाभियान अंतर्गत नगर निगम सागर के 438 एचएलबी के प्रगणकों को एचएलओ ऐप डाउनलोड कराया

सागर

मध्यप्रदेश जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार 1 मई से 30 मई तक मकान गणना का कार्य पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के आदेशानुसार सागर के मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पदमाकर सभागार में नगर निगम अंतर्गत 438 एचएलबी के प्रगणकों को एचएलओ ऐप डाउनलोड कराकर जनगणना महाभियान प्रारंभ कराया गया। नगर निगम आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी न. नि. सागर श्री राजकुमार खत्री ने सभागार में उपस्थित सभी चार्ज अधिकारियों, सुपरवाईजर और प्रगणकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना महाभियान शुरू हो गया है। आप सभी अपने-अपने सौंपे गए कार्यों को पूरी सजगता से समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा की जो भी दायित्ववान अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित हैं उन्हें नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा की प्रगकणों के द्वारा मकान गणना का कार्य बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण है इसे



पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। सभी प्रगणकों के द्वारा मकान सूचीकरण एवं मकान गणना ऐप डाउनलोड किया जाकर अपने - अपने आवंटित क्षेत्र की समग्र पूछी गई जानकारी ऐप में फीड कराना है। उन्होंन कहा कि दिये गए समय में सागर में प्रत्येक प्रगणक को लगभग 200 घरों की जानकारी डोर टू डोर जाकर जुटाना और आनलाइन ऐप पर तत्काल फीड करना है। जनगणना के दौरान आपको केवल सामान्य एवं आधारभूत जानकारी ही प्राप्त करना है, जैसे कि मकान/भवन का प्रकार, परिवार में कुल सदस्यों की संख्या परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की उपलब्धता शौचालय एवं बाथरूम की स्थिति, गैस कनेक्शन की जानकारी, रेडियो, टीवी, केबल कनेक्शन जैसी सुविधाएं, साइकिल, मोटरसाइकिल या कार जैसी परिसंपत्तियां, परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य खाद्यान्न, मोबाइल नंबर आदि मध्यप्रदेश जनगणना निदेशालय के अनुसार पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों का उत्तर नागरिकों से प्राप्त करना एवं मकान गणना का कार्य पूरा करना है। नागरिकों से इन जानकारियों को लेते समय बताएं कि आपके द्वारा दी गई इस जानकारी का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा, जनगणना के अंतर्गत मकान गणना एवं सूचीकरण के कार्य में सहयोग प्रदान कर कार्य को सफल बनाएं। सभी प्रगणक प्रतिदिन की एक टाइमलाईन में दिए गए घरों की संख्या विभाजित करें और आसानी से इस कार्य को सावधानी पूर्वक पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में इस प्रकार प्रतिदिन की दिनचर्या में लोगों से हालचाल जाना जाता है बस उसी प्रकार नागरिकों से इन प्रश्नों को पूछकर जानकारी फीड करना है। सबसे पहले फील्ड घूमें क्षेत्र व ब्लॉक तय करें और नजरी नक्शा तैयार करें फिर मकान नंबरिंग और अन्य कार्य होगा। उन्होंन कहा कि मकान सूचीकरण एवं मकान गणना ऐप के माध्यम से कार्य कैसे करना है यह आप सभी ने ट्रेनिंग के दौरान बेहतर तरीके सीखा है फिर भी जहां कहीं कोई भी समस्या आती है तो अपने सुपरवाईजर और अधिकारियों से सहयोग लें।

# 2 किलोग्राम गांजा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर संदीप भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गाडरवारा ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना गाडरवारा पुलिस की टीम के द्वारा दिनांक 02/05/2026 की दोपहर करीबन 12/00 बजे तालाब के पास आमगाँव छोटा में संदेही के कब्जे से 02 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा जप्त किया गया है । आरोपी मेहरबान अहिरवार पिता खेतसिंह अहिरवार उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम शोभापुर थाना सोहागपुर जिला नर्मदापुरम जप्ती आरोपी के कब्जे से 02 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा, घटना में प्रयुक्त मोबाईल जप्त किया गया है । वैधानिक कार्यवाही आरोपी मेहरबान अहिरवार के विरूद्ध धारा 8,20(ड्ढ) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के साथ सहायक उप निरीक्षक राजेश तिवारी, आरक्षक महेन्द्र बावरिया, अक्षय श्रीवास्तव, सृजल भार्गव, सोहेब खान , मोहन चौरे, महिला आरक्षक ज्योति दुबे की विशेष भूमिका रही ।

# दंडवत यात्रा श्रद्धा, संकल्प और भक्ति का अद्भुत उदाहरण : राघवेंद्र सिंह परिहार

## बालाघाट से केदारनाथ दंडवत यात्रा पर निकले युवाओं का दमोह में हुआ स्वागत

दमोह (स्वतंत्र मत)

आस्था, तपस्या और अटूट श्रद्धा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बालाघाट से पवित्र धाम केदारनाथ की दंडवत यात्रा पर निकले दो युवाओं निर्मल उईके दंडवत यात्री एवं तुलेन्द्र मरावी सहयोगी यात्री यात्रा के 77वें दिन दमोह आगमन हुआ। जिनका भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार एवं समाजिक कार्यकर्ता ने कीर्ति स्तंभ चौराहा पर उनका भावपूर्ण स्वागत किया। सभी ने यात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उनके अदम्य साहस और श्रद्धा को नमन किया तथा भगवान भोलेनाथ से उनकी यात्रा की सफ्लता एवं



सुरक्षित पूर्णता की कामना की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि यह दंडवत यात्रा केवल एक यात्रा नहींए बल्कि भगवान शिव के प्रति असीम भक्ति, आत्मसमर्पण और कठिन तप का प्रतीक है। प्रत्येक दंडवत के साथ आगे बढ़ते हुए ये युवा अपने संकल्प, धैर्य और आध्यात्मिक शक्ति का अद्भुत परिचय दे रहे हैं जो समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। यह दंडवत यात्रा न केवल व्यक्तिगत आस्था का प्रतीक हैए बल्कि यह समाज में भक्ति, संयम और संकल्प की भावना को जागृत करने वाला एक प्रेरणादायक संदेश भी दे रही है। इस पावन अवसर पर युवा असाटी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सृजन असाटी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष राकेश सिंह लोधी, समाजसेवी कृष्णा पटेल, रोहित जैन, पंकज श्रीवास्तव, गौरव चौराहा सहित युवा साथियों की उपस्थिति रही।

# छापरी में गेहूं खरीदी केंद्रों का नायब तहसीलदार ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए

सागर

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर जिले में गेहूं खरीदी केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम छापरी स्थित ओम स्व सहायता समूह द्वारा संचालित खरीदी केंद्रों का नायब तहसीलदार ज्ञानचंद राय ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, तौल व्यवस्था, भंडारण एवं खरीदी प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों के बैठने के लिए छाया, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। अधिकारियों ने उपज की गुणवत्ता जांच, नमी मापन, तौल कांटों की शुद्धता तथा रिकॉर्ड संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। साथ ही खरीदी कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया गया। जानकारी के अनुसार केंद्र पर अब तक लगभग 2909 क्विंटल गेहूं की तुलाई हो चुकी है और आगे की प्रक्रिया जारी है।

# महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा में सत्र 2026-27 में संस्था के प्राचार्य डॉ. आर.के. राजपूत के सफल मार्गदर्शन में स्नातक स्नातकोत्तर कक्षाओं में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है इस प्रक्रिया में विद्यार्थी अपना पंजीयन ई प्रवेश मोबाइल एप एवं ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से करा सकते हैं महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर विभिन्न विषयों में बीए बीएससी बीकॉम एवं स्नातकोत्तर में एमए ,एमएससी, एमकॉम प्रथम सेमेस्टर संचालित हैं ।

# बंधा गांव में खूनी विवाद एक ही परिवार के 4 लोग घायल, लाठी-डंडों से हमला



हटा (स्वतंत्र मत)

हटा क्षेत्र के रनेह थाना अंतर्गत बंधा गांव में पुरानी रंजिश ने एक बार फिर उग्र रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें पिता समेत उसके तीन बच्चे घायल हो गए। घटना से गांव में तनाव का माहौल बन गया है। घटना में घायल होने वालों में विजय यादव 40 वर्ष, पुत्र दिलीप यादव 20 वर्ष, भोला यादव, पुत्री साक्षी यादव शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां रनेह थाना पुलिस की मौजूदगी में उनका उपचार और मुलाहजा किया गया। घायलों का आरोप है कि चाचा जयपाल, चंद्रमुखी और उनके रिश्तेदार धर्मेंद्र व जितेंद्र ने मिलकर लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। विवाद की जड़ पुरानी रंजिश बताई जा रही है। बताया गया कि मारपीट से पहले दोनों पक्ष रनेह थाना पहुंचे थे जहां पुलिस ने समझाइश देकर मामला शांत कराया था। लेकिन घर लौटते ही विवाद फिर भड़क गया और हिंसक झड़प में बदल गया। रनेह थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की भूमिका और घटना के कारणों की बारीकी से जांच की जा रही है।

# नगर पालिका पेंशनर संघ के चुनाव संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** 1 मई को ऐसा जगदीश यादव द्वारा बताया गया कि वर्ष 26-27 हेतु नगर पालिका पेंशन संघ के चुनाव नगर पालिका टाउन हॉल स्थित शिव मंदिर परिसर में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से द्वारका प्रसाद सेन पुन को अध्यक्ष चुना गया एवं जगदीश यादव को सचिव चुना गया जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा अध्यक्ष एवं सचिव को तिलक लगाकर फूल मालाये पहनाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में इमदाद हुसैन, मनोहर लाल चौरसिया, कमलेश दुबे, मुन्नी लाल विश्वकर्मा, प्रेम सिंह ठाकुर, रघुनाथ, श्रीमती सावित्री बाई, श्रीमती भगवती बाई, श्रीमती मुन्नीबाई, श्रीमती आशा रानी, श्रीमती सुमंत्रा, श्रीमती प्रेम भाई एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जगदीश यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 50 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम का आयोजन

सागर

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल जी के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. जोगिन्दर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में, आगामी 21 जून 2026 को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तारतम्य में दिनांक 02 मई 2026 को 卐50 दिवसीय काउंटडाउन卐 कार्यक्रम का आयोजन कांची होटल परिसर, सागर में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत



शासन द्वारा निर्धारित ष्टशद्वद्वशठ्ठ ङ्घशद्दड्ड क्क्रशह्लश- ष्ध्द्य के अनुसार योगाचार्य श्री भगत सिंह जी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर डॉ. माधुरी जैन (नोडल अधिकारी) ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण एवं शहरी आयुष विभाग की सभी संस्थाओं द्वारा जनसामान्य के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु योगाभ्यास कराया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक जनसामान्य को योग से जोड़कर उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना है।

# अब 4 मई तक पूरक परीक्षा के फार्म भर सकेंगे छात्र

## माध्यमिक शिक्षा मंडल ने छात्रों को दी राहत, बढ़ाई डेट

कटनी (स्वतंत्रमत)

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने छात्रों को बड़ी राहत देते हुए हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 4 मई तक एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। पहले यह तिथि 26 अप्रैल तय थी। इस साल से बोर्ड ने पूरक परीक्षा प्रणाली समाप्त कर द्वितीय परीक्षा लागू की है, जिसमें फेल और पास दोनों छात्र शामिल हो सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी आदेश में कहा कि छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि 26 अप्रैल से बढ़ाकर 4 मई कर दी गई है। ऑनलाइन आवेदन एमपी ऑनलाइन पोर्टल के जरिए किए जा सकेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अन्य सभी नियम और निर्देश पहले की तरह ही लागू रहेंगे। इस साल बोर्ड ने एक बड़ा बदलाव करते हुए पारंपरिक पूरक परीक्षा प्रणाली को समाप्त कर दिया है। पहले केवल सीमित विषयों में फेल छात्र ही पूरक परीक्षा दे सकते थे लेकिन अब द्वितीय परीक्षा के तहत सभी छात्रों को समान अवसर मिलेगा। यह बदलाव शिक्षा व्यवस्था में लचीलापन लाने और छात्रों के दबाव को कम करने के उद्देश्य से किया गया है।

**उत्तीर्ण छात्र भी दे सकेंगे परीक्षा**

नई व्यवस्था के अनुसार जो छात्र किसी विषय में फेल हैं, उनके लिए उस विषय की परीक्षा देना जरूरी होगा। वहीं जो छात्र पास हो चुके हैं, वे भी अपने अंक सुधारने के लिए स्वेच्छा से किसी भी विषय की परीक्षा दे सकते हैं। इससे छात्रों को अपने




करियर के लिए बेहतर अंक हासिल करने का मौका मिलेगा। बोर्ड द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, हायर सेकेंडरी 12वीं की द्वितीय परीक्षा 7 मई से 25 मई तक आयोजित की जाएगी। वहीं हाईस्कूल 10वीं की परीक्षा 7 मई से 19 मई के बीच होगी। सभी परीक्षाएं निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होंगी। द्वितीय परीक्षा के बाद जारी अंकसूची मुख्य परीक्षा की तरह ही होगी। बोर्ड ने साफ किया है कि छात्र के मुख्य परीक्षा और द्वितीय परीक्षा में से जो भी बेहतर परिणाम होगा, वही अंतिम रूप से मान्य किया जाएगा। इससे छात्रों को अपने प्रदर्शन में सुधार का सीधा लाभ मिलेगा। द्वितीय परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों को मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद सात दिनों के भीतर आवेदन करना होगा। आवेदन प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से पूरी की जाएगी, जहां निर्धारित शुल्क जमा कर फॉर्म भरा जा सकेगा। अधिक जानकारी के लिए छात्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# शहर की जल निकासी व्यवस्था पर महापौर का सख्त रुख

### बस स्टैंड व शिवाजी नगर नालों का किया निरीक्षण

### अव्यवस्थित निर्माण अतिक्रमण व सफाई व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश



कटनी (स्वतंत्रमत)।

शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्रीय पार्षद ओमप्रकाश बल्ली सोनी, एमआईसी सदस्यों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बस स्टैंड एवं शिवाजी नगर स्थित नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान नालों की स्थिति, निर्माण कार्यों की प्रगति एवं सफाई व्यवस्था का गहन जायजा लिया गया। बस स्टैंड स्थित नाले के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नाले का निर्माण कार्य अधूरा किया गया था तथा नियमित सफाई नहीं होने और अतिक्रमण के चलते पानी का बहाव बाधित हो रहा है। इस पर महापौर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल नाले के ऊपर से अतिक्रमण हटाने, सफाई कार्य शीघ्र पूर्ण कराने एवं जल निकासी को सुचारु करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात महापौर ने शिवाजी नगर स्थित नाले का निरीक्षण किया, जहां क्षेत्रीय नागरिकों ने अवगत कराया कि नाले में असमान (अप-डाउन) निर्माण के कारण पानी का प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

महापौर ने इस पर गंभीरता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को 3 दिवस के भीतर जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

फोटो : विकास गुप्ता

## कटनी लाया जाएगा सट्टा नेटवर्क का सरगना

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** गोवा के बाद बिलासपुर में कटनी के सटोरियों की गिरफ्तारी के बाद कटनी पुलिस भी एक्शन मोड पर आ गई है। छत्तीसगढ़ में पकड़े गए सटोरियों सट्टा नेटवर्क का राज खुलवाने के लिए पुलिस उन्हें जल्द ही अपनी कस्टडी में लेगी, इसके लिए कोतवाली पुलिस इन्हें बिलासपुर से गिरफ्तार कर यहां लाने के लिए रवाना हो रही है। विदित हो कि पिछले दिनों माधवनगर पुलिस ने गोवा के एक होटल में रहकर सट्टा संचालित कर रहे कटनी के सटोरियों को दबोचा था। इसके बाद छत्तीसगढ़ की बिलासपुर पुलिस ने कटनी के सटोरियों पर कार्रवाई की। बताया जाता है कि बिलासपुर के सकरी थाना पुलिस ने कटनी के सटोरियों को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से 4 लैपटॉप, 26 मोबाइल फोन, क्रेटा वाहन, एक्टिवा जब्त की गई है। ये दलदलिया पारा बिलासपुर में एक किराए के कमरे से सट्टे का नेटवर्क चला रहे थे। आरोपियों के पास से सट्टे के कारोबार से जुड़े करोड़ों के लेन-देन का हिसाब मिला है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओम स्पेस कॉलोनी में बाहरी लोग आकर संगठित तरीके से ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं।



## श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ को लेकर बैठक संपन्न

### 16 से 22 मई तक भव्य रूप से संपन्न होगा, 15 मई को शोभायात्रा

कटनी (स्वतंत्रमत)।

शहर में धर्म, आस्था और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से आयोजित होने जा रहे शिवलिंग निर्माण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ को लेकर एक भव्य पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परम पूज्य पं. रजनीश शास्त्री महाराज ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए इसे जनकल्याण और आत्मशुद्धि का महायज्ञ बताया। पं. शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में मानव जीवन भागदौड़ और तनाव से घिरा हुआ है, ऐसे में भागवत कथा और शिवलिंग निर्माण जैसे आध्यात्मिक आयोजन व्यक्ति को मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और ईश्वर से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया।

पत्रकार वार्ता में समाजसेवी अजय सरावगी, रौनक खंडेलवाल, गुल्लु खम्परिया, संदीप गुप्ता मंटू, संजू नाकरा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को सामाजिक एकता, धार्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन 16 से 22 मई 2026 तक भव्य रूप से संपन्न होगा, जिसकी शुरुआत 15 मई को शोभायात्रा के साथ होगी। प्रतिदिन प्रातः शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक तथा सायंकालीन समय में भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा, जहां भक्तजन कथा श्रवण के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर पुण्य अर्जित करेंगे। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त करेगा, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और भाईचारे की भावना को भी प्रबल करेगा। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक महायज्ञ का हिस्सा बनने की अपील की है।

फोटो : विकास गुप्ता

## हिस्ट्रीशीटरों पर रखें निगरानी

### बड़वारा थाने पहुंचे कप्तान, फरियादियों से सद्व्यवहार करने की दी नसीहत



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में हुए भीषण सड़क हादसे के बाद एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम बसाड़ी मोड़ पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके की भौगोलिक स्थिति का बारीकी से अवलोकन करते हुए हादसे के संभावित कारणों का जायजा लिया। निरीक्षण के पश्चात एसपी बड़वारा थाने पहुंचे, जहां उन्होंने थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से अलग-अलग संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली और समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

## विद्यार्थी-विद्यालय हितार्थ समर्पित व्यक्तित्व शिक्षिका शालनी जोसेफ का सेवानिवृत्ति समारोह

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सदा अपने कर्तव्यों, दायित्वों के निर्वहन एवं अनुशासन की सशक्त पहचान रहीं, विद्यार्थी एवं विद्यालय हितार्थ समर्पित व्यक्तित्व, शासकीय माध्यमिक विद्यालय भनपुरा-02 में पदस्थ माध्यमिक शिक्षिका लिली शालनी जोसेफ की सेवा निवृत्त पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्ति समारोह में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षाधिकारी कटनी नीरजा मीता अर्नाल्ड उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक संवैधानिक रूप से भले ही सेवानिवृत्त हो जाता है, परंतु जीवन भर वह शिक्षक ही रहता है, एक शिक्षक सदा राष्ट्र, समाज के प्रति समर्पित होकर पूर्ण सेवभाव से कार्य करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं युवा नेतृत्व अखिल पांडेय ने कहा कि शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए आपका समर्पण अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि गाँवों के विकास के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है और शिक्षा इसकी प्रथम सीढ़ी है। समारोह को प्राचार्य मझगवां दिलीप प्यासी, पूर्व प्राचार्य पिपरौध जे.पी. पांडेय, शिक्षक कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी, प्रभारी प्राचार्य बिचुआ, एश्वर्य मिश्रा, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश यादव, देवेंद्र कुल्हारा, जन शिक्षक रजनीश तिवारी एवं अजय



त्रिपाठी, अभिनय मिश्रा ने भी संबोधित किया। माध्यमिक विद्यालय शाहपुर के प्रभारी रमाशंकर राजू तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि जोसेफ मैडम से हमें सदैव सीखने को मिला। उनका व्यवहार, स्वभाव एवं कर्तव्यपरायणता उनके व्यक्तित्व का परिचायक है। वे अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की सजीव मिसाल हैं तथा उनका सम्पूर्ण शिक्षकीय जीवन अनुकरणीय है। सेवानिवृत्ति के अवसर पर जोसेफ ने भावुक होते हुए कहा कि 16 वर्षों तक इस विद्यालय में कार्य करते हुए यह स्थान उनके लिए घर जैसा बन गया। बच्चे और शिक्षक एक परिवार की तरह हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अभी शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कुछ किया जाना शेष है। बच्चे आगे बढ़ें, नए आयाम गढ़ें और राष्ट्र का नाम रोशन करें यही उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार होगा। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जहाँ भी रहेंगी, अपने विद्यार्थियों से मानसिक रूप से जुड़ी रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रभारी भगवत सोनी ने अत्यंत भावुक शब्दों में सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी की प्रधानाध्यापिका सत्या शुक्ला, सुरेश पांडेय, सूर्यकांत तिवारी, सुरजीत तिवारी, दिनेश पाली, रामप्रसाद कोल, देवेंद्र कुलहरा, पंकज पंवार, अजय त्रिपाठी, अभिनय मिश्रा, के.के. द्विवेदी, रामेश्वर पटले, अनुराग दुबे, दिनेश्वर पटेल, राहुल जैन, तक्षशिला बाल निकेतन की प्राचार्य साधना तिवारी, दीप्ति चौबे सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएँ, ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी उपस्थित शिक्षकों द्वारा इस अवसर पर जोसेफ का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया समारोह में जोशफ मैडम की परिजन, स्वजन एवं शुभचिंतको की भी उपस्थिति रही।

फोटो : विकास गुप्ता

## जनसंवाद में वार्डवासियों की समस्याओं के समाधान का मिला भरोसा



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कैमोर नगर के विकास और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए वार्ड क्रमांक 12, 14 एवं 15 में क्षेत्र भ्रमण एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सम्मानित नागरिकों के बीच पहुँचकर उनकी समस्याओं को आत्मीयता से सुना गया तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक संजय सतेंद्र पाठक संजू भैया के कुशल मार्गदर्शन एवं जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर वार्डवासियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया गया। नागरिकों ने सड़क नाली पेयजल साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को सामने रखा जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा गया कि संजू भैया के नेतृत्व में आपके द्वारा बताए गए सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। क्षेत्र के विकास में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी और जनसेवा का यह संकल्प निरंतर इसी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

जनसंवाद के दौरान नागरिकों का स्नेह विश्वास और आत्मीय स्वागत भावुक कर देने वाला रहा। क्षेत्रवासियों ने अपनी अपेक्षाओं को साझा करते हुए विकास कार्यों के प्रति विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद पप्पू टेलर एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 28 वर्षों की सेवा पश्चात शिक्षा विभाग से सरोज चढ़ार की सेवानिवृत्ति



**कटनी (स्वतंत्रमत)।**

पीएम श्री शा. हा. स्कूल जुहली से 1998 से सेवाएं प्रदान कर रही हिन्दी विषय की उच्च माध्यमिक शिक्षक सरोज चढ़ार का सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह जुहली विद्यालय में आत्मीय और भावुक पलों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां वीणावादिनी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पूजन अर्चन से हुआ तत्पश्चात चढ़ार का स्वागत पुष्पहार एवं गुलदस्तों से किया गया विभिन्न वक्ताओं ने सेवानिवृत्त शिक्षिका के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी छात्र-छात्राओं में लोकप्रियता एवं अजातशत्रु की छवि और सर्वस्वीकार्यता के बेमिसाल गुणों पर प्रकाश डाला। विद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह प्रशस्ति-पत्र और उपहार प्रदान करते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।



## ढीमरखेड़ा में जल संरक्षण कार्यों को गति देने पर जोर

### योजनाओं की समीक्षा कर समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति पर विशेष फोकस किया गया। जनपद पंचायत सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने सेक्टरवार अधिकारियों और योजना प्रभारियों से ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे कार्यों की जानकारी ली और योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा की। बैठक में मनरेगा के अंतर्गत अमृत सरोवर निर्माण, जल संरचनाओं की पूर्णता, ई-केवाईसी, फोटो अपलोडिंग, लेबर बजट जैसे तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवासों की स्थिति, लंबित सर्वे कार्य, जांच प्रतिवेदन तथा स्वच्छता से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी कार्यों को केवल कागजों तक सीमित न रखकर वास्तविक रूप से गांवों में दिखाई देने योग्य परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। सीईओ ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्य ग्रामीण जीवन और कृषि व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए इन्हें प्राथमिकता के साथ गुणवत्ता और समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यों में प्रगति लाने के लिए फील्ड स्तर पर सक्रियता आवश्यक है। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को गति देना और यह सुनिश्चित करना रहा कि सरकारी प्रयासों का लाभ सीधे ग्रामीण जनता तक पहुंचे तथा जल संरक्षण के प्रयास स्थायी और प्रभावी बन सकें।

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष के प्रयासों से कटनी आई शेल्बी हॉस्पिटल की टीम

### स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

### 16 मई को जिला अस्पताल में लगेगा जांच शिविर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

केंसर मुक्त भारत बनाने की दिशा में चलाई जा रही मुहिम में कटनी जिला भी शामिल हो गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के प्रयासों से शेल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जबलपुर ने कटनी जिले को केंसर मुक्त बनाने के लिए अभियान की शुरूआत की है। इसी के तहत शनिवार को शेल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जबलपुर की टीम ने कटनी पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को केंसर की रोकथाम के लिए प्रशिक्षित किया। जिला पंचायत कटनी के सभागार में तीन चरणों में आयोजित किये गए प्रशिक्षण शिविर में करीब 350 महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ राज सिंह ठाकुर, शेल्बी हॉस्पिटल जबलपुर के सीईओ डॉ




अंकित जैन, केंसर स्पेस्लिस्ट डॉ प्रशांत जैन, डॉ संजय जैन, मैनेजर संजय शर्मा सहित अन्य डॉक्टरों ने केंसर को लेकर जानकारियों से अवगत कराया।

### केंसर को जड़ से उखाड़ने की मुहिम : अशोक विश्वकर्मा

शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि केंसर सहित अन्य गंभीर किस्म की बीमारियों को लेकर अभी भी लोगों में जागरूकता का अभाव है। कईयों बार लोगों को बीमारी के बारे में उस समय पता चलता है, जब हाथ में कुछ नही रहता। ऐसी स्थिति में मरीज की जिंदगी को बचाया नहीं जा सकता। विश्वकर्मा ने शेल्बी हॉस्पिटल की टीम में शामिल सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शेल्बी हॉस्पिटल के माध्यम से कटनी जिले में केंसर मरीजों को इसका फायदा मिलेगा। केंसर जैसी घातक बीमारी के खिलाफ यह मुहिम वरदान का काम करेगी। केंसर को भारतमुक्त बनाने की दिशा में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारियों से कहा कि अब आपकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। आपको इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद अधिक से अधिक लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए काम करना होगा।

### मरीजों का होगा निःशुल्क इलाज

शेल्बी हॉस्पिटल के सीईओ डॉ अंकित जैन ने कहा कि कटनी जिले में यदि केंसर के खिलाफ जंग शुरू की जा रही है, तो इसका श्रेय जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा को जाता है। उन्हीं के प्रयासों से आज यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा से जब मुलाकात हुई तो उन्होंने कटनी में भी मरीजों के लिए केंसर जागरूकता के लिए अभियान शुरू करने और ग्रसित मरीजों को लाभान्वित करने का निवेदन किया। उन्हीं के आग्रह पर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में कटनी जिले में भी केन्सर मुक्त भारत अभियान शुरू किया जा रहा है। डॉ अंकित जैन ने कहा कि प्रत्येक महिला कर्मचारी का यह दायित्व है कि वो कम से कम 5 लोगों को चिन्हित करते हुए जांच शिविर में लाए, जिसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। केन्सर स्पेशलिस्ट डॉ प्रशान्त जैन ने शिविर के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों को केन्सर बीमारी को लेकर कई तरह की भ्रांतियों को दूर किया। उन्होंने बताया कि यदि समय पर केन्सर के बारे में पता चल जाता है तो मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि केन्सर तीन प्रकार के होते हैं।

### मानव कल्याण की दिशा में सराहनीय पहल : सीएमएचओ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज सिंह ठाकुर ने कहा कि मानव कल्याण की दिशा में शेल्बी हॉस्पिटल द्वारा सराहनीय पहल की गई है। कटनी जिले के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। इस पहल का श्रेय जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा को जाता है। चिन्हित मरीजों का इलाज निःशुल्क किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर समापन के उपरांत शेल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जबलपुर अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। फोटो : विकास गुप्ता

# हैदराबाद के सामने केकेआर अस्तित्व की लड़ाई लड़ेगी

हैदराबाद (वार्ता)।

सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग का नया इम्तिहान तब होगा, जब वे रविवार को यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2026 के दिन के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की मेज़बानी करेंगे। इस मैच में सबकी नज़र इस बात पर होगी कि क्या केकेआर टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बैटिंग यूनिट को रोक पाएगी।



एसआरएच लगातार पांच मैच जीतकर ज़बरदस्त लय में है। यह उनके शुरुआती लड़खड़ाते प्रदर्शन के बाद एक शानदार वापसी है, जिसमें उन्होंने अपने शुरुआती चार में से तीन मैच गंवा दिए थे। तब से हैदराबाद की यह फ्रेंचाइज़ी आईपीएल की सबसे खौफनाक बैटिंग टीम बन गई है, जो टॉप ऑर्डर में लगातार आक्रामक खेल और मिडिल ऑर्डर में गहराई के दम पर अपने विरोधियों पर हावी हो रही है। उनकी ताज़ा मिसाल मुंबई इंडियंस के खिलाफ देखने को मिली, जब उन्होंने सिर्फ 18.4 ओवर में 244 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस प्रदर्शन ने इस बढ़ती धारणा को और मज़बूत किया है कि एसआरएच नियमित रूप से रिकॉर्ड तोड़ने वाले स्कोर बनाने में सक्षम है।

इसके विपरीत, कोलकाता नाइट राइडर्स हैदराबाद में ऐसे सीज़न के साथ पहुंची है, जो दबदबे से ज़्यादा अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई जैसा रहा है। शुरुआती छह मैचों में पांच हार के बाद केकेआर का अभियान लगभग खत्म होने की कगार पर लग रहा था, लेकिन लगातार दो जीत ने उन्हें प्लेऑफ की दौड़ में वापस आने की उम्मीदें फिर से जगा दी हैं। फिर भी, उनके कुल मिलाकर संतुलन को लेकर अभी भी सवाल बने हुए हैं, खासकर तब जब उनके कई सीनियर बल्लेबाज लय और निरंतरता पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस वजह से रिंकू सिंह पर अतिरिक्त ज़िम्मेदारी आ गई है, जो एक बार फिर दबाव में केकेआर के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज़ ने लगातार अर्धशतक बनाए हैं, जिसमें लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नाबाद 83 रन की पारी भी शामिल है। अब वह कोलकाता के लिए सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरे हैं, खासकर तब जब वे इस सीजन के अपने सबसे मुश्किल मुकाबले का सामना करने जा रहे हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे और टिम सीफर्ट अपनी अच्छी शुरुआत को लगातार बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं, जबकि कैमरन ग्रीन और अंगकृष रघुवंशी ने कुछ अच्छी झलकियाँ तो दिखाई हैं, लेकिन वे मैच पर पूरी तरह से पकड़ बनाने में सफल नहीं हो पाए हैं। एसआरएच जैसी मजबूत टीम के खिलाफ, केकेआर अच्छी तरह जानती है कि उन्हें सिर्फ़ कुछ खिलाड़ियों के अलग-थलग योगदान से काम नहीं चलेगा, बल्कि उन्हें बल्लेबाज़ी में एक संपूर्ण और एकजुट प्रयास करना होगा।

## पंजाब टॉप स्पॉट पर अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से उतरेगा

**अहमदाबाद (वार्ता)।** पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 में एक ऐसे मुकाम पर पहुँच गई है, जहाँ अब बड़े से बड़े टारगेट भी उन्हें रोकने के लिए काफी नहीं लगते। रविवार रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स का सामना करने की तैयारी करते हुए, पंजाब किंग्स टूर्नामेंट की सबसे निडर चेज करने वाली टीम के तौर पर अपनी साख बनाए हुए है – एक ऐसी टीम जो 220 से ज़्यादा के स्कोर को भी आसानी से चेज़ करने लायक बना सकती है। यह साख सिर्फ़ हवा-हवाई बातों से नहीं बनी है। इसे लगातार बेहतरीन बैटिंग परफ़ॉर्मेंस से बनाया गया है, जिसकी सबसे बड़ी मिसाल इस सीज़न की शुरुआत में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ़ पंजाब का 265 रनों का रिकॉर्ड-तोड़ चेज़ है। एक ऐसे फ़ॉर्मेट में जहाँ कभी 200 रनों के स्कोर को छूना भी नामुमकिन माना जाता था, पंजाब किंग्स ने स्कोरबोर्ड प्रेशर की परिभाषा ही बदल दी है। उनकी बैटिंग की सोच ने पूरी लीग में मैचों का रुख ही बदल दिया है। अब विरोधी टीमें बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद जश्न नहीं मनातीं। इसके बजाय, गेंदबाज़ी करने वाली टीमें दूसरी पारी में इस बात से पूरी तरह वाकिफ़ होकर उतरती हैं कि पंजाब का एक ज़ोरदार पावरप्ले मैच का समीकरण पल भर में बदल सकता है। पंजाब के इस अभियान में उनका यही आत्मविश्वास साफ़ झलकता है। वे आठ मैचों में छह जीत और एक न्यो-रिज़ल्ट्ज के साथ पॉइंट टेबल में सबसे ऊपर आराम से बैठे हैं, और उनकी ज़्यादातर जीतें चेज़ करते हुए ही मिली हैं। इनमें से कई जीतें तो मैच खत्म होने से काफ़ी ओवर पहले ही हासिल कर ली गईं, जो इस बात का सबूत है कि वे कितनी तेज़ रफ़्तार से रन बना रहे हैं।





वहीं दूसरी ओर, गुजरात टाइटन्स भी अपने ही कुछ लक्ष्यों और चिंताओं के साथ इस मुकाबले में उतर रही है। नौ मैचों में पाँच जीत के साथ जीटी अभी भी प्लेऑफ़ की दौड़ में बनी हुई है, लेकिन लीग के आखिरी दौर में अब वे किसी भी तरह की चूक का जोखिम नहीं उठा सकते। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ़ हाल ही में मिली जीत ने उन्हें एक बार फिर से लय में ला दिया है। शुभमन गिल इस शानदार सीजन में आगे बढ़कर टीम की अगुवाई कर रहे हैं, जबकि साई सुदर्शन ने टॉप ऑर्डर को स्थिरता दी है। राशिद खान और कगिसो रबाडा ऐसे मैच-विनर बने हुए हैं जो पलक झपकते ही मैच का रुख बदल सकते हैं। फिर भी, गुजरात के लिए सबसे बड़ी चुनौती शायद रणनीति से ज़्यादा मानसिक हो सकती है। पंजाब किंग्स के खिलाफ़ बचाव करने का दबाव इस सीजन में एक अनोखी समस्या बन गया है। गेंदबाज़ी की जो रणनीतियाँ दूसरी टीमों के खिलाफ़ काम करती हैं, वे अक्सर पंजाब के लगातार आक्रामक इरादों के सामने नाकाम हो जाती हैं। गेंदबाज़ी में अच्छी शुरुआत मिलने के बाद भी, टीम लंबे समय तक मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखने में कामयाब नहीं हो पाती।

## नंदिनी शर्मा और यास्तिका भाटिया को भारत की टी-20 विश्व कप टीम में मिली जगह


मुंबई (वार्ता)।

भारत ने इंग्लैंड में जून-जुलाई में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए यास्तिका भाटिया, अनकैप्ड तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा और राधा यादव को टीम में चुना है। ये तीनों खिलाड़ी भारत की पिछली टी20 सीरीज़ का हिस्सा नहीं थीं, जिसमें भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ 4-1 से हार झेलनी पड़ी थी। 12 जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। इसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप कप्तान स्मृति मंधाना सहित कुल 15 सदस्यों के नाम का ऐलान हुआ है। ऑलराउंडर अमनजोत कौर दक्षिण अफ्रीका दौरे से पीठ की चोट के कारण बाहर थीं और चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। चयनकर्ताओं ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए काश्वी गौतम को उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना था, लेकिन वह भी चोटिल हो गईं और इसी वजह से विश्व कप टीम में जगह नहीं बना सकीं। इस घोषणा के साथ यह भी साफ़ हो गया कि दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गईं अनुष्का शर्मा और उमा छेत्री के लिए टीम में जगह नहीं बन सकी। इसी 15 सदस्यीय टीम के साथ भारत टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ़ तीन मैचों की टी20 सीरीज़ भी खेलेगा। टी20 विश्व कप और इंग्लैंड के खिलाफ़ होने वाली टी20 सीरीज़ के लिए भारतीय टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयांका पाटिल, राधा यादव




विश्व कप की शुरुआत 12 जून 2026 से होगी। टूर्नामेंट में भारत का पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ़ बर्मिंघम में है। भारतीय टीम कुल पांच मैच लीग स्टेज में खेलेगी। पाकिस्तान के मैच के बाद भारतीय टीम की अगली भिड़ंत नीदरलैंड्स (17 जून) और दक्षिण अफ्रीका (21 जून) के साथ है। फ़ाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारत अभी तक टी20 विश्व कप नहीं जीत पाया है, लेकिन वह मौजूदा वनडे चैंपियन है।

## लक्ष्य फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे



**होरसेंस (डेनमार्क)(वार्ता)।** यहां खेले जा रहे थॉमस और उबेर कप 2026 में भारत की संभावनाओं को एक झटका लगा है। लक्ष्य सेन सेमीफाइनल मैच में नहीं खेल पाएंगे, जो शनिवार को बाद में खेला जाना है। भारत का सेमीफाइनल मैच में आज बाद में फ्रांस से मुकाबला होना है, और लक्ष्य भारत के सबसे ऊंचे रैंक वाले पुरुष शटलर हैं (अप्रैल 2026 की रैंकिंग के अनुसार, विश्व रैंक 11)। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बाई ) के मानद महासचिव संजय मिश्रा ने आज जारी एक बयान में कहा कि पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले लक्ष्य चोट के कारण सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे।उन्होंने कहा, च्हमारे पुरुष सिंगल्स खिलाड़ी, लक्ष्य सेन, थॉमस और उबेर कप फाइनल्स में फ्रांस के खिलाफ आज के सेमीफाइनल मुकाबले में हिस्सा नहीं लेंगे। एक कड़े क्वार्टरफाइनल मैच के दौरान, जिसमें उन्हें कई बार डाइव लगानी पड़ी, लक्ष्य की कोहनी पर चोट लग गई। बयान में आगे कहा गया कि यह फैसला एहतियाती कदम के तौर पर लिया गया है। टीम के मेडिकल स्टाफ द्वारा पूरी तरह जांच-पड़ताल के बाद, यह फैसला एहतियाती कदम के तौर पर लिया गया है, ताकि लक्ष्य को ठीक होने के लिए पर्याप्त समय मिल सके और यह सुनिश्चित हो सके कि अगर भारत फाइनल में पहुंचता है, तो वह पूरी तरह से फिट स्थिति में हों। वह फिलहाल डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में हैं और उन्हें सभी जरूरी मदद दी जा रही है। टीम को उनके जल्द ठीक होने और अपनी बेहतरीन फॉर्म में लौटने का पूरा भरोसा और उम्मीद है। 2022 के थॉमस कप चैंपियन भारत ने शुक्रवार को अपने से ऊंची रैंक वाली टीम चीनी ताइपे पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी ने अपने सिंगल्स मैच जीते, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पुरुष डबल्स में जीत दर्ज की। भारत ने थॉमस कप सिर्फ एक बार (2022 में) जीता है और इस बार वह अपने रिकॉर्ड में एक और खिताब जोड़ना चाहेगा। थॉमस कप 2026 में भारत अब तक सिर्फ एक मैच हारा है; उसे ग्रुप चरण के एक करीबी मुकाबले में चीन (2-3) से हार का सामना करना पड़ा था।



## श्रीलंका की महिला टीम ने टी-20 सीरीज में बंगलादेश का किया सूपड़ा साफ

**सिलहट (बंगलादेश) (वार्ता)।** कप्तान चामरी अटापट्टू ( 41 रन और दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका महिला टीम ने शनिवार को बारिश से प्रभावित तीसरे टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को तीन रनों से शिकस्त दी।इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली है। आज यहां बंगलादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वर्षा प्रभावित मुकाबला (नौ-नौ ओवर) में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के लिए कप्तान चामरी अटापट्टू और इमेशा दुलानी की जोड़ी ने पहले विकेट लिये 43 रन जोड़े। चौथे ओवर में सुल्ताना खातून ने इमेशा दुलानी को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। इमेशा दुलाने ने 10 गेंदों में चार चौकों की मदद से 19 रन बनाये। इसके बाद तेजी से रन बनाने के प्रयास में श्रीलंकाई बल्लेबाजी लड़खडा गई। कविशा दिलहारी (15) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान अटापट्टू एक छोर थामे रन बनाती रही। वह पारी के आखिरी ओवर में रनआउट हुई। उन्होंने 27 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 41 रनों की पारी खेली। श्रीलंका के चार बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके।

## न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को छह विकेट से हराकर सीरीज बराबर की

**मीरपुर (वार्ता)।** जॉश क्लार्कसन (तीन विकेट), बेन सीयर्स और नेथन स्मिथ ( दो-दो विकेट) की अगुवाई गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद बेवन जैकब्स (नाबाद 62) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को वर्षा प्रभावित तीसरे टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को (डीएलएस पद्धति से) 20 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी जीत के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। 103 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 11.4 ओवरों में चार विकेट पर 104 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने एक समय 33 रन पर अपने चार विकेट गंवा दिये थे। के. क्लार्क (एक), डेन क्लीवर (एक) और टिम रॉबिनसन 14 गेंदों में (23) को शोरिफुल इस्लाम ने आउट किया। कप्तान निक केली (एक) को मेहदी हसन ने बोल्ड किया। ऐसे संकट के समय बेवन जैकब्स और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट लिए 71 रनों की मैच विजयी अविजित साझेदारी हुई। बेवन जैकब्स ने 31 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 62) रनों की पारी खेली। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 15 रन बनाकर नाबाद रहे।



इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने बंगलादेश की टीम पूरी टीम को 102 रनों के स्कोर पर समेट दिया था। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश के बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके और उनकी टीम मो. तौहीद हृदोय (33) , कप्तान लिटन कुमार दास (26) और सैफ हसन (16) के सहयोग से न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ विकेट पर 102 रन ही बना सकी। बंगलादेश के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बंगलादेश के लिए सैफ हसन और तंजिद हसन की जोड़ी ने 21 रन जोड़े। इसके बाद बंगलादेश ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाये।

## कच्चे तेल में गिरावट का असर

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 14 डॉलर टूटकर 108 डॉलर के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद शनिवार को देश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल के खुदरा दाम में मिला-जुला असर देखने को मिला। एक दिन में ब्रेंट क्रूड 122 डॉलर से गिरकर 108 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जिसने घरेलू ईंधन बाजार में हलचल पैदा कर दी। बीते 24 घंटे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड 118.20 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 101.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जो एक दिन पहले के 122 डॉलर के स्तर से काफी नीचे है। इस नाटकीय गिरावट के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल के दामों पर इसका असर कहीं वृद्धि तो कहीं कमी के रूप में सामने आया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 12 पैसे महंगा होकर 94.85 रुपये और डीजल 13 पैसे बढ़कर 87.89 रुपये प्रति लीटर हुआ। इसी तरह नोएडा में भी पेट्रोल 11 पैसे और डीजल 9 पैसे महंगे हुए। वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गुरुग्राम में उपभोक्ताओं को राहत मिली, जहां पेट्रोल और डीजल दोनों 9 पैसे सस्ते हुए हैं। हालांकि दिल्ली (पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये), मुंबई (पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये), चेन्नई (पेट्रोल 100.76 रुपये, डीजल 92.35 रुपये) और कोलकाता (पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये) जैसे देश के चारों महानगरों में शनिवार को ईंधन की कीमतें पहले के स्तर पर ही स्थिर बनी हुई हैं।




## कोटक महिंद्रा बैंक का तिमाही मुनाफा बढ़ा

**मुंबई (वार्ता)।** वित्त वर्ष 2025-26 की 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का एकल शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 4,027 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बैंक के निदेशक मंडल ने प्रति इक्विटी शेयर 65 पैसे के लाभांश की भी घोषणा की है। तिमाही के दौरान बैंक के ब्याज से प्राप्त शुद्ध आय आठ प्रतिशत बढ़कर 7,876 करोड़ रुपये हो गया। शुल्कों एवं सेवाओं से प्राप्त आय छह प्रतिशत बढ़कर 2,767 करोड़ रुपये रही। तिमाही के दौरान परिचालन व्यय तीन प्रतिशत बढ़कर 5,137 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने 5,855 करोड़ रुपये का तिमाही लाभ कमाया है जो सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। बैंक द्वारा दिया गया कुल बकाया ऋण 31 मार्च को 4,96,009 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। कुल जमा भी 15 प्रतिशत बढ़कर 5,38,301 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# जिंस बाजार में तेजी का रुख अनाज, तेल, चीनी सब महंगे

नयी दिल्ली (वार्ता)।



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को सभी सामान महंगे हो गये। चावल, गेहूं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में बढ़त देखी गयी। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 32 रुपये बढ़कर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,781 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 27 रुपये चढ़ गयी। दाल-दलहनों में भी तेजी रही। उड़द दाल की औसत कीमत 70 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। तुअर दाल 61 रुपये और मूंग दाल 60 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव 31 रुपये और मसूर दाल का 13 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ा। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 244 रुपये और वनस्पति 216 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 66 रुपये और पाम ऑयल 44 रुपये मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 42 रुपये और सरसों तेल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। चीनी भी 15 रुपये महंगी हुई।दाल चना 7661.85 रुपये, मसूर काली 8079.55 रुपये, मूंग दाल 10189.46 रुपये, उड़द दाल 10847.02 रुपये, तुअर दाल 11246.69 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2781.11 रुपये और चावल 3836.42 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3273.35 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4309.18 रुपये और गुड़ 5031.29 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17851.53 रुपये, मूंगफली तेल 18953.99 रुपये, सूरजमुखी तेल 17485.53 रुपये, सोया तेल 14981.32 रुपये, पाम ऑयल 13498.45 रुपये और वनस्पति 14958.43 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## एक्सिस बैंक ने अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा शुरू की

नई दिल्ली ।

निजी क्षेत्र के बैंक एक्सिस बैंक ने शनिवार को यहां अपनी पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया. एक्सिस बैंक ने बयान में कहा कि यह शाखा सुरक्षित बैंकिंग को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक कदम है. इसमें उन्नत स्वचालन, उच्च स्तरीय सुरक्षा और अत्याधुनिक लॉकर सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने पर जोर दिया गया है। इस शाखा का उद्घाटन वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने बैंक के प्रबंध निदेशक अमिताभ चौधरी और कार्यकारी निदेशक मुनीश शारदा की उपस्थिति में किया। बयान के अनुसार, भारत में सुरक्षित जमा लॉकर की उपलब्धता और मांग के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है, खासकर घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में। उद्योग के अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2030 तक देश में लगभग छह करोड़ संपन्न लोगों को बैंक लॉकर की आवश्यकता होगी, जबकि वर्तमान में केवल करीब 60 लाख लॉकर ही उपलब्ध हैं। यह अंतर बड़े शहरों में और अधिक स्पष्ट है, जहां शहरी आवास तेजी से गेटेड रिहायशी परिसरों पर केंद्रित हो रहा है. एक्सिस बैंक की यह डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा इसी बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए विकसित की गई है, जो प्रीमियम आवासीय क्षेत्रों में सुरक्षित और स्वचालित लॉकर सेवाएं प्रदान करती है। बैंक ने कहा कि शाखा के डिजाइन और सेवा वितरण को नए सिरे से तैयार कर वह घनी शहरी आबादी वाले क्षेत्रों में अपनी भौतिक उपस्थिति को मजबूत कर रहा है और ग्राहकों को अधिक नियंत्रण, गोपनीयता और सुविधा प्रदान कर रहा है।

# वैश्विक उथल-पुथल के बीच झूलता रहा शेयर बाजार

### साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में लगभग 0.50 फीसदी और निफ्टी में 0.39 फीसदी की गिरावट रही

मुंबई ।

मजदूर दिवस के अवकाश के कारण यह सप्ताह छोटा रहा, पर भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों को भावनाओं के रोलरकोस्टर का अनुभव हुआ। लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को बाजार में आशा लौटी पर मंगलवार और खासकर गुरुवार को वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी फंडों की निकासी से बाजार फिर दबाव में आ गया। इस अस्थिर सप्ताह में सेंसेक्स और निफ्टी में तीव्र उतार-चढ़ाव रहा। सप्ताह का पहला दिन भारतीय बाजार के लिए राहत भरा रहा। पिछली गिरावट के बाद सोमवार को बाजार जोरदार हरे निशान पर खुले। वैश्विक सकारात्मक संकेतों और प्रमुख शेयरों में खरीदारी से दिनभर तेजी रही। सेंसेक्स 639 अंक बढ़कर 77,303 पर, और निफ्टी 194 अंक चढ़कर 24,092 पर बंद हुए, जिससे निवेशकों को बड़ी राहत मिली। मंगलवार को बाजार की गति धीमी रही। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में गिरावट से नरमी आई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 208 अंक गिरा, निफ्टी भी 42 अंक लुढ़का। रुपया भी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे कमजोर हुआ। दिन के मध्य में सुधार का प्रयास टिकाऊ नहीं रहा। अंतत:, सेंसेक्स 416 अंक गिरकर 76,886 पर, और निफ्टी 97 अंक गिरकर 23,995 पर बंद हुए, जिससे यह 24 हजार के स्तर से नीचे चला गया। बुधवार को बाजार ने शानदार वापसी की। ईरान-अमेरिका तनाव कम होने की उम्मीद और सकारात्मक वैश्विक संकेतों के दम पर भारतीय शेयर बाजार में तेजी लौटी। मजबूत खरीदारी से सेंसेक्स 77,400 और निफ्टी 24,100 के पार निकल गए। अंत तक सेंसेक्स 609 अंक उछलकर 77,496 पर, जबकि निफ्टी 24,177 पर पहुंचा। सप्ताह का अंत फिर नकारात्मक रहा। गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल, कमजोर वैश्विक रुझानों और विदेशी निधियों की लगातार निकासी के बीच प्रमुख सूचकांकों में तेज गिरावट आई। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स 959 अंकों तक टूटा और 76,537 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 285 अंक कमजोर होकर 23,892 पर आ गया। वैश्विक दबाव और पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर पड़ा। अंतत:, सेंसेक्स 582 अंक गिरकर 76,913 पर बंद हुआ, और निफ्टी 180 अंक गिरकर 23,997 पर आ गया, एक बार फिर 24 हजार के स्तर से नीचे। कुल मिलाकर यह सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए तीव्र अस्थिरता और वैश्विक घटनाओं पर बढ़ती निर्भरता का परिचायक रहा। सप्ताह का अंत सेंसेक्स और निफ्टी दोनों के लिए मामूली गिरावट के साथ हुआ, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बाजार में सावधानी भरे रुख को दर्शाता है। आने वाले समय में निवेशकों की नजर पश्चिम एशिया की स्थिति, कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर बनी रहेंगी।



# प्रकृति अनुकूल स्थापत्य हमारे वास्तु का है आधार : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने ग्रीन बिल्डिंग तकनीक पर केंद्रित दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार का किया कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रकृति अनुकूल स्थापत्य हमारे वास्तु का आधार है। वर्तमान समय की बड़ी चुनौती यह है कि हम कंक्रीट के बढ़ते जंगलों और सिमटते प्राकृतिक संसाधनों के बीच खड़े हैं। पर्यावरण अनुकूल निर्माण को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम उस परंपरा के उत्तराधिकारी हैं जिन्होंने स्वस्थ नगर नियोजन के साथ जल संरक्षण के लिए विशाल इकोलॉजिकल सिस्टम बनाये। विद्वान, वास्तुकार राजा भोज द्वारा विकसित भोपाल इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। सौभाग्य का विषय है कि सस्टेनेबल फ्यूचर इनोवेशंस इन ग्रीन बिल्डिंग प्रैक्टिसेस जैसे विषय पर भोपाल में राष्ट्रीय सेमिनार हो रहा है। प्रदेश के ऐतिहासिक स्थल मांडव के जल प्रबंधन और नगर नियोजन को देखते हुए वहां भी इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्रीन बिल्डिंग तकनीक पर अखिल भारतीय सेमिनार और इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की 113 गवर्निंग कॉउंसिल मीटिंग के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोक निर्माण विभाग तथा इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस, कार्यक्रम के आयोजक हैं।



***आईबीसी की बिल्ट इन्वायरमेंट पत्रिका का विमोचन***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शॉल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम वंदे-मातरम के गान के साथ आरंभ हुआ। इस अवसर पर आईबीसी इनोग्रल सॉन्ग और लोक निर्माण विभाग की परियोजना क्रियान्वयन इकाई की गतिविधियों पर लघु फिल्म की प्रस्तुति हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग की स्मारिका, न्यूज लेटर और आईबीसी की बिल्ट इन्वायरमेंट पत्रिका का विमोचन किया। उनकी उपस्थिति में आईआईटी इंदौर और लोक निर्माण विभाग के बीच निर्माण तकनीक पर केंद्रित एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। दूसरा एमओयू लोक निर्माण विभाग तथा गृहा संस्था के साथ किया गया।

***हम पकृति से सीखें और उसके साथ आगे बढ़ें***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राजा भोज ने भोज पत्रों पर लेख और निर्माण कार्यों के माध्यम से हमें प्राचीन भारतीय निर्माण परंपरा की अद्भुत सौगात दी है। राजा भोज ने पकृति के साथ प्रगति की बात समरांगण सूत्रधार में स्पष्ट की थी। हमारे ग्रंथों में कहा गया है यत् पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे अर्थात् जो शरीर में है वही ब्रह्मांड में है। ग्रीन बिल्डिंग, पृथ्वी-जल-अग्नि-वायु-आकाश तत्वों के समावेश से हमारे घरों को उसी ब्रह्मंडीय संतुलन में वापस लाने की एक प्रक्रिया है। हमारे प्राचीन ग्रंथ यह मानते हैं कि एक भवन में इन सब तत्वों का समावेश आवश्यक है। वर्तमान दौर में जीपीएस एक नई तकनीक है, लेकिन पृथ्वी का भौगोलिक केंद्र उज्जैन के पास डोंगला में है। यह प्राचीन काल से समय गणना का मुख्य केंद्र माना जाता है। तत्कालीन गणना की सटीकता इससे सिद्ध होती है कि वर्तमान में भी निश्चित तिथियों पर मौसम में बदलाव का अनुभव किया जा सकता है।

***राशि का सदुपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास हमारी प्राथमिकता है, लेकिन अधोसंरचना विकास में राशि का सदुपयोग हो, इन बिन्दुओं के साथ ही हम ग्रीन बिल्डिंग तकनीक पर आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। ग्लोबल वॉर्मिंग आज अलार्मिंग हो चुकी है, यह मुख्य चुनौती बनकर सामने आई है। राज्य सरकार ने इस चुनौती का सामना करने में जन-जन की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुढ़ी पड़वा से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की है। गंगा दशहरा 25 मई को इसके अंतर्गत प्रदेश में कुएं, बाबड़ियों और सभी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है।

***सस्टेनेबल फ्यूचर केवल विचार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है : सिंह***- लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग प्रदेश के बेहतर भविष्य के लिए नवाचारों के साथ अधोसंरचना विकास को गति प्रदान कर रहा है। प्रदेश में टिकाऊ निर्माण के लिए भारतीय प्राचीन निर्माण तकनीक पर हम आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वैदिक घड़ी को सराहा है। इस घड़ी के निर्माण का श्रेय मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जाता है। प्रदेश में बनने वाले सभी भवन अब ग्रीन बिल्डिंग तकनीक पर बनाए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग ने अपने प्रशिक्षण कैलेंडर में ग्रीन बिल्डिंग तकनीक को शामिल किया है। प्रदेश में हाईवे और फ्लाईओवर्स को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग तकनीक के साथ तैयार किया जा रहा है। मंत्री श्री सिंह ने विशेषज्ञों से आह्वान किया कि मध्यप्रदेश की विविध भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कम लागत वाली ग्रीन बिल्डिंग तकनीकों का विकास किया जाए, जिससे आम नागरिक भी इनका लाभ प्राप्त कर सकें।

***लोक निर्माण विभाग ने बनाई अपनी नई छवि***- प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग और आईबीसी मध्यप्रदेश चैप्टर के प्रेसिडेंट श्री एस.आर. बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदृष्टि के परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश में अब सभी भवन ग्रीन बिल्डिंग तकनीक पर बन रही हैं। आईबीसी प्रेसिडेंट श्री चिन्मय देवनाथ ने कहा कि आज इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की 113 गवर्निंग काउंसिल मीटिंग में ग्रीन बिल्डिंग सामग्री, ऊर्जा दक्षता, प्राकृतिक प्रकाश एवं वेंटिलेशन, स्मार्ट टेक्नोलॉजी, प्रीडिक्टिव मेंटेनेंस, 3ष्ठ प्रिंटिंग एवं प्री-फैब्रिकेशन जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श होगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सेक्टर में आ रही चुनौतियों का हल निकालना है। ग्रीन बिल्डिंग तकनीक पर्यावरण के लिए लाभकारी है। इसमें ऊर्जा संरक्षण और जल संरक्षण पर खास जोर दिया जाता है।



# जल संरक्षण में मध्यप्रदेश देश में अव्वल: डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के लिए प्रदेशवासियों से किया आहवान

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल ही जीवन है और जल संरक्षण ही सुरक्षित भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरक मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पानी को सहेजने के कार्य में जन-जन को जोड़ा जा रहा है। मध्यप्रदेश में जनभागीदारी आधारित जल संचय अभियान में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि केवल एक रैंक नहीं बल्कि प्रदेशवासियों की जागरूकता, सहभागिता और भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जल संरक्षण और प्रकृति अनुरूप रहन-सहन की व्यवस्था भारतीय जीवनशैली और परम्पराओं में सदियों से रची-बसी है। हमारे यहां नदी-तालाब-कुंओं की साफ-सफाई को पुण्य कार्य माना गया है। इन गतिविधियों के धार्मिक महत्व को देखते हुए गंगा दशहरा 25 मई को जल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई और पौधरोपण के लिए श्रमदान तथा अन्य गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इन गतिविधियों का पुण्य प्राप्त करने के लिए अधिक से अधिक नागरिक गंगा दशहरा पर अपने आस-पास के जल स्त्रोतों और जल संरचनाओं की साफ-सफाई तथा रखरखाव के कार्य से जुड़ें। जनसामान्य की यह पहल मध्यप्रदेश को जल संरक्षण में एक आदर्श व अनुकरणीय राज्य के रूप में देश में प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संचय भागीदारी अभियान में मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 5 लाख 64 हजार 119 कार्य पूर्ण हुए हैं। जिला स्तर पर डिण्डौरी और खण्डवा जिले देश में क्रमशः प्रथम और द्वितीय रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर, सुरक्षित और सस्टेनेबल धरती सौंपना हमारा दायित्व है, जो बिना पर्याप्त जल की उपलब्धता के संभव नहीं है। अतः जल संरक्षण के कार्य में जन-जन को जोड़ना जरूरी है। उन्होंने पंचायतों, नगरीय निकायों, सामाजिक-धार्मिक संगठनों, स्वंयसेवी संस्थाओं, स्व-सहायता समूहों, व्यापारिक संगठनों तथा अन्य सभी संस्थाओं से पानी बचाने की गतिविधियों में जुड़ने का आहवान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पानी बचाने और जल स्त्रोतों की बेहतरी के लिए पारिवारिक और व्यक्तिगत स्तर पर पहल करने के लिए भी लोग आगे आएं।

# मध्यप्रदेश में शासन व्यवस्था पूरी तरह विफल केंद्र सरकार करे हस्तक्षेप : जीतू पटवारी

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में लगातार हो रहे बड़े हादसों, सामूहिक मौतों, किसानों की बदहाली, बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार तथा प्रशासनिक अव्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में शासन व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और अब केंद्र सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनमें सामूहिक रूप से लोगों की जान जा रही है। यह केवल हादसे नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही से हो रही मौतें हैं। राजनीतिक जिम्मेदारी पूरी तरह शून्य हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वे इस गंभीर स्थिति को लेकर महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को पत्र लिख रहे हैं, ताकि मध्य



प्रदेश की विफल शासन व्यवस्था पर केंद्र सरकार संज्ञान ले। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पानी तक सुरक्षित नहीं है, जहरीले पानी से लोगों की जान जा रही है। दवाइयों की लापरवाही से 26 बच्चों की मौत होना अत्यंत दुखद और शर्मनाक है। एनजीटी की आपत्तियों के बावजूद क्रूज संचालन किया गया, जिसकी लापरवाही से 9 लोगों की जान गई। बरगी डैम से जब शव निकाले जा रहे थे, उस समय मुख्यमंत्री राजभवन में लोक नृत्य देखने में व्यस्त थे। यह संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। श्री पटवारी ने कहा कि आदिवासी अंचलों में परिवहन व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क हादसों में लगातार आदिवासी भाइयों-बहनों की जान जा रही है। प्रदेश में अपराध, भ्रष्टाचार और अत्याचार चरम पर है। अगर आज मध्य प्रदेश में सर्वे करा लिया जाए, तो 10त्न लोग भाजपा को चुनेंगे और 90त्न लोग कांग्रेस को। अब भाजपा सरकार की प्रदेश से उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। किसानों के मुद्दे पर श्री पटवारी ने कहा कि बारिश, ओलावृष्टि और पानी भराव से किसानों का अनाज खराब हो गया। प्रदेश में 245 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन हुआ, लेकिन किसानों को मजबूरी में कम दामों पर गेहूं बेचना पड़ा। सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। उन्होंने मांग की कि गेहूं और धान की भावांतर राशि किसानों को तत्काल दी जाए। उन्होंने घोषणा की कि किसानों के हित में 7 तारीख को बड़वानी से मुरैना तक नेशनल हाईवे जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्नदाता के पास पैसा होगा तभी देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भोपाल में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर श्री पटवारी ने कहा कि यह भाजपा का षड्यंत्र है। एक संस्था का परिसर बढ़ाने के लिए 70 वर्षों से बसे गरीब परिवारों को हटाया जा रहा है। न्यायालय भी ऐसे मामलों में गरीबों के दर्द को समझे। गरीब परिवारों की बद्दुआ भाजपा सरकार को लगेगी। निगम-मंडलों में नियुक्तियों पर उन्होंने कहा कि सरकार केवल बंदरबांट कर रही है। कर्ज लेकर सरकार चलाई जा रही है और भाजपा नेताओं को उपकृत किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में शासन पूरी तरह फेल हो चुका है।

# किसानों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं : कलेक्टर

दमोह (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ शनिवार सुबह 11.30 बजे समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रहे गेहूॅ की जमीनी हकीकत जानने औचक रूप से पिपरिया चम्पत गेहू खरीदी केंद्र पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी के साथ खरीदी केंद्र का बारीकी से जायजा लिया और किसानों को समिति और खरीदी से जुड़े कर्मचारियों को अलग कर किसानों से पूरी बात सामने रखने कहा किसानों ने अपनी आपबीती सुना दी। सुनते ही कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने खाद्य और संबंधित अधिकारियों को दो टूक कहा लापरवाही पर सख्त कार्यवाही होगी। कलेक्टर ने तत्काल ही एसडीएम पथरिया को संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ तौल प्रक्रिया का अवलोकन किया।

किसानों ने बताया कि तुलाई के नाम पर उनसे अवैध रूप से अतिरिक्त पैसे वसूले जा रहे हैंए जबकि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश हैं कि किसानों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा सैंपल के नाम पर अधिक मात्रा 3 से 5 किलो तक अनधिकृत व्यक्ति द्वारा रखी जा रही है। किसानों ने यह भी शिकायत की कि वेयरहाउस संचालक और पल्लेदार मिलकर तौल में हेरफेर कर रहे हैं, निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि किसानों को समय पर पर्चियां नहीं दी जा रही हैं। कम्प्यूटर रिकॉर्ड में 24 अप्रैल की पर्ची अभी तक बनाई जा रही थी जिसे कलेक्टर ने गंभीर लापरवाही बताया। इन अनियमितताओं पर कलेक्टर यादव ने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दोषियों के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज करने और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समिति प्रबंधक की लापरवाही पर भी कार्रवाई की बात कही गई है। कलेक्टर ने कहा किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों को कठोर दंड दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार का भुगतान न करें और समस्याओं की सूचना कंट्रोल रूम में दें। उन्होने आश्वासन दिया है कि उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा और भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर कड़ी नजर रखी जाएगी।



### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** खेल और युवा कल्याण विभाग पथरिया एवं विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर और महाराणा प्रताप शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक माह तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। युवा समन्वयक संतोषी पटेल ने बताया कि विकासखंड मुख्यालय पर दो प्रचलित खेल खो-खो एवं वॉलीबॉल खेलों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बालक बालिकाओं को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में मोहन नेमा विशिष्ट अतिथि जिनेंद्र बांझल ललित पटेल, मुख्यवक्ता डॉ सुरेंद्र चौरसिया, बाबूलाल सेन प्राचार्य, खेल प्रशिक्षक कपिल पटेल, दिलीप चौधरी, दयाराम पटेल, प्रीति खटीक, रजनी विश्वकर्मा, नितिन मिश्रा, लखन पटेल, राजकुमार झारिया, कोमल साहू समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पत्रकार सुरक्षा कानून सहित सभी मांगें पूरी होगीं: शुक्ल

### मजदूर दिवस पर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ने जबरदस्त रैली निकाल कर बुलंद की आवाज

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पत्रकार सुरक्षा कानून सहित विभिन्न मांगों को पूरा करने का भरोसा देते हुए कहा है कि हमारी सरकार समस्याओं का समाधान करने के लिए है। वे अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शुक्रवार को भोपाल के समन्वय भवन में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पहले संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को पत्रकार सुरक्षा कानून सहित 21 सूत्रीय मांगों का पत्र सौंपा। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री मुकेश नायक सहित पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में आए श्रमजीवी पत्रकार साथी मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद न्यू मार्केट में श्रमजीवी पत्रकार साथियों ने अपनी मांगों को लेकर विशाल रैली निकाल कर अपनी आवाज बुलंद की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मांग पत्र उन्हीं को




दिया जाता है जो मांग को पूरा करते हैं। इसलिए निश्चित रूप से पत्रकारों की मांगों पर ध्यान दिया जाएगा। समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से होता है। सरकार ने पहले भी पत्रकारों की कई मांगों को पूरा किया है। वे मुख्यमंत्री से जरूर बात करेंगे कि पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए कमेटी क्यों नहीं बनी। श्री शुक्ल ने कहा कि सत्ता आती है, जाती है हम लोग जनता की समस्या का समाधान करने वाले लोग हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के कटाक्ष पर कहा कि उन्हें पत्रकारों की मांगों को पूरा करने के लिए मदद नहीं करनी पड़ेगी, सरकार खुद यह काम करेगी। उन्होंने कहा कि जो जहां हैं वहीं रहें। वे विपक्ष का अपना काम अच्छा कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र को वरदान बनाना है तो हमें पत्रकारिता को मजबूत बनाना पड़ेगा।

***शलभ और संघ एक दूसरे के पर्याय***- श्री शुक्ल ने कहा कि शलभ भदौरिया और मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ एक दूसरे के पर्याय हैं। इतने लंबे समय तक शलभ जी द्वारा दायित्व का निर्वाह उनके कार्यों को मान्यता प्रदान करता है। श्री शुक्ल ने कहा कि इतने लंबे समय से संगठन चलकर पत्रकारिता को मजबूत करने पर वे शलभ भदौरिया का अभिनंदन करते हैं। उपमुख्यमंत्री ने श्रमजीवी साथियों की विशाल संख्या को देखकर कहा कि जितने साथी हाल में हैं उससे कहीं ज्यादा बाहर मौजूद हैं। यह सब मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के भरोसे के कारण है। इसीलिए यह संघ टिका है। इतना ही नहीं पत्रकारिता क्षेत्र के प्रदेश के मजबूत स्तंभ यहां उपस्थित हैं।

***हम पूरी कर देंगे मांग: जीतू पटवारी***- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकारों ने अपनी मांगों को लेकर जो भावना व्यक्त की वह स्वाभाविक है। उनकी मांगे पूरी करना सरकार का दायित्व ही नहीं पत्रकारों का अधिकार भी है। उन्होंने श्रमजीवी पत्रकार साथियों की मांगों का समर्थन करते हुए उपमुख्यमंत्री से उन्हें पूरा करने को कहा। श्री पटवारी ने कटाक्ष कर कहा कि आप जो मांगें छोड़ देंगे वे हम पूरी कर देंगे। श्री पटवारी ने कहा कि आज देशभर में हालात इतने खराब हैं कि 400 पत्रकारों पर हमले हो चुके हैं और इनमें 40 पत्रकारों की मौत हो चुकी है। समाज को सही दिशा में चलाने और सच्चाई उजागर करने पर पत्रकारों पर हमले हो रहे हैं। पत्रकार एक सैनिक की भूमिका निभाता है, उसकी रक्षा करना सरकार और समाज का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पत्रकार कमियां खोज कर लाता है और इस पर विपक्ष आवाज उठाता है। यदि हमलों के डर से विपक्ष भी आवाज उठाना बंद कर दे तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। श्री पटवारी ने कहा कि किस तरह का वातावरण है कि पत्रकारों को सुरक्षा मांगनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क विभाग को पत्रकारों के रक्षक का काम करना चाहिए जबकि वह मुख्यमंत्री का मूड ठीक करने के काम का होकर रह गया है।

***उपमुख्यमंत्री को सौंपा 21 सूत्रीय मांग पत्र***- इसके पहले शासन संगठन समन्वय समिति के संयोजक रिजवान अहमद सिद्दीकी ने लिफ्ट गिरने पर घायल होने के बावजूद कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के 21 सूत्रीय ज्ञापन का वाचन कर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से उन्हें पूरा करने की मांग की। ज्ञापन की प्रति प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने उपमुख्यमंत्री को सौंपी। उन्होंने मांगों को तत्परता से पूरा करने की जरूरत बताई।कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। श्रमजीवी साथियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप सिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह तोमर, संयोजक सदस्यता अभियान समिति सरल भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी, अनिल त्रिपाठी, प्रदेश सचिव मेंहदी हसन, रामशरण पाराशर सहित पूरे प्रदेश से आए प्रदेश, संभाग, जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों सहित हजारों सदस्य मौजूद थे।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 04, छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम, जबलपुर**

पंत्राक/स.अ./04/एम/37/ 2025-26 दिनांक 27/04/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्तिकर पिन नं. 1000506315 में पंजीकृत भवन स्वामी श्री अहमद के स्थान पर आवेदक श्री/श्रीमति केशर जीलानी पिता स्व. श्री शेख अहमद ने मकान नं. 1930 वार्ड क्रं. 12 प्लाट भूतल 390 एवं दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस पर किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय, क्रमांक-04, छोटी लाईन फाटक, गोरखपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम, जबलपुर**



### ➤ नगर निगम के द्वारा लिया गया स्वच्छता का संकल्प

## गौरीघाट 85 प्रतिशत भिक्षावृत्ति से मुक्त

*जबलपुर।* संस्कारधानी की जीवनदायिनी मां नर्मदा का पावन तट गौरीघाट अब एक नई पहचान की ओर अग्रसर है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में किए गए विशेष प्रयासों से गौरीघाट न केवल स्वच्छता के लिए बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भिक्षावृति मुक्त होने की दिशा में भी बड़ी सफलता हासिल की है। नगर निगम के सर्वेक्षण में चिन्हित कुल 367 भिक्षुओं में से 85 प्रतिशत को सफलतापूर्वक अन्यत्र शिफ्ट कर दिया गया है। यह पुनर्वास की एक सकारात्मक पहल है।

### ➤ रांझी के मड़ई में वारदात, प्रकरण दर्ज

## घर में घुसकर मारपीट कर कार में की तोड़फोड़



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थानातंर्गत मड़ई के चौधरी मोहल्ले में दो लोगों ने एक महिला के साथ मिलकर पुराने विवाद पर युवक के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं आरोपी महिला ने ईंट से हमला कर युवक को घायल कर दिया और बाहर खड़ी उनकी ब्रेजा कार में तोड़फोड़ कर दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि मड़ई चौधरी मोहल्ला निवासी 27 वर्षीय महेन्द्र सूर्यवंशी बीती देररात अपने घर पर था। उसी समय लेखराम चौधरी व अजय चौधरी दोनों उसके घर के अंदर घुस आये और पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरु कर दी।



# बरगी डैम क्रूज़ हादसा

# सर्चिंग में मिले 2 मासूमों के शव, 2 अभी भी लापता

### अब तक 11 मौतें लापताओं को ढूंढने बढ़ाया गया सर्चिंग का दायरा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बरगी डैम में हुए क्रूज़ हादसे लापता हुए लोगों को तलाशने शनिवार को एक बार फिर सर्चिंग ऑपरेशन चलाया गया। इसी बीच शाम होते हुए गहरे पानी से चार वर्षीय बालक विराज सोनी पिता कृष्णा सोनी निवासी कोतवाली और पांच वर्षीय श्री तमिल पिता कामराज निवासी खमरिया का शव निकाला गया। इस घटना में अब तक कुल 11 लोगों की मौत हो चुकी हैं, जबकि 2 लोग अभी भी लापता है। जिनकी तलाश के लिए सेना के साथ स्पेशल टीमें बोट के जरिए सर्चिंग कर रही हैं। इस दौरान लापता



लोगों को खोजने के लिए सर्चिंग का दायरा भी बढ़ाया गया है। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीमें तैनात हैं।

***ये है पूरा घटनाक्रम*** – दरअसल विगत गुरूवार को बरगी डैम में शाम करीब 5 बजे एमपी टूरिज्म का पर्यटकों से भरा क्रूज़ कुछ दूरी पर जाते ही तेज हवाओं और आंधी के बीच डूब गया था। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त क्रूज़ में लगभग 47 पर्यटक सवार थे, जबकि टिकट सिर्फ 29 लोगों की ही कटी थी। यह हादसा किनारे से करीब 300 मीटर दूर हुआ। जिस समय क्रूज़ डूबा, उस वक्त हवा की रफ्तार करीब 74 किलोमीटर प्रति घंटा थी।





इस घटना के बाद 28 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया जबकि 11 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। वहीं इस हादसे में आयुध निर्माणी खमरिया में कार्यरत कर्मचारी कामराज आर्य और 9 वर्षीय भतीजा मयूरम अभी भी लापता है। जिनकी तलाश के लिए लगातार सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि कामराज आर्य परिवार के 15 लोगों के साथ घूमने गए थे। कामराज के माता-पिता भी साथ में थे, लेकिन वह डैम के किनारे बैठे हुए थे। कामराज के साथ उनकी पत्नी, भाभी और बच्चे क्रूज़ में थे। वहीं उनकी पत्नी 38 वर्षीय काकुलाझी, 42 वर्षीय भाभी सौभाग्यम अलागन और 5 वर्षीय भतीजे श्री तमिल की इस हादसे में मृत्यु हो चुकी है।

## स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए बरगी क्रूज़ हादसे की जांच: सांसद विवेक तन्खा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरगी डैम के हुए क्रूज़ हादसे को लेकर राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा पत्रकारवार्ता करते हुए हादसे पर दुख प्रगट कर गंभीर सवाल उठाते हुए तत्काल ही इस घटना की स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से जांच की मांग की है। सांसद श्री तन्खा ने कहा कि घटना के बाद केवल निजी कर्मचारियों पर कार्यवाही कर उन्हें हटाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सख्त कार्यवाही की जानी




चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि जब मौसम ज्यादा खराब था, तब क्रूज़ संचालन की अनुमति कैसे और किस अधिकारी द्वारा दी गई। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि बिना लाइफ जैकेट प्रदान किये इस ख़राब मौसम में पर्यटकों को क्रूज़ में प्रवेश क्यों दिया गया, जो कि सुरक्षा नियमों का स्पष्ट एवं घोर उल्लंघन है। अधिकारियों की इसी लापरवाही के कारण कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। कई लोग जो अपने परिवारों और बच्चों को बरगी डेम लेकर गये थे वे इस भयंकर लापरवाही के कारण अपने परिजनों को खोकर जीवनभर इस त्रासदी के साथ जियेंगे। श्री तन्खा ने पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराने की मांग की है, ताकि घटना के वास्तविक कारण सामने आ सकें और दोषियों को कठोर दंड मिल सके। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए न्यूनतम 10 लाख रुपये के मुआवजे और घायलों हेतु उचित मुआवजे की मांग करते हुए कहा कि यह सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि इन परिवारों को ज्यादा से ज्यादा और उचित मुआवजा प्रदान करें। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से लखन घनघोरिया विधायक, तरुण भनोट, विनय सक्सेना, सौरभ नाटी शर्मा अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी शहर, संजय यादव अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस कमेटी आदि उपस्थित रहे।

# विनोद गोंटिया बने मप्र तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष

### मप्र शासन ने जारी की विभिन्न निगमों और प्राधिकरणों में नियुक्तियां

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री विनोद गोंटिया को मप्र तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण का



अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, श्री गोंटिया इसके पूर्व मप्र पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व निर्वहन कर चुके है। उनकी इस नियुक्ति पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, लोक निर्माण मंत्रीराकेश सिंह, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## संदीप जैन बने जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष

इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और अपनी सामाजिक सक्रि यता के लिए पहचाने जाने वाले समरसता सेवा संगठन के संस्थापक संदीप जैन को जबलपुर विकास प्राधिकरण का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शहर के विकास और बुनियादी ढांचे को गति देने की जिम्मेदारी अब उनके कंधों पर होगी। उनके साथ ही प्रशांत केसरवानी को प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त कर टीम को मजबूती दी गई है।

## जनगणना कार्य कर रहे कर्मचारियों का हो बीमा

### जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों और लोक सेवकों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने मुख्यमंत्री से माँग की है कि इस भीषण गर्मी में फील्ड पर कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों का अनिवार्य रूप से बीमा कराया जाए। रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि मई माह की भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच शिक्षक घर-घर जाकर मकान गणना, नज़री नक्शा तैयार करने और परिवार गणना जैसे कठिन कार्य कर रहे हैं। इन कर्मचारियों में कई ऐसे शिक्षक भी शामिल हैं जो गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं। चूँकि उन्हें लगातार धूप और गर्मी में फील्ड वर्क करना पड़ रहा है, जिससे किसी भी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। संगठन का कहना है कि शासन-प्रशासन को इन लोक सेवकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि इस भीषण गर्मी के चलते किसी भी कर्मचारी के साथ कोई दुर्घटना या स्वास्थ्य संबंधी अप्रिय घटना घटती है, तो उनके आश्रितों को जीवकोपार्जन के लिए एकमुश्त बीमा राशि मिलनी आवश्यक है।ह्य

## नशे में धुत डायल 112 के आरक्षक ने युवक को पीटा

### घटना का वीडियो हुआ वायरल क्षेत्रीयजनों में दिखा आक्रोश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बरेला थाना क्षेत्र में एक पुलिसकर्मी की कथित गुंडागर्दी और अमर्यादित व्यवहार का मामला सामने आया है। जहां डायल 112 वाहन में तैनात एक आरक्षक पर शराब के नशे में एक युवक की बेरहमी से पिटाई करने का गंभीर आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, बरेला थाने में पदस्थ आरक्षक पतिराम मरकाम डायल 112 वाहन लेकर ग्राम सलैया पड़वार पहुँचा था। चश्मदीदों का आरोप है कि



आरक्षक अत्यधिक नशे की हालत में था और सड़क पर आने-जाने वालों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहा था। इसी बीच गाँव के युवक अमित के साथ उसकी किसी बात पर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि आरक्षक ने अपनी वर्दी का रौब दिखाते हुए युवक के साथ सरेराह मारपीट शुरू कर दी।

### ग्रामीणों ने बनाया वीडियो

घटना के दौरान वहाँ मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन आरक्षक का आक्रामक रवैया शांत नहीं हुआ। ग्रामीणों ने इस पूरी घटना का वीडियो मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में आरक्षक की हरकतें स्पष्ट नजर आ रही हैं, जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है।

वीडियो सामने आने और ग्रामीणों द्वारा कड़ी कार्रवाई की मांग के बाद जिला पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और शिकायतों कीजांच की जा रही है। यदि आरक्षक दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक और विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## धर्म, अध्यात्म के विद्वान रहे डॉ चतुर्वेदी: सांसद दुबे

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

धर्म, अध्यात्म, वेद के विद्वान रहे डॉक्टर चतुर्वेदी, संस्कारधानी में आचार्य चतुर्वेदी महोत्सव होना चाहिए। उक्त वक्तव्य महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अपने उद्बोधन में रखे। अवसर था देश के प्रतिष्ठित देश के प्रतिष्ठित विद्वान, आध्यात्म के ज्ञाता, धर्माचार्य, शिक्षाविद् स्मृति शेष आचार्य कृष्णकांत चतुर्वेदी चौक के लोकार्पण समारोह का जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, एवं अध्यक्ष आशीष दुबे सांसद रहे। अतिथियों ने कहा डॉ कृष्णकांत चतुर्वेदी संस्कृत के गौरव के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। आयोजन में विशिष्ट अतिथि रिंकुज विज, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा रहे। पार्षद रजनी कोरी, डॉ विजय कुमार तिवारी,डॉ कृष्णकांत चतुर्वेदी चौराहे




लोकार्पण समारोह में मंगल भाव श्री रामलीला समिति गढ़ा के संयोजक अशोक मनोध्याय एवं विवेकानंद वार्ड की पार्षद सोनिया रंजीत सिंह ने व्यक्त किए। समारोह का शुभारंभ डॉ रानू रूही द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। डॉ चंद्रा चतुर्वेदी ने कहा कि, इस चौराहे की परिकल्पना सर्वप्रथम प्रसंग के संस्थापक इंजीनियर विनोद नयन ने डॉ कृष्णकांत चतुर्वेदी के स्मृति दिवस पर रखी थी और इस दुर्लभ कार्य के लिए सभी साहित्यकारों के साथ आपस में विचार विमर्श कर शासन के सहयोग से पूर्ण कराया। परिवार से इंजी श्याम बहादुर चतुर्वेदी, अभिजित चतुर्वेदी, विवेक चतुर्वेदी, दिव्या शर्मा ने सभी का स्वागत किया। डॉ मकबूल अली कादरी, डॉ रानू रूही, बसंत शर्मा, डॉ विनीता पाण्डेय विनीत, डॉ विनोद बाजपेई,का विशेष सहयोग रहा। इस गआयोजन में श्याम बिहारी चतुर्वेदी, अपर्णा अभय तिवारी राजेश सपना चौबे, दिव्या शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सूने घर से गैस सिलेण्डर और मोटर पम्प चोरी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गोराबाजार थानातंर्गत दुर्गा कालोनी के एक सूने घर से दिनदहाड़े गैस सिलेण्डर व पानी की मशीन चुराने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा। दरअसल पूरी वारदात पड़ोस में लगे एक घर के सीसीटीव्ही कैमरें में कैद हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा और चुराया हुआ माल बरामद कर लिया।

पुलिस ने बताया कि दुर्गा कालोनी निवासी 40 वर्षीय सुशील रजक ड्राईवरी करता है। 30 अप्रैल को वह अपने घर में ताला लगाकर दोस्त के साथ कहीं चला गया था। इसके बाद शाम चार बजे वापस आया तो देखा कि किचिन में रखे दो गैस सिलेण्डर व एक पानी की मशीन गायब थी। जिसके बाद सुशील ने घर के पीछे रहने वाले गप्पू राजपूत के घर पर लगे सीसीटीव्ही फुटेज चैक किये जिसमें चिराग राजपूत अपने साथियों के साथ बाउंड्री कूदकर घर में घुसकर सिलेण्डर व पानी की मशीन चुराकर ले जाते हुए दिखे। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लेते हुए चिराग राजपूत को हिरासत में लिया। जिसने अपने साथी सतीश अहिरवार व अंश चौधरी के साथ मिलकर उक्त वारदात करना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चुराए हुए दो गैस सिलेण्डर व पानी की मशीन जब्त करते हुए आरोपी चिराज राजपूत उम्र 25 वर्ष एवं अंश चौधरी उम्र 21 वर्ष तथा सतीष अहिरवार उम्र 31 वर्ष निवासी निवासी महाराणा प्रताप चौक सरकारी कुआ के पास घमापुर को प्रकरण में विधिवित गिरफ्तार करन्यायालय के समक्ष पेश किया।

# हितकारिणी डेंटल की टीम ने दर्जनों लोगों की निःशुल्क जांच कर किया जागरूक

### 40 से अधिक स्टाफ मेंबर्स ने दी शिविर में सहभागिता

### स्वच्छता उत्पादों का किया निःशुल्क वितरण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल की टीम द्वारा शनिवार को स्टार ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड ग्रुप द्वारा आयोजित किए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर में सक्रिय सहभागिता कर दर्जनों लोगों का निःशुल्क दंत परीक्षण किया। इस शिविर में सदस्यीय दंत चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम द्वारा लगभग 40 से अधिक स्टाफ मेंबर्स की निःशुल्क दंत परीक्षण एवं उपचार किया गया। जिसमें दंत क्षय, मसूड़ों की बीमारियों, दांतों में दर्द, मुख संक्रमण एवं अन्य मौखिक रोगों की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी सुझाव प्रदान किए गए। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की डॉ. अंकिता सिंह, डॉ. आशा कुमारी सहित अन्य दंत चिकित्सकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



***बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव***– हितकारिणी डेंटल कॉलेज की ओर से मौखिक स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टूथपेस्ट एवं माउथवॉश जैसे दंत स्वच्छता उत्पादों का भी निःशुल्क वितरण किया गया, जिससे लोगों को अपने दांत एवं मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। साथ ही विश्व तंबाकू निषेध दिवस के माह के अवसर पर तंबाकू के दुष्प्रभावों एवं उससे बचाव संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजक समिति द्वारा हितकारिणी डेंटल कॉलेज की टीम को उनके सराहनीय योगदान हेतु धन्यवाद प्रधान किया गया।

## मरीज के परिजन से मोबाइल लूट ले गये लुटेरे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा थानातंर्गत मेडिकल कालेज में उपचारार्थ परिजनों के लिये चाय लेकर जा रहे सतना निवासी युवक के हाथ से झपट्टा मारकर स्कूटी सवार तीन बदमाश मोबाईल ले उड़े। वारदात मेडिकल अस्पताल की नई बिल्डिंग के समीप घटित हुई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**